धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

10.11.2023

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

शुभ धनतेरस

* नगर संस्करण । पेज : 12 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वादशी/ त्रयोदशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 119 | khabarmantra.net






## खबर एक नजर में

### पूजा सिंघल की याचिका पर सुनवाई दिवाली बाद

रांची। खूंटी में मनरेगा घोटाला मामले में जेल में बंद आईएएस पूजा सिंघल की ओर से डिस्चार्ज पिटिशन खारिज किए जाने एवं ईडी कोर्ट द्वारा किए गए आरोप गठन के खिलाफ दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई दीपावली पर्व के 1 सप्ताह के बाद निर्धारित की है। बता दें कि इस मामले में पूजा सिंघल समेत सात के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। पूजा सिंघल के अलावा उनके पति अभिषेक झा, सीए सुमन सिंह, खूंटी जिला परिषद के तत्कालीन कनीय अभियंता राम विनोद सिन्हा, तत्कालीन सहायक अभियंता राजेंद्र जैन, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता जय किशोर चौधरी, खूंटी विशेष प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश शामिल हैं।

### उषा मार्टिन के जीएम को मिली अग्रिम जमानत

रांची। मनी लांड्रिंग से जुड़े एक मामले में आरोपी उषा मार्टिन के जीएम प्रमोद कुमार फतेपुरिया की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने प्रमोद कुमार को अग्रिम जमानत प्रदान की है। पूर्व में कोर्ट ने उषा मार्टिन के जीएम प्रमोद कुमार फतेपुरिया के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई थी। दरअसल, उषा मार्टिन को आयरन अयस्क का एक्सपोर्ट करने की अनुमति नहीं थी। इसके बाद भी उषा मार्टिन की ओर से आयरन अयस्क को एक्सपोर्ट किया गया। जिसके बाद ईडी ने मामले में केस दर्ज किया।

### वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता की अग्रिम जमानत याचिका पर अगली 3 सप्ताह बाद सुनवाई

रांची। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी एवं पिता गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। राजकुमारी देवी के मामले में ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांगा। कोर्ट ने 3 सप्ताह का समय दिया। वहीं प्रार्थी के आग्रह पर कोर्ट ने राजकुमारी देवी की अग्रिम जमानत याचिका के साथ गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका को संलग्न कर दोनों मामलों की सुनवाई 3 सप्ताह बाद निर्धारित की है।

### हाईकोर्ट ने दी सरेंडर करने की शर्त पर बेल

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत की सुविधा का दुरुपयोग करने वाले अभियुक्त प्रदीप कुमार सिंह को ट्रायल कोर्ट में सरेंडर करने की शर्त पर जमानत की सुविधा प्रदान की है। दरअसल प्रदीप कुमार सिंह लोको पायलट है। वर्ष 1992 में उनपर दहेज हत्या का आरोप लगा था। इस संबंध में राजमहल के तालझारी पुलिस स्टेशन में प्रदीप कुमार के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज हुई थी। जिसके बाद प्रदीप ने पटना हाईकोर्ट से अग्रिम बेल ली थी। निचली अदालत ने पुलिस की चार्जशीट के आधार पर ट्रायल शुरू कर दिया, लेकिन एक भी तारीख पर अभियुक्त न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए, जिसके बाद उसे फरार घोषित कर दिया गया। अभियुक्त रेलवे का कर्मचारी है। करीब 29 वर्षों तक फरार घोषित होने के बाद भी पुलिस उसे नहीं खोज पाई।

### विनोद कुमार गंझू को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

रांची। मनी लांड्रिंग मामले में आरोपी भोक्ता कंस्ट्रक्शन, चतरा के मालिक विनोद कुमार गंझू को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है। दरअसल हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने विनोद कुमार गंझू की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की गई थी। बता दें कि विनोद कुमार गंझू के चतरा स्थित आवास पर वर्ष 2016 में पुलिस की छापेमारी में करीब 91 लाख बरामद हुए थे। इस मामले में टंडवा थाने में मामला दर्ज किया गया था। बाद में इस मामले को एनआईए ने अपने हाथों में लेकर केस दर्ज किया था। इसके आधार पर ईडी ने भी विनोद कुमार गंझू के खिलाफ मनीलांड्रिंग का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया था। विनोद कुमार गंझू मगध ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के प्रेसिडेंट है। वह ट्रांसपोर्ट कंपनी भी चलाता है। उसपर नक्सली संगठनों के साथ संलिप्तता का भी आरोप है।


सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
गोन्दवाना प्लेस, कांके रोड, रांची-834031, झारखण्ड, इंडिया

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है"।



## कार्यालय, वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल

### संशोधित निलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के अन्तर्गत अंतिम रूप से अधिहरित राज्यसात वाहनों को जहाँ एवं जिस स्थिति में है, उसी स्थिति के आधार पर बिक्री हेतु मोहरबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 22.11.2023 को 11:30 बजे पूर्वाहन् तक प्रमंडलीय कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन 12:30 बजे अपराहन् में खोली जायेगी।

निलामी हेतु अधिहरित (Confiscated) सूचीबद्ध वाहनों के मालिक या संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि इस न्यायालय द्वारा पारित राज्यसात आदेश के विरुद्ध सुनवाई हेतु किसी न्यायालय/ अपीलीय न्यायालय में विचाराधीन हो या वाहन के निलामी से आपति हो तो सूचना प्रकाशन के दो दिनों के अन्दर अपना दावा स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य के साथ कार्यालय अवधि में प्रस्तुत करेंगे । यदि सूचना प्रकाशन के उपरान्त दो दिनों के अन्दर अधिहरित (Confiscated) वाहनों पर कोई दावा इस कार्यालय में प्राप्त नहीं होगा तो यह समझा जाएगा कि किन्हीं को अधिहरित (Confiscated) वाहन की निविदा द्वारा बिक्री करने पर कोई आपति नहीं है। निविदा द्वारा वाहन बिक्री किये जाने के पश्चात किसी भी वाहन पर प्रस्तुत दावा मान्य अथवा स्वीकार्य नहीं होगा।

निविदा फार्म एवं निविदा संबंधी नियम एवं शर्तों से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय सूचना पट या कार्यालय से कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते हैं ।

**वाहनों की सूची**

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार एवं निबंधन संख्या/ ईजन संख्या | वन वाद सं0 | राज्यसात सं0 | वाहन जहाँ रखा है |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | टाटा 407 चे0 सं0 3570101, 50818864, E497SP21/902.65370 | 462/2016 | 65/2016 | बरही प्रक्षेत्र |
| 2 | ट्रक 407 बिनानम्बर का | 694/2018 | 03/2019 | बरही प्रक्षेत्र |
| 3 | पिकअप भान संख्या JH 12C 2119 | 347/2018 | 47/2018 | बरही प्रक्षेत्र |
| 4 | टाटा 207 संख्या JH 02M 1699 | 103/2017 | 45/2017 | बरही प्रक्षेत्र |
| 5 | महिन्द्रा ट्रैक्टर इंजन संख्या M&M(TD)C05552888R1 चे0 संख्या 751046R5 डाला सहित | 18/2021 | 02/2021 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 6 | इन्डो फार्म ट्रैक्टर इंजन संख्या C324306264NT चे0 संख्या CNT3035006135 डाला सहित | 58/2021 | 04/2021 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 7 | बजाज मोटरसाईकल डिस्कवर संख्या JH 02R 3747 | 1479/2022 | 22/2022 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 8 | टाटा टरबो संख्या JH 01F 5299 | 367/2020 | 19/2020 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 9 | बोलेरो मैक्स पिकअप जूनियर 2WDMA1RZ2GAA81K53109GA81K26458 | 667/2020 | 24/2020 | प्रमंडलीय कार्यालय |
| 10 | पॉवर ट्रैक ट्रैक्टर 434 Engine No. T9920001008H Ch. No. T77010010 डाला सहित | 809/2020 | 31/2020 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 11 | पावर ट्रैक्टर ई0 सं0 E3069831 चे0 सं0 B30644568 डाला सहित | 273/2018 | 40/2018 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 12 | आयसर ट्रैक्टर इंजन संख्या 56828426231 | 87/2012 | 04/2012 | अम्बाटोला पुलिस पिकेट |
| 13 | मोटर साईकल इंजन संख्या HA10EA8HM47591 Ch. No. MBLHA10EE8AM30034 | 88/2017 | 44/2017 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 14 | मोटर साईकल संख्या JH 02F 7322 | 46/2009 | 04/2009 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 15 | आयसर ट्रैक्टर ई0 सं0 515029199077 चे0सं0 91501023123 डाला सहित | 76/2018 | 59/2018 | प्रमण्डलीय कार्यालय |
| 16 | टाटा 407 बिना नम्बर का | 501/2019 | 17/2019 | प्रमंडलीय कार्यालय |
| 17 | मारुति भान बिना नम्बर का | 426/2018 | 49/2018 | हजारीबाग प्रक्षेत्र |
| 18 | मारुति भान बिना नम्बर का | 1487/2019 | 41/2019 | हजारीबाग प्रक्षेत्र |
| 19 | महिन्द्रा शक्तिमान ट्रैक्टर ई0 सं0 930CD3946 डाला सहित | 97/2016 | 31/2016 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 20 | ट्रैक्टर ई0 नं0 C324403255NS डाला सहित | 43/2017 | 02/2017 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 21 | पावर ट्रैक ट्रैक्टर इं0 सं0 T77010010A29C03 डाला सहित | 26/2017 | 55/2017 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 22 | बजाज डिस्कभर मोटरसाईकिल सं0- JH-11F-1057 | 2175/2021 | 60/2021 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 23 | मारुती भैन- BR-23B-7284 | 18/2014 | 03/2014 | प्रमण्डलीय कार्यालय |
| 24 | महिन्द्रा मैक्सी निबंधन संख्या- JH-02S-9920 | 425/2013 | 58/2013 | चौपारण प्रक्षेत्र परिसर |
| 25 | हिरो हौण्डा सी0डी0 डीलक्स अनिबंधित | 12/2016 | 06/2016 | बरही प्रक्षेत्र परिसर |
| 26 | हिरो हौण्डा मोटरसाईकिल संख्या- BR-14D-6764 | 554/2015 | 03/2016 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 27 | बजाज मोटरसाईकिल निबंधन संख्या- JH-02E-0942 | 521/2013 | 66/2013 | बरही प्रक्षेत्र परिसर |

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR 311087 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24 (D)


## बाबूलाल मरांडी ने खूंटी में जनसभा स्थल पर की बैठक, कहा

# झारखंड के इतिहास में 15 नवंबर का दिन स्वर्णाक्षरों में होगा अंकित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को खूंटी में 15 नवंबर को प्रधानमंत्री की होने वाली जनसभा स्थल का निरीक्षण किया तथा तैयारियों की जानकारी ली। इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, योगेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

इस दौरान श्री मरांडी ने भाजपा जिला कार्यालय खूंटी में जिलाध्यक्ष एवम पार्टी के जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक की। तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर झारखंड के इतिहास में स्वर्णिम दिन है। ईश्वर ने 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जैसे महान विभूति को इस धरती पर भेजा। भाजपा की सरकार ने बिरसा मुंडा के त्याग और बलिदान को नमन करते हुए इसका गौरव बढ़ाया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने इस मिट्टी की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए अलग झारखंड राज्य का निर्माण 15 नवंबर भगवान बिरसा जयंती को किया। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजाति समाज के अमर बलिदानी भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस घोषित किया। राज्य की सीमाओं से ऊपर भगवान बिरसा मुंडा आज देश के सारे जनजाति समाज के गौरव हैं। उन्होंने कहा कि भारत के ऐसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है, जो भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 15 नवंबर को प्रधानमंत्री की ऐतिहासिक सभा खूंटी की धरती पर होगी।

## अमित कुमार अग्रवाल की बेल पर बहस जारी

# लैंड स्कैम: दिलीप घोष की जमानत पर हाइकोर्ट में फैसला सुरक्षित

**28 दिसंबर को अगली सुनवाई**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अमित कुमार अग्रवाल और दिलीप घोष की जमानत याचिका पर सुनवाई गुरुवार को हाईकोर्ट में हुई। मामले में दिलीप घोष की ओर से बहस पूरी हो गई, जिसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। वहीं अमित कुमार अग्रवाल की जमानत पर बहस जारी है, जिस पर अगली सुनवाई 28 दिसंबर को होगी। मामले के दोनों आरोपियों की ओर से बताया गया कि इस मामले में उनकी कोई भूमिका नहीं है, इसलिए जमानत प्रदान की जाए। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की।

दरअसल, ईडी कोर्ट ने इन दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की। बता दें कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है। ईडी ने ईसीआइआर 1/2023 दर्ज किया है।

### अमित महतो को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**रांची।** पूर्व विधायक अमित महतो को सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जमानत की सुविधा प्रदान की थी। वे गुरुवार को जेल से बाहर निकले। मालूम हो कि मंगलवार को आदेश की कॉपी संबंधित कोर्ट पहुंचा और बुधवार को 25-25 हजार रुपये के दो निजी मुचलके को भरा गया। वह सोनाहातू अंचल के तत्कालीन सीओ आलोक कुमार के साथ मारपीट मामले में सजायाफ्ता हैं। हाईकोर्ट ने निचली अदालत से मिली दो साल की सजा को एक साल में बदल दिया था। कोर्ट के आदेश पर 27 जून को सरेंडर किया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट में जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की थी।

## कंपनी के स्वीमिंग पूल में डूबने से हुई थी मौत

# मृत छात्र के परिजनों को 10 लाख मुआवजा दे बीएसएल : हाइकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बीएसएल को कंपनी के स्वीमिंग पूल में छात्र की मौत मामले में पीड़ित परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया है। दरअसल 2019 में बोकारो के एक निजी स्कूल के छात्र की बीएसएल के स्वीमिंग पुल में डूबकर मौत हो गयी थी।

घटना के बाद युवक के परिजनों ने यह आरोप लगाया था कि स्विमिंग पुल संचालित करने के लिए जरूरी मानकों का ध्यान नहीं रखा गया था और न ही स्वीमिंग पुल के पास लाइफ जैकेट रखा गया था। अगर जरूरी मानकों का ध्यान रखा गया होता तो उनके बेटे की मृत्यु नहीं होती लेकिन बीएसएल प्रबंधन ने अपनी गलती नहीं मानी। जिसके बाद मृतक के परिजनों ने पहले बोकारो में प्राथमिकी दर्ज करायी। इसके बाद छात्र के परिजनों ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की थी, लेकिन एकल पीठ ने इसे खारिज कर दिया था। जिसके बाद मृतक के पिता अरविंद कुमार सिन्हा ने एकल पीठ के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में एलपीए दाखिल की। जिसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की बेंच में सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष ने बहस की।

## झारखंड लोक सेवा आयोग ने हाईकोर्ट को दी जानकारी

# फूड सेफ्टी ऑफिसर के लिए विज्ञापन जारी, जल्द पूरी होगी नियुक्ति प्रक्रिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दूध में मिलावट सहित अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में जेपीएससी की ओर से बताया गया कि वर्ष 2023 में फूड सेफ्टी ऑफिसर के 56 पदों को भरने के लिए विज्ञापन निकाला गया है, इन पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया प्रोसेस में है। कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई फरवरी 2024 के तीसरे सप्ताह में निर्धारित की। मामले में एमिकस क्यूरी पीयूष पोद्दार पक्ष रखा। जेपीएससी की ओर से संजय पिपरवाल एवं प्रिंस कुमार ने पैरवी की। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा। पूर्व में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि फूड सेफ्टी ऑफिसर एवं अन्य के 56 रिक्त पदों के लिए जेपीएससी को अधियाचना भेजी गई है। मामले में एमिकस क्यूरी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के 24 जिलों में मात्र रांची के नामकुम में फूड लैब है, यह भी पूर्ण रूप से संचालित नहीं है। इसमें फूड टेस्टिंग कर्मी का पद भी रिक्त है। फूड सैंपल कलेक्शन के लिए दो मोबाइल यूनिट है लेकिन इसमें फूड टेस्टिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। राज्य के दूसरे जिलों से फूड सैंपल नामकुम लैब आते-आते फूड सैंपल खराब हो सकता है। महाधिवक्ता ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि जल्द ही फूड सेफ्टी ऑफिसर की नियुक्ति प्रक्रिया सहित अन्य कमियों को दूर कर लिया जाएगा। पूर्व की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया था कि राज्य में कई जिलों में फूड सेफ्टी अफसर नहीं हैं। सरकार की ओर से कहा गया कुछ सेफ्टी अफसरों की नियुक्ति हुई है और कुछ की नियुक्ति प्रक्रिया जेपीएससी के माध्यम से चल रही है।

# विधानसभा नियुक्ति घोटाला मामले में अगली सुनवाई 7 दिसंबर को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए दाखिल जनहित याचिका पर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने कोर्ट को बताया कि उन्हें जस्टिस एस जे मुखोपाध्याय कमिटी की रिपोर्ट मिल चुकी है। अब उस रिपोर्ट को विधानसभा के समक्ष पेश किया जायेगा। जिसके बाद अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 7 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है। बता दें कि झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग को लेकर शिव शंकर शर्मा ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा है कि वर्ष 2005 से 2007 के बीच विधानसभा में हुई नियुक्तियों में गड़बड़ी हुई है। मामले में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग ने जांच रिपोर्ट भी सौंपी थी पर कार्रवाई नहीं हुई।

# जल्द समाप्त करेंगे प्रतियोगी परीक्षाओं का आवेदन शुल्क : सीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के गठन के पूर्व जेपीएससी और जेएसएससी के द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए आवेदन शुल्क काफी ज्यादा होता था। जिसे हमारी सरकार ने कम करने का निर्णय लिया। अब प्रतियोगिता परीक्षाओं के आवेदन शुल्क को पूरी तरह माफ करने पर सरकार जल्द ही निर्णय लेगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप पढ़ाई पर पूरी तरह ध्यान रखें। आपको प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए सरकार की ओर से आर्थिक मदद की जा रही है। विदेश में भी पढ़ाई के लिए सरकार शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। उन्होंने कहा कि चाहे सरकारी क्षेत्र हो या निजी, नौजवानों को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कई विभागों में खाली हजारों पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं तो कई पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। आप इस सरकार पर विश्वास रखें। नियुक्तियों में किसी भी प्रकार की धांधली नहीं होने दी जायेगी।

**कल्याण विभाग के छात्रावासों का हो रहा जीर्णोद्धार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थी अब सुविधाओं से युक्त छात्रावास में रहेंगे। कल्याण विभाग के छात्रावासों के जीर्णोद्धार तेज गति से हो रहा है। सभी छात्रावासों में सरकार अनाज उपलब्ध कराएगी और यहां रसोईया और सिक्योरिटी गार्ड भी होंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड की जेलों में सबसे ज्यादा आदिवासी दलित और पिछड़े बंद हैं। ये कई वर्षों से सामान्य मामलों में जेल की सजा काट रहे हैं। इस दौरान आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष संजय माली, सुमति कुमारी और सुरबाली समेत सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्रायें मौजूद थीं।

## 27 से सीसीएल-डीवीसी का उत्पादन करेंगे ठप !

# विस्थापितों की समस्याओं को लेकर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी हुए मुखर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा है कि सीसीएल प्रबंधन के रवैये से विस्थापित अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। प्रबंधन द्वारा विस्थापितों के हित में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। विस्थापितों की मांगों को वर्षों से उठाया जा रहा है। विस्थापित उग्र हो रहे हैं। करीब दो से ढाई लाख परिवार के लोग विस्थापित हुए हैं। उन्होंने कहा कि समय रहते प्रबंधन तत्काल कोई कार्रवाई या फैसला नहीं लेता है तो 27 नवंबर से विस्थापितों द्वारा सीसीएल एरिया के सभी प्रकार के उत्पादन एवं कोल ट्रांसपोर्ट बाधित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डीवीसी के द्वारा भी विस्थापितों के मूलभूत समस्याओं का समाधान अब तक नहीं किया गया है। डीवीसी के विभिन्न परियोजनाओं में करीब 20 हजार परिवार के लोग विस्थापित हुए हैं। डीवीसी के विस्थापितों द्वारा इसी दिन डीवीसी के सभी प्रकार के उत्पादन एवं ट्रांसपोर्ट को ठप किया जा सकता है। इससे सरकार को भारी राजस्व की हानि होगी और अन्य सरकारी उपक्रमों पर भी इसका विपरीत असर पड़ेगा और इसकी जिम्मेवारी सीसीएल व डीवीसी प्रबंधन की ही होगी।

# आदिवासी-दलित को प्रताड़ित करने वाले कितने आरोपी हुए दंडित: बाबूलाल मरांडी

**भारत बंद के दौरान छात्रों पर हुए मुकदमे को वापस लेने संबंधी सीएम के बयान को बताया सिर्फ दिखावा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री बतायें कि आदिवासी-दलित को प्रताड़ित करने वाले कितने दोषी दंडित हुये। उन्होंने कहा कि मुकदमा वापस लेने के साथ उनके चार वर्ष के कार्यकाल में आदिवासियों और दलितों पर अत्याचार करने वालों पर कठोर कार्रवाई भी करनी चाहिये थी। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों से आदिवासी दलित समाज पर कहर बरसाने वाली सरकार और आदिवासी-दलित की जमीन को लूटने वाले सीएम आज मुकदमा वापस लेने की घोषणा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मुकदमा वापस लीजिए लेकिन आदिवासी दलित समाज को प्रताड़ित करने वालों पर कठोर कारवाई भी जरूर कीजिये।

उन्होंने पूछा कि आदिवासी दरोगा संध्या टोपनो को गो तस्करों के द्वारा ट्रक से कुचलकर मारने वाले पर क्या कारवाई हुई। पंकज मिश्रा पर रूपा तिर्की के परिजनों के द्वारा लगाये गये आरोप पर क्या कारवाई हुई। पहाड़िया बेटी को टुकड़ों में काटने वाले पर क्या कार्रवाई हुई। आदिवासी बेटी की दुष्कर्म कर हत्या कर पेड़ पर लटकाने वाले पर क्या कार्रवाई हुई।

उन्होंने कहा कि झामुमो की सरकार बनते ही चाईबासा में सात आदिवासियों की निर्मम हत्या हुई। अमर शहीद सिदो कान्हु के वंशज रामेश्वर मुर्मू की हत्या हुई। सुभाष मुंडा जैसे अनेक होनहार आदिवासी युवाओं की हत्या हुई। यह सरकार आदिवासी दलित को सुरक्षा देने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि इनता होने के बाद भी सरकार तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति में लिप्त है। इसी सरकार में सिमडेगा में दलित संजू प्रधान की मॉब लिंचिंग हुई। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार लाख दिखावा कर ले, इससे जनता इन्हें माफ करने वाली नहीं है।

# बीजेपी के रघुपाल सिंह कार्यकर्त्ताओं के साथ राजद में हुए शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** राजद नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के 34 वें जन्मदिन पर झारखंड राष्ट्रीय जनता दल ने अपने नेता को खास गिफ्ट दिया है। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में तेजस्वी यादव का जन्मदिन 34 पाउंड का केक काटकर मनाया गया। वहीं, पलामू के मनिका विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रहे रघुपाल सिंह और उनके 600 से ज्यादा कार्यकताओं को राजद की सदस्यता दिलाकर तेजस्वी यादव को जन्मदिन का तोहफा दिया गया।

भाजपा नेता रघुपाल सिंह मनिका विधानसभा क्षेत्र से 2019 में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में दूसरे स्थान पर रहे थे। तब महागठबंधन के उम्मीदवार कांग्रेस के रामचंद्र सिंह चेरो के हाथों उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा था। रघुपाल सिंह, खरवार जाति से आते हैं जिनके जाति की अच्छी खासी संख्या मणिका में है। रघुपाल सिंह के साथ बड़ी संख्या में मुखिया, प्रमुख और प्रमुख पति के राजद में शामिल होने से राजद में खासा उत्साह देखा गया।

**लालू प्रसाद की नीतियों से प्रभावित होकर राजद में हुआ शामिल : रघुपाल सिंह**

भारतीय जनता पार्टी के नेता रहे रघुपाल सिंह ने कहा कि वह छात्र जीवन से ही भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहे हैं, लेकिन जिस तरह से पार्टी चल रही है और केंद्र सरकार की वजह से देश में हालात बिगड़े हैं, ऐसे में दल में बने रहने का कोई मतलब नहीं रह गया है। अपने समर्थकों के दबाव और लालू प्रसाद की सबको साथ ले चलने की नीति से ही राज्य और देश तरक्की करेगा। इसलिए उन्होंने राजद के दामन थामा है। एक सवाल के जवाब में रघुपाल सिंह ने कहा कि टिकट देना, न देना यह हमारे नेता लालू प्रसाद तय करेंगे। उनका जो भी फैसला होगा उसे हम स्वीकार करेंगे।

### भाजपा को परास्त करना लक्ष्य : संजय सिंह

पलामू प्रमंडल के बड़े भाजपा नेता को तोड़ने में सफल होने के बाद झारखंड राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि चुनाव की तैयारी या इंडिया गठबंधन में राजद की तैयारी से ज्यादा अहम है भाजपा को केंद्र से उखाड़ फेंकना। उन्होंने कहा कि रघुपाल सिंह के राजद में आने से पार्टी मजबूत हुई है। वहीं मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि आने वाले दिनों में राजद राज्य में मजबूत राजनीतिक दल होगा और झारखंड की तरह केंद्र की सत्ता से भी भाजपा को बेदखल करने के लिए निर्णायक भूमिका अदा करेगा।


धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
10.11.2023
शुभ धनतेरस
नगर संस्करण । पेज : 12 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वादशी/ त्रयोदशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 119 | khabarmantra.net











धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

10.11.2023

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ




* नगर संस्करण । पेज : 12 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वादशी/ त्रयोदशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 119 | khabarmantra.net


## न्यूज डायरी

### न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को पांच विकेट से रौंदा

**बेंगलुरू।** वर्ल्ड कप के मैच में न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को पांच विकेट से रौंद डाला। श्रीलंका 46.4 ओवर में 171 रन बना सकी थी। जिसे न्यूजीलैंड ने 23.2 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड की टीम लगभग सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर चुकी है।

### संसद का शीतकालीन सत्र चार दिसंबर से

**नयी दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र चार से शुरू होकर 22 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी। जोशी का कहना है कि इस सत्र में 19 दिनों के दौरान 15 बैठकें होंगी।

### शोपियां के मुठभेड़ में टीआरएफ आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने द रेजिस्टेंस फ्रंट के एक स्थानीय आतंकवादी को मार गिराया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक मुठभेड़ शोपियां के कैथोहलान इलाके में घेराबंदी एवं तलाश अभियान के दौरान हुई। आतंकवादी की मौजूदगी की विशेष जानकारी पर कार्रवाई की गयी।

## बिहार में अब 75% आरक्षण

### विधानसभा में सर्वसम्मति से संशोधन बिल पास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** विधानसभा में गुरुवार को बिहार में आरक्षण कोटा बढ़ाने का बिल सर्वसम्मति से पास हो गया। अब पिछड़ी जातियों और ओबीसी को बिहार में 75 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा, हालांकि बिल को अभी विधान परिषद में पेश किया जाना है। वहां भी इसके पास होने की उम्मीद है क्योंकि दोनों पक्ष इसके पक्ष में है। सीएम नीतीश ने इस पर खुशी जताते हुए समर्थन देने के लिए सभी दलों का आभार जताया है।

**किसको कितना आरक्षण :** बिहार में अब आरक्षण का दायरा 50 से बढ़ाकर 65 फीसदी कर दिया गया है। वहीं आर्थिक रूप से कमजोर (इडब्लूएस) को 10 प्रतिशत आरक्षण को भी जोड़ दें तो अब बिहार में 75 फीसदी आरक्षण मिलेगा। अब ईबीसी 18% से बढ़कर 25% हो गया है। बीसी 12% से 18% हो गया है। एससी 16% से 20% हो गया है। वहीं एसटी के लिए आरक्षण 1% से बढ़कर 2% हो गया है।

**नीतीश ने गेंद पीएम के पाले में डाली :** सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के बावजूद नीतीश यह प्रस्ताव लेकर आये। वह भी इससे पूरी तरह वाकिफ हैं कि वह प्रदेश में 75% आरक्षण नहीं दे सकते। (शेष पेज 11 पर)

### सभी की सहमति से हुआ फैसला : नीतीश कुमार



सदन में आरक्षण विधेयक पर बोलते हुए सीएम नीतीश ने कहा कि सभी पार्टियों की सहमति से फैसला लिया गया है। हमलोग केंद्र के पास भी गये थे, पर मना कर दिया गया। तब हमलोग ने सभी के साथ बैठक किया और सोच कर निर्णय किया। अब राज्य में 75 % आरक्षण हो गया है। हम केंद्र से आग्रह करेंगे जातीय जनगणना करा दें। आरक्षण संशोधन बिल पास होने के बाद राजद मंत्री सर्वजीत ने लालू प्रसाद यादव को बधाई दी और कहा कि हम गर्व महसूस कर रहे हैं। यह लालू जी की देन है। वहीं जदयू मंत्री मदन सहनी ने कहा कि नीतीश कुमार नायक के रूप में उभरे हैं। नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि भाजपा पूरी तरह से इस बिल का समर्थन कर रही है।

### राज्य स्थापना दिवस समारोह की समीक्षा बैठक में बोले सीएम

## राज्य को विकसित बनाना लक्ष्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में राज्य स्थापना दिवस समारोह को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश कि एक विजन के अनुरूप सभी कार्यक्रम तय किये जायें। सीएम ने कहा कि झारखंड को विकसित राज्य बनाना सरकार का लक्ष्य है। 15 नवंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्थापना दिवस समारोह और आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण की शुरुआत को लेकर चल रही तैयारियों की सीएम ने समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी हों। इस दौरान अधिकारियों ने समारोह के मिनट टू मिनट से अवगत कराया।



**लांच होगी कई नीति और योजना :** स्थापना दिवस समारोह पर झारखंड निर्यात नीति, झारखंड एमएसएमइ नीति, झारखंड स्टार्टअप नीति और झारखंड आइटी डाटा और बीपीओ प्रमोशन नीति लॉन्च की जायेगी। अबुआ आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का भी शुभारंभ होगा। सीएम ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 15 नवंबर से 29 दिसंबर तक चलने वाले आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुभारंभ होगा। यह सरकार का एक अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। ऐसे में इस अभियान का तीसरा चरण सफलतापूर्वक आयोजित हो। लोगों को उनका अधिकार मिले यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी बनती है।

**फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष जोर :** सीएम ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अबुआ आवास योजना, अबुआ बीर दिशोम योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा कूप योजना, सीएम रोजगार सृजन योजना और सीएम पशुधन योजना समेत अन्य फ्लैगशिप योजनाओं का ज्यादा ग्रामीणों को लाभ दिया जाना चाहिए। इसके लिये मिले आवेदनों का निष्पादन हर हाल में हो। (शेष पेज 11 पर)

### कई योजनाओं की मिलेगी सौगात

राज्य स्थापना दिवस समारोह में कई महत्वपूर्ण योजनाओं की लॉन्चिंग होनी है। इसे लेकर सीएम ने विभागीय अधिकारियों से लॉन्च की जाने वाली योजनाओं और पॉलिसी की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस समारोह में जिन योजनाओं का उदघाटन- शिलान्यास होना है, उसकी पूरी तैयारी समय पूर्व पूरी कर ली जानी चाहिए। इस अवसर पर रोजगार मेला सह नियुक्ति पत्र वितरण, खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार राशि का वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभुक छात्राओं के बीच डीबीटी से राशि का हस्तांतरण और लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण किया जायेगा।

## फीकी रहेगी 55 लाख कार्डधारियों की दिवाली

### टेंडर के खेल में चीनी का वितरण फेल

सुधीर

**रांची।** राज्य के 55 लाख गरीब परिवारों की दिवाली इस बार फीकी रहेगी। उन्हें सरकार के स्तर पर दी जानेवाली चीनी नहीं मिलेगी। यूं कहें कि मार्च के बाद से ही राज्य के गरीबों को चीनी नहीं मिली है। 15 नवंबर के बाद दाल मिलनी की आस तो जगी, लेकिन दिवाली में चीनी की मिठास गायब हो गयी। ऐसे में राज्य के कार्डधारियों का कहना है कि चाय की चुस्की तो पिछले 9 महीने से गायब है। ऐसे में सरकार से दिवाली पर चीनी मिलने की उम्मीद थी, परंतु अब यह तय हो गया कि उन्हें इस दिवाली पर चीनी नहीं मिलेगी। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सरकार को उम्मीद थी कि दिवाली से पहले राज्य के 55 लाख कार्डधारियों के बीच चीनी उपलब्ध करा दी जायेगी। परंतु अब यह मुमकिन नहीं हो पा रहा है।

**टेंडर में किसी ने भाग नहीं लिया :** राज्य के गरीबों के बीच चीनी की अपूर्ति के लिए टेंडर निकाला गया था। इसमें किसी भी एजेंसी ने रुचि नहीं ली। नतीजा चीनी की आापूर्ति पर फिलहाल ग्रहण लग गया। मार्च महीने के बाद से अबतक चीनी का वितरण नहीं हो सका है। खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि सरकार समय पर चीनी देने की तैयारी में थी, लेकिन टेंडर प्रक्रिया में किसी के भाग नहीं लिये जाने की वजह से चीनी का वितरण अब संभव नहीं लगता है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




### जेल अधीक्षक से इडी टीम ने की लंबी पूछताछ

## सीसीटीवी फुटेज कैसे डिलीट हुआ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेल के भीतर इडी अधिकारियों के खिलाफ साजिश रचने के मामले को लेकर जांच तेज हो गयी है। गुरुवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के जेल अधीक्षक हामिद अख्तर से इडी अधिकारियों ने घंटों पूछताछ की। इडी ने पूछा जेल का सीसीटीवी फुटेज क्यों और कैसे डिलीट हुआ। इडी के समन के बाद अधीक्षक हामिद अख्तर गुरुवार की सुबह इडी दफ्तर पहुंचे।

इडी ने जेल में जेल में बंद प्रेम प्रकाश जैसे कैदियों को फोन उपलब्ध करवाने, गवाहों को जेल से धमकी दिये जाने के मामले में जेल अधीक्षक, बड़ा बाबू और जेलर को तलब किया था। जेलर और बड़ा बाबू से इडी पहले ही पूछताछ कर चुकी है। अधीक्षक हामिद अख्तर को गुरुवार को इडी के दफ्तर तलब किया गया था। हामिद अख्तर तय समय पर इडी दफ्तर पहुंचे। उनसे सीसीटीवी फुटेज डिलिट किये जाने के विषय में भी पूछताछ की गयी। जेलर नसीम खान और बड़ा बाबू दानिश ने इडी को यह बताया था कि बड़े अधिकारियों के निर्देश पर ही उन्होंने फोन उपलब्ध करवाया था। जेल अधीक्षक से पूछताछ पूरी होके बाद एजेंसी अब जेल के तीनों अफसरों के बयानों का मिलान करेंगे। जेलर ने हथियार के लाइसेंस लेने की बात स्वीकार की थी। दानिश पर कैदियों को अपने फोन पर गवाहों से बातचीत का भी आरोप लगा है।

### आइएसआइएस आतंकी को भेजा गया जेल

**रांची।** एटीएस के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट में गुरुवार को आईएसआईएस संगठन के आतंकी मोहम्मद नसीम को कड़ी सुरक्षा के बीच पेश किया गया। इसके बाद अदालत ने उसे 22 नवम्बर तक न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। उल्लेखनीय है कि आठ नवम्बर को आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े दो आतंकियों मोहम्मद नसीम और मो. आरिज हसनैन को एटीएस ने हजारीबाग और गोड्डा जिले से गिरफ्तार किया था। मोहम्मद नसीम हजारीबाग के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के महतो टोला का रहने वाला है। नसीम की गिरफ्तारी हजारीबाग से ही हुई थी। दूसरा आतंकी मो आरिज हसनैन गोड्डा का रहने वाला है।

## 25 हजार घूस लेते रातू सीओ गिरफ्तार

### एसीबी टीम ने रंगे हाथ प्रदीप कुमार को दबोचा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रांची के रातू सीओ प्रदीप कुमार सहित तीन लोगों को रिश्वत लेते-रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी टीम ने सीओ प्रदीप कुमार को एक व्यक्ति से जमीन के मामले में 25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया। रिश्वत मामले में रातू अंचलकर्मी सुनील कुमार और एक दलाल को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद सीओ प्रदीप कुमार के इंद्रपुरी रोड नंबर एक स्थित घर में छापेमारी भी की गयी।



**क्या है पूरा मामला :** जानकारी के अनुसार एसीबी को शिकायत मिली थी कि रातू सीओ अपने कर्मचारी और एक दलाल के माध्यम से एक जमीन के काम के लिए 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने कई बार बिना पैसे दिये अपने काम करवाने की कोशिश की, पर कर्मचारी और दलाल की वजह से उसका काम नहीं हो रहा था। (शेष पेज 11 पर)






## खत्म होगी मोइत्रा की सदस्यता!

**पैसा लेकर सवाल पूछने का मामला**

- एथिक्स कमेटी का फैसला महुआ मोइत्रा के खिलाफ
- टीम के छह सदस्यों ने की निष्कासन की सिफारिश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा की एथिक्स कमेटी के 6 सदस्यों ने रिश्वत लेकर प्रश्न पूछने संबंधी आरोपों के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को संसद के निचले सदन से निष्कासित करने की सिफारिश की है। 6 सांसदों ने मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने के पक्ष में वोट किया, जबकि 4 विपक्षी सांसदों ने कमेटी की रिपोर्ट के खिलाफ वोट किया है। भाजपा सांसद विनोद सोनकर की अध्यक्षता वाली कमेटी ने गुरुवार को समिति की 500 पन्नों वाली रिपोर्ट को स्वीकार किया। 15 सदस्यीय एथिक्स कमेटी में भाजपा के सात, कांग्रेस के तीन और बसपा, शिवसेना, वाइएसआर कांग्रेस, माकपा और जदयू के एक सदस्य हैं। टीएमसी सांसद महुआ को सदन से निकालने के समर्थन में वोट करने वालों में कांग्रेस सांसद परणीत कौर भी शामिल हैं। परणीत कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी हैं। इस बीच पैनल के सदस्य और जदयू सांसद गिरिधारी यादव ने कहा कि सदस्यों के बीच रिपोर्ट पर कोई चर्चा नहीं हुई। यह नियमों का घोर उल्लंघन है। अब यह रिपोर्ट आगे की कार्रवाई के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेजी जायेगी। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर रिश्वत के बदले कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के इशारे पर अडानी समूह को निशाना बनाने के लिए लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। जिसे मोइत्रा ने खारिज किया था।

### आदिवासी-मूलवासी संगठनों ने सीएम का जताया आभार

## झारखंडी हमेशा से ही स्वाभिमानी हैं : हेमंत

**एसटी-एससी छात्रों पर से केस हटाने का मामला**

- पूरे सम्मान के साथ दे रहे अधिकार
- सभी को यहां के लोगों संग रहना सीखना होगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि जब से उनकी सरकार बनी है, यहां के आदिवासियों मूलवासियों दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को पूरे मान-सम्मान के साथ उनका हक व अधिकार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में कुछ ऐसे तत्व सक्रिय हैं, जो आदिवासियों मूलवासियों को भ्रमित कर रहे हैं। सरकार की कार्यशैली को भी प्रभावित करने का प्रयास जारी है। ऐसे गिरोह से हमें अलर्ट रहना है। सीएम गुरुवार को आदिवासी-मूलवासी संगठनों से जुड़े छात्रों को संबोधित कर रहे थे। हेमंत सरकार की ओर से 2 अप्रैल 2018 को भारत बंद के दौरान एसटी-एससी छात्रों पर हुए केस वापस लेने पर आदिवासी छात्र संघ, संगठन और छात्रों ने सीएम हाउस उनका आभार जताने पहुंचे थे। (शेष पेज 11 पर)




खबर मन्त्र
रांची. शुक्रवार .10 नवंबर 2023



epaper.khabarmantra.net

# विनिवेश का सच

हम जिस विनिवेश या निजीकरण की शोर से परेशान है वह मात्र शोर ही है या उसमें कुछ विकास कर पाने का दम भी है। सच यह है कि सभी सरकारों का यह एक शोर है जिससे वे अपनी निजीकरण की पॉलिसी को मजबूत होते रहने का दावा करना चाहता है। धनतेरस के पर्व पर हमारी संपतियों को लेकर देश में एक सोच,नीति और राह हो। बैंक जिसे अपनी परिसंपत्ति मानते रहे हैं असल में वे इनकी देनदारियां हैं। मसलन, इन बैंकों की तमाम जगहों पर शाखाएं हैं जो आज के तकनीक-संचालित बैंकिंग दौर में गले का फंदा ही साबित होती हैं। उनके कर्मचारियों के मामले में भी यही बात लागू होती है। इन बैंकों के करीब 80 फीसदी कर्मचारियों की उस समय कोई जरूरत ही नहीं रह गई है जब कृत्रिम मेधा (एआई) पहले ही काम को अंजाम देने लगी है।


एक शब्द में कहें तो इनमें से अधिकांश बैंकों के पास पूंजी की भारी कमी है और उन पर ऋण का भारी बोझ है। उनके लिए इस स्थिति से आजाद हो पाना खासा मुश्किल होगा, लिहाजा उनकी ब्रिक्री के अलावा कोई चारा नहीं होगा। आरबीआई इस बात को अरसे से समझता रहा है और यही कारण है कि वर्ष 1994 के बाद गठित विभिन्न समितियों की तरफ से इनकी बिक्री के बारे में दी गई अनगिनत सलाहों को दरकिनार करते हुए उसने एक बैंक के दूसरे बैंक में विलय को ही वरीयता दी है। सच तो यह है कि बैंकों को बेचने के अलावा कोई और विकल्प कभी रहा ही नहीं है। कल्पना करें कि अब सेल जैसी कंपनियों को जो हर दिन तकनीकी के मामले में पिछड़ती जा रही है वहां और कुछ निजीकरण की संभावना शेष है क्या? आखिर निजीकरण की शर्तो को गंभीरता से समझने और उसके पालन होने की बिंदुओं पर गंभीर विमर्श की आवश्यकता है जिससे हमारी निष्ठा स्थापित हो।

# सबको आवास

मोदी सरकार का महत्त्वपूर्ण हस्तक्षेप अचल संपत्ति क्षेत्र में किया गया। सरकार शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 18,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि मुहैया कराएगी। इससे इस क्षेत्र में स्थिरता आएगी। सरकारी अनुमानों के मुताबिक इससे 78 लाख रोजगार तैयार होंगे। सरकार आयकर अधिनियम में संशोधन कर ऐसे मामलों में राहत प्रदान करेगी जहां लेनदेन सर्किल दर से नीचे हुआ हो। अंतर को 10 फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी किया जाएगा। यह बात अहम है क्योंकि आर्थिक मंदी के चलते अचल संपत्ति कीमतों में काफी कमी आ गई है। यह कमी स्थानीय सरकारों द्वारा तय सर्किल दर में परिलक्षित नहीं हुई। माना जाना चाहिए कि इससे देश में अनबिके मकानों की तादाद कम होगी। अन्य घोषणाओं के अनुसार सरकार राष्ट्रीय निवेश एवं बुनियादी ढांचा फंड में इक्विटी डालेगी। इससे फंड बढ़ाने और मध्यम अवधि में बुनियादी ढांचा योजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने में मदद मिलेगी। सरकार पीएम गरीब कल्याण रोजगार योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि मुहैया कराएगी। इसका इस्तेमाल महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत रोजगार देने में किया जाएगा। ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना इस वर्ष कारगर रही है और इसने देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान घरों को लौटे प्रवासी श्रमिकों को जरूरी सहायता मुहैया कराई। सरकार ने पहले इस योजना के आवंटन में 40,000 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की थी। वैसे सबको आवास जैसी योजना के बाद भी शहरों में बढ़ा स्लम यह संकेत दे रहा है कि गांवों से पलायन और शहरों में अनियमित प्रवास से गांव और शहरों दोनों की स्थिति खराब होती जा रही है। शहरों में जाम, प्रदूषण और गंदगी की समस्या आम होती जा रही है जिसका कोई सही निस्पादन नजर नहीं आ रहा है।

# गंगा की धारा एक सांस्कृतिक बोध है





-अरुण तिवारी

> गौरतलब है कि शासन ने ऐसा सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह याद दिलाने के बावजूद किया कि चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना, एक निमार्णाधीन परियोजना है और परिपत्र के मानक यहां भी लागू होते हैं। इतना ही नहीं, चारधाम परियोजना को शासन के मनचाहे तरीके से निर्मित कराने के लिए कमेटी अध्यक्ष हस्ताक्षरित रिपोर्ट पर गौर करने की बजाय, कुछ सदस्यों द्वारा अलग से रिपोर्ट पेश कराने का खेल खेला गया।

**नदियों** के अविरल-निर्मल पक्ष की अनदेखी करते हुए उनकी लहरों पर व्यावसायिक सवारी के लिए जलमार्ग प्राधिकरण। पत्थरों के अवैध चुगान व रेत के खनन के खेल में शामिल खुद शासन-प्रशासन के नुमाइंदे। गंगा की जमीन पर पटना की राजेन्द्र नगर परियोजना। लखनऊ में गोमती के सीने पर निर्माण। दिल्ली में यमुना की जमीन पर विद्युत संयंत्र, अक्षरधाम, बस अड्डा, मेट्रो अड्डा, रिहायशी-व्यावसायिक इमारतें आदि आदि। प्रकृति विरुद्ध ऐसे कृत्यों के दुष्परिणाम हम समय-समय पर भुगतते रहते हैं; बावजूद इसके शासन-प्रशासन द्वारा खुद अपने तथा समय-समय पर अदालतों द्वारा तय मानकों, कानूनों, आदेशों व नियमों की धज्जियां उड़ाने के काम जारी हैं। इसकी ताजा बानगी दो खास सड़क परियोजनायें हैं: चारधाम और गंगा एक्सप्रेस-वे।

**चारधाम ऑल वेदर रोड : मानकों की अनदेखी**

बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री - उत्तराखण्ड चारधाम यात्रा के मुख्य तीर्थ यही हैं। ये चारों धाम क्रमशः अलकनंदा, मंदाकिनी, भगीरथी और यमुना के उद्गम क्षेत्र में स्थित हैं। चारों धामों को आपस में जोड़ने वाली सड़कों पर वाहनों की गति तेज करने के लिए चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना नियोजित की गई है। परियोजना के नियोजक, परियोजना की सड़कों को 12 मीटर चौड़ा करने की जिद्द पर अड़ें हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित रवि चोपड़ा की अध्यक्षता वाली हाईपावर कमेटी ने चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना की सड़कों की चौड़ाई को 5.5 मीटर तक सीमित करने की सिफारिश की है। इस सिफारिश का आधार, केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा 23 मार्च, 2018 को जारी एक परिपत्र है। जबकि केन्द्र सरकार ने अपने ही परिपत्र को यह कहते हुए नकार दिया है कि परिपत्र भविष्य की परियोजनाओं पर लागू होता है, चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना पर नहीं।

**हिमालयी हितों पर भारी निजी हित**

पूछने लायक सवाल है कि यदि परिपत्र में दिए मानकों का मंतव्य पर्यावरणीय क्षति को न्यून करना है तो फिर उन्हे लागू करने के लिए वर्तमान और भविष्य में भेद करने का औचित्य ? ऐसे में सत्तारुढ़ दल पर किसी खास के हितों के लिए पर्यावरणीय हितों की अनदेखी का आरोप लगे तो क्या गलत है ?

गौरतलब है कि शासन ने ऐसा सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह याद दिलाने के बावजूद किया कि चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना, एक निमार्णाधीन परियोजना है और परिपत्र के मानक यहां भी लागू होते हैं। इतना ही नहीं, चारधाम परियोजना को शासन के मनचाहे तरीके से निर्मित कराने के लिए कमेटी अध्यक्ष हस्ताक्षरित रिपोर्ट पर गौर करने की बजाय, कुछ सदस्यों द्वारा अलग से रिपोर्ट पेश कराने का खेल खेला गया।....और अब शासन, संवैधानिक कायदों की धज्जियां उड़ाते हुए हाईपावर कमेटी के संचालन में लगातार अनैतिक हस्तक्षेप कर रहा है। उत्तराखण्ड शासन भी पर्यावरण संबंधी मानकों व वैज्ञानिक आधारों की बजाय, बहुमत-अल्पमत आधारित राय का राग अलाप रहा है, मामला विचाराधीन होने के बावजूद निर्माण कार्य को जारी रखे हुए है। श्रीनगर गढ़वाल से मुनि की रेती तक के नदी तटीय क्षेत्रों पर कुछ प्रतिबंध संबंधी अधिसूचना जारी कर जरूर दी गई है, किंतु निमार्ता एजेन्सियां भी निर्माण के दौरान मलवे को नदी भूमि पर डंप करने से नहीं चूक रही। वन कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए दरख्तों को काटने से भी उन्हे कोई परहेज नहीं है। जल-विद्युत परियोजनाओं के निर्माण तथा संचालन के दौरान हिमालयी हितों की अनदेखी पहले से जारी है ही।

यह उत्तराखण्ड की सरकार ही है, जो अपने ही प्रदेश में जन्मी यमुना-गंगा को जीवित मानने वाले अपने ही प्रदेश के हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। क्या प्रकृति हितैषी कदमों को दलों के आने-जाने अथवा कारपोरेट स्वार्थों से प्रभावित होना चाहिए ? नहीं, किंतु भागीरथी घाटी को पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील घोषित करने वाली अधिसूचना के मूल मंतव्य की अनदेखी कर तैयार जोनल मास्टर प्लान इसी रवैये का प्रदर्शन है। राज्य के एकमात्र शिवालिक हाथी रिजर्व संबंधी लागू अधिसूचना को भी रद्द करने की तैयारी की खबरें भी अखबारों में है। क्या हम यह बर्दाश्त करें कि ये सभी न तो वर्ष उत्तराखण्ड आपदा-2012 के कारण हुए भयावह नुकसान के कारणों से कुछ सीखने को राजी हैं और न ही भूगर्भीय प्लेटों में बढ़ती टकराहटों से संभावित विध्वंसों की आहटों से तिस पर मजाक करता यह बयान कि शासन गंगा की अविरलता-निर्मलता सुनिश्चित करने के लिए संकल्पबद्ध है !!

दुःखद है कि गंगा का उपहास सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। गोमती किनारे लखनऊ के बाद, अब मथुरा में राया नगर बसाने के बहाने यमुना रिवरफ्रंट योजना को क्या कहें ? गोमुख की चाहे एक बूंद, प्रयागराज न पहुंचती हो, लेकिन राजनैतिक बयान गोमुख से प्रयागराज को सड़क मार्ग से जोड़ने के शासकीय इरादे पर अपनी पीठ ठोंक रहे हैं। इस इरादे को पूरा करने के लिए गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना को जमीन पर उतारने का काम शुरू हो गया है।

**पुनः प्रस्तुत गंगा एक्सप्रेस-वे**

गौर कीजिए कि गंगा एक्सप्रेस-वे का प्रस्ताव पहली बार वर्ष 2007 में अस्तित्व में आया था। तब इसका रूट नोएडा से बलिया तक 1047 किलोमीटर लंबा था। सर्वप्रथम इसे उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग द्वारा बाढ़ रोकने के उपाय के रूप में प्रस्तावित किया गया था। विरोध होने पर लोक निर्माण विभाग ने इसे सड़क के रूप में प्रस्तावित किया था। गंगा-यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण बाद में अस्तित्व में आया। कर्जदाता विश्व बैंक ने इसमें खास रुचि दिखाई। कालातंर में गंगा एक्सप्रेस-वे को गंगा के लिए नुकसानदेह मानते हुए उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा इसकी पर्यावरणीय मंजूरियों को रद्द कर दिया गया। इसके साथ ही इसका काम ठ्प्प पड़ गया।

अब योगी सरकार ने गंगा से 10 कि.मी. की दूरी पर निर्मित करने के बदलाव के साथ गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना को पुनः प्रस्तुत कर दिया है। मुआवजा राशि को भी पहले से कई गुना ज्यादा कर दिया गया है।

## खास बात

### धुटता दम

**देश** की आर्थिक राजधानी मुम्बई में भी वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की जा रही है लेकिन दिल्ली पिछले कई वर्षों से दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक बनी हुई है, जिसका सीधा-सा अर्थ है कि करीब 3.3 करोड़ लोगों में वायु प्रदूषण के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का गंभीर जोखिम बना हुआ है। लोगों की सांसों पर वायु प्रदूषण का खतरा इतना खतरनाक होता जा रहा है कि वैज्ञानिक अब दिल्ली में साल-दर-साल बढ़ते प्रदूषण के कारण बढ़ रहे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर दुष्प्रभावों को लेकर चिंता जताने लगे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता बहुत खराब रहेगी, जिसका कारण तापमान में कमी और पराली जलाने से होने वाला उत्सर्जन है। केंद्र सरकार के डिसीजन सपोर्ट सिस्टम फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (डीएसएस) ने पराली जलाए जाने की गतिविधियों में वृद्धि की आशंका जताई है, जिससे अगले कुछ दिनों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब होने की आशंका है। चिंता का विषय यह है कि हर साल दिल्ली सहित, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश इत्यादि राज्यों में इस सीजन में खेतों में बड़े स्तर पर पराली जलाई जाती है, जिसके चलते प्रदूषण का यही आलम देखने को मिलता है। यह बेहद चिंता की बात है कि किसानों से खेतों में पराली नहीं जलाए जाने के निरंतर अनुरोधों के बाद भी इस बार दशहरे के मौके पर तो जैसे किसानों में पराली फूंकने की होड़-सी लगी दिखी, वहीं करवा चौथ के मौके पर चांद के दीदार होते ही दिल्ली तथा पड़ोसी राज्यों में लोगों जमकर आतिशबाजी की, जिसने प्रदूषण की स्थिति को और विकराल बनाने में आग में घी का काम किया। विकास के नाम पर अनियोजित तथा अनियंत्रित निर्माण कार्यों के चलते बिगड़ते हालात, खेतों में जलती पराली, खतरों को जानते-समझते हुए भी की जाने वाली भारी आतिशबाजी तथा वाहनों और औद्योगिक इकाईयों के कारण अत्यधिक प्रदूषित हो रहे वातावरण के भयावह खतरों को हम इसी प्रकार साल-दर-साल झेलने को विवश हैं। हालांकि पर्यावरण तथा प्रदूषण नियंत्रण के मामले में देश में पहले से ही कई कानून लागू हैं।

# त्रिकुटी का रहस्य

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**श्री राम** सहित चारों भाइयों के शादी तय होने के बाद वशिष्ठ जी ने महाराज दशरथ से कहा कि कि अरे महाराज यही तो होना था इससे बढ़िया और कुछ हो ही नहीं सकता था। आप यथा शीध्र बारात की तैयारी कीजिए। बारात की तैयारी की गयी और बारात जनकपुर के लिये प्रस्थान कर गयी। वैदिक रीति के अनुसार राजा दशरथ के चारों पुत्रों की शादी हुई। शादी संपन्न होने के बाद महाराज दशरथ जी जनकपुर से विदा होकर महर्षि विश्वामित्र के साथ पुनः अयोध्या पहुंचे।

**प्रसंग का अध्यात्म**

धनुष भंग के प्रसंग को अध्यात्म में इस तरह समझा जाता है। यह जीव जब त्रिकुटी पर जाएगा तक उसको सीता के क्षेत्र में जाने का मौका मिलेगा। जनकपुर में रहने वाली सीता से भेंट त्रिकुटी के उपर ही होती है।

जहां सत रज और तक तीनों गुणों का समावेश हो जाता है उसका नाम त्रिकुटी है। तीनों गुण कुटा कर जिस स्थान पर एक हो जाए उसका नाम त्रिकुटी है। वहां से सीता का क्षेत्र शुरु होता है। उस क्षेत्र में बिना गये भवसागर का धनुष टूटेगा नहीं। इसमें परा और अपरा दोनों मिले हुए हैं ये अलग-अलग नहीं है। जब यह जीव त्रिकुटी मुकाम पर पहुंचता है तभी परा और अपरा अलग होता है और जड़ चेतन की ग्रंथि टूट जाती है।

श्री राम ने दो खंड में धनुष को तोड़ कर रख दिया इसका मतलब होता है कि वे परा और अपरा को अलग कर दिये।

(ब्रह्य विद्यालय सह आश्रम)

देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता आदरणीय श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। ईश्वर से प्रार्थना है कि आप सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहें।


**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

## आपके ट्वीट

हो दीवाली या छठ का त्यौहार
वोकल फॉर लोकल इस बार!
बार - बार!!

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





**जिनके** दिल में राष्ट्रहित सर्वोपरि है, जिनमें लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्धता है, ऐसे युवाओं से मेरा आह्वान है कि वो आगे आएं और बीजेपी के माध्यम से देश की सेवा में जुट जायें।

**-नरेन्द्र मोदी**

# देवताओं को अमृतपान कराकर अमर किया था धन्वंतरि ने

## पर्व

**योगेश कुमार गोयल**

**धनतेरस** का इतिहास बहुत पुराना माना जाता है। यह त्योहार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाया जाता है तथा इस दिन आरोग्य के देवता भगवान धन्वन्तरि एवं धन व समृद्धि की देवी लक्ष्मी का पूजन किया जाता है। धन्वंतरि को आयुर्वेद का देवता और देवताओं का चिकित्सक माना गया है, इसलिए धनतेरस चिकित्सकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। मान्यता है कि समुद्र मंथन के समय इसी दिन धन्वंतरि आयुर्वेद और अमृत लेकर प्रकट हुए थे।

कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन देवताओं और असुरों द्वारा मिलकर किए जा रहे समुद्र मंथन के दौरान समुद्र से निकले नवरत्नों में से एक धन्वंतरि ऋषि भी थे, जो जनकल्याण की भावना से अमृत कलश सहित अवतरित हुए थे। धन्वंतरि ऋषि ने समुद्र से निकलकर देवताओं को अमृतपान कराया और उन्हें अमर कर दिया। यही वजह है कि धन्वंतरि को आरोग्य का देवता माना जाता है और आरोग्य तथा दीघार्यु प्राप्त करने के लिए ही लोग इस दिन उनकी पूजा करते हैं।

इस दिन मृत्यु के देवता यमराज के पूजन का भी विधान है और उनके लिए भी एक दीपक जलाया जाता है, जो यम दीपक कहलाता है। धार्मिक ग्रंथों में यमराज के पूजन के संबंध में एक कथा प्रचलित है। एक बार यमराज ने अपने दूतों से प्रश्न किया कि क्या प्राणियों के प्राण हरते समय तुम्हें कभी किसी प्राणी पर दया भी आई? यह प्रश्न सुनकर सभी यमदूतों ने कहा, महाराज, हम सब तो आपके सेवक हैं और आपकी आज्ञा का पालन करना ही हमारा धर्म है। अतः दया और मोह-माया से हमारा कुछ लेना-देना नहीं है। यमराज ने उनसे जब निर्भय होकर सच-सच बताने को कहा, तब यमदूतों ने बताया कि उनके साथ एक बार वास्तव में ऐसी एक घटना घट चुकी है। यमराज ने विस्तार से उस घटना के बारे में बताने को कहा तो यमदूतों ने बताया कि एक दिन हंस नाम का एक राजा शिकार के लिए निकला और घने जंगलों में अपने साथियों से बिछुड़ कर दूसरे राज्य की सीमा में पहुंच गया। उस राज्य के राजा हेमा ने राजा हंस का राजकीय सत्कार किया और उसी दिन हेमा की पत्नी ने एक अति सुन्दर पुत्र को जन्म दिया लेकिन ज्योतिषियों ने भविष्यवाणी की कि विवाह के मात्र चार दिन बाद ही इस बालक की मृत्यु हो जाएगी। यह दुःखद रहस्य जानकर हेमा ने अपने नवजात पुत्र को यमुना के तट पर एक गुफा में भिजवा दिया और वहीं पर उसके लालन-पालन की शाही व्यवस्था कर दी गई और बालक पर किसी युवती की छाया भी नहीं पड़ने दी लेकिन विधि का विधान तो अडिग था। एक दिन राजा हंस की पुत्री घूमते-घूमते यमुना तट पर निकल आई और राजकुमार की उस पर नजर पड़ गई। उसे देखते ही राजकुमार उस पर मोहित हो गया। राजकुमारी की भी यही दशा थी। अतः दोनों ने उसी समय गंधर्व विवाह कर लिया लेकिन विधि के विधान के अनुसार 4 दिन बाद राजकुमार की मृत्यु हो गई। यमदूतों ने यमराज को बताया कि उन्होंने ऐसी सुन्दर जोड़ी अपने जीवन में इससे पहले कभी नहीं देखी थी। घटना का पूर्ण वृतांत सुनने के बाद यमराज ने यमदूतों से कहा कि कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी के दिन धन्वंतरि ऋषि का पूजन करने तथा यमराज के लिए दीप दान करने से इस प्रकार की अकाल मृत्यु से बचा जा सकता है। इस दिन धन्वंतरि ऋषि और यमराज का पूजन किए जाने की प्रथा आरंभ हुई। धनतेरस के दिन घर के टूटे-फूटे बर्तनों के बदले तांबे, पीतल अथवा चांदी के नए बर्तन तथा आभूषण खरीदना शुभ माना जाता है।

## कॉर्टून वर्ल्ड

फर्जी सोशल मीडिया आइडी



## लेटर टू एडिटर

### सबका हो विश्वास

**सबका** साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सरकार का मंत्र होना चाहिए। सरकार अपने नागरिकों को सबल बनाने के लिए गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अशिक्षा को मिटाने के लिए हरसंभव प्रयास करे। बिहार ही नहीं, देश के सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को मुफ्त में वैक्सीन उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए। **–रोहित शर्मा, रांची**

### मिलावट और त्योहार

**त्योहारों** के मौसम में खाद्य पदार्थों में मिलावट का कारोबार, खासतौर पर मिठाइयों में, ज्यादा जोर पकड़ता है। इसके लिए आम लोगों को जागरूक होना चाहिए। खाद्य पदार्थों में मिलावट के मुख्य कारण एक तो आमजन सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण के कानून के प्रति जागरूक नहीं है। दूसरा सरकार और प्रशासन मिलावट रोकने के लिए गंभीरता नहीं दिखाता। **–शिवकुमार, गढ़वा**

# देश की वायु सेना का लगातार बढ़ता पराक्रम

## आर्थिक

**डॉ. एल. एस. यादव**

**भारतीय** वायु सेना के बीते 89 वर्षों के इतिहास में ऐसे कई अवसर आए जब भारतीय वायु सेना के जांबाजों ने शत्रु के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। वर्तमान में भारतीय वायु सेना के पास 33 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान हैं, जबकि चुनौतियों के हिसाब से भारत के पास लगभग 45 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए। अब राफेल विमानों के आ जाने से वायु सेना अत्यन्त मजबूत हो गई है। राजस्थान राज्य के बाड़मेर में नेशनल हाईवे-925 ए पर बने इमरजेंसी लैंडिंग फील्ड (ईएलएफ) का उद्घाटन हुआ। इस हवाई पट्टी का उद्घाटन परिवहन विमान सी-130 जे हरक्यूलिस की आपातकालीन लैंडिंग अभ्यास से किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-925 ए पर भारतीय वायु सेना के विमानों के लिए बनाया गया पहला इमरजेंसी लैंडिंग फील्ड है। दोनों मंत्रियों ने इमरजेंसी लैंडिंग फील्ड पर कई विमानों के संचालन को देखा। उनके सामने सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान, सैन्य परिवहन विमान एएन-32 और एमआई-17 वी हेलीकॉप्टर ने इमरजेंसी लैंडिंग फील्ड पर आपातकालीन लैंडिंग की। यह इमरजेंसी लैंडिंग फील्ड तकरीबन तीन किलोमीटर लम्बी है। आपात स्थिति में इसका उपयोग भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों को उतारने व टेक आफ करने के लिए किया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग-925 ए के समानान्तर ही तीन किलोमीटर लम्बी एयर स्ट्रिप तैयार की गई है। जिसका उद्देश्य यह है कि यदि युद्ध के समय षत्रु हमारी एयर स्ट्रिप पर हमला करता है अथवा आक्रमण करके उसे नष्ट कर देता है तब उस दौरान इस इमरजेंसी लैंडिंग फील्ड का प्रयोग किया जा सकता है। विदित हो कि इस इमरजेंसी लैंडिंग फील्ड से पाकिस्तान की सीमा मात्र 40 किलोमीटर की दूरी पर है। ऐसे में इसका उपयोग युद्ध के समय विशेष रूप से किया जा सकेगा। अब यहां से बड़े-बड़े युद्ध अभियान संचालित किए जा सकेंगे। अभी तक हमारे पास पाकिस्तान की सीमा के नजदीक ऐसी कोई एयर स्ट्रिप नहीं थी। अब इसके हो जाने से हमारी आक्रामक क्षमता में काफी बढ़ोत्तरी हो जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने भारतीय वायु सेना के लिए किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में विमानों को उतारने के लिए एनएच-925 ए के सट्टा-गंधव खंड के तीन किलोमीटर के हिस्से पर इमरजेंसी लैंडिंग फील्ड का निर्माण किया गया है। यह सुविधा भारतमाला परियोजना के तहत बखासर और सट्टा-गंधव खंड के नव विकसित टू-लेन पेव्ड शोल्डर का हिस्सा है। पेव्ड शोल्डर उस भाग को कहा जाता है जो हाईवे के उस हिस्से के समीप हो जहां से वाहन नियमित रूप से गुजरते हों। इसकी कुल लम्बाई 196.97 किलोमीटर है। जिसकी कुल लागत 765.52 करोड़ रुपये आई है। इस आपातकालीन लैंडिंग पट्टी का निर्माण 43 करोड़ रुपये में किया गया है जिसमें पांच करोड़ रुपये भूमि अधिग्रहण के भी शामिल हैं। इसका निर्माण कार्य भारतीय वायु सेना और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की देखरेख में जीएचवी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पूरा किया गया है। इसका निर्माण कार्य जुलाई 2019 में प्रारम्भ किया गया था और जनवरी 2021 में पूरा कर लिया गया था। यह पश्चिमी सीमा पर स्थित होने के कारण भारतीय सेना को निगरानी कार्यों में मददगार सिद्ध होगी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## पागल कुत्ता काटने से पांच वर्षीय बच्चा घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र से सटे टंडवा प्रखंड के डहू ग्राम में गुरुवार देर शाम एक पागल कुत्ता के काटने से पांच वर्षीय बच्चा गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार श्रीयांस कुमार 5 वर्ष पिता संतोष कुमार डहू बड़गांव थाना टंडवा निवासी घर के बाहर खेल रहा था इसी दौरान एक पागल कुत्ते ने उसे काट लिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से घायल बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वही बच्चे की गम्भीर स्तिथि को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## खेत जा रहे किसान पर भालू ने हमला कर जख्मी कर दिया


घायल व्यक्ति।

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत वर्ष पंचायत ओरसा के जामडीहपाठ गांव निवासी कुंवर नगेसिया ( 35 ) पर जंगली भालू ने हमला कर घायल कर दिया, इस घटना की जानकरी पंचायत के मुखिया अमृता देवी होते ही मुखिया द्वारा घायल कुंवर नगेसिया को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाया गया, घायल की प्राथमिक उपचार डॉक्टर द्वारा की गई, इस संबंध में मुखिया ने बताया कि घायल सुबह गुदंली काटने खेत की ओर जा रहा था तभी अचानक झाड़ी की ओर से निकल एक भालू ने उसे पर हमला कर दिया, वह किसी तरह सम्भल जान बचा गांव की ओर दौड़ा आया, फिर उसे अस्पताल भेजा गया। वही भालू के हमले से कुंवर नगेसिया को गंभीर चोट नहीं आई, परंतु दोनों हाथ एवं पीठ पर गंभीर जख्म लगे है। भालू हमले की जानकारी वन विभाग को दी गई, परंतु वन विभाग का कोई भी कर्मी गुरुवार शाम तक अस्पताल नहीं में पहुंचा, न ही पीड़ित के परिवार से कोई मुलाकात की गई है।

## सदीक अंसारी हत्याकांड में संलिप्तता से जेएसजेएमएम सुप्रीमो अभय ने किया इंकार

**लातेहार।** बहुचर्चित चंदवा थाना के चौकीदार सदीक अंसारी हत्याकांड में झारखंड संघर्ष जनमुक्ति मोर्चा का हांथ होने से पार्टी के सुप्रीमो अभय जी ने इंकार किया है। 9 नवम्बर को संगठन के नाम लेटर पेड में हस्तलिखित बयान सुप्रीमो अभय जी के नाम से जारी किया गया है। जिसमे कहा गया है कि सदीक अंसारी हत्याकांड में संगठन का कोई हाथ नही है, कोई और व्यक्ति संगठन को बदनाम करने का प्रयास करेगा उसे संगठन नही बख्शेगी, बयान में प्रशासन से हत्यारों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गयी है।

## धनतेरस को लेकर दुकान सज-धजकर है तैयार

**लातेहार।** शहर में धनतेरस एवं दीपावली पर्व को लेकर बाजार सज कर तैयार हो गया है, आज धनतेरस के अवसर पर बाजारों में रंग-बिरंगी भगवान की मूर्तियों एवं बम पटाखे के साथ-साथ अन्य प्रकार के बल्ब से लेकर मिट्टी के दीये से बाजार पट गया है। रंग-बिरंगी झालरों से पूरा बाजार जगमग हो रहा है। दीपावली पर्व को लेकर मिठाई और पकवान की दुकानें भी सज चुकी हैं। वहीं धनतेरस पर्व को लेकर बर्तन की दुकान से लेकर बाजारों में झाड़ू की दुकान भी सज कर तैयार हो चुका है। ऐसी परंपरा है कि धनतेरस के अवसर पर झाड़ू की खरीदारी करने पर मां लक्ष्मी का आगमन घरों में होता है इसी परंपरा को निर्वाह करने के लिए सनातनी झाड़ू की खरीदारी करते हैं।

## एक यूनिट रक्तदान



रक्तदान करते मनीष केषरी।

**गढ़वा।** यंग जायंट्स अफ गढ़वा के प्रशासनिक निदेशक मनीष केशरी ने शुक्रवार को सदर अस्पताल गढ़वा में एक यूनिट ब्लड रक्तदान किया। मौके पर अयक्ष अंशित कुमार, उपायक्ष देव केशरी, कोषायक्ष राहुल केशरी, प्रिंस केशरी, अमोल सोनी आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने मरीज को इलाज के लिए दिया सहयोग


मरीज से मिलते बीडीओ।

**रंका।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के डाले गांव निवासी विलुप्त आदिम जाति जनजाति परिवार के अनूप कोरवा को बीडीओ देवानंद राम ने रिम्स में इलाज कराने के लिए पांच हजार रूपये प्रदान किया। मौके पर कल्याण पदाािकारी पंकज कुमार तिवारी, समाजसेवी बबलू तिवारी, सहिया संगीता देवी आदि लोग उपस्थित थे।

अगर कंपनी हमारी मांगों पर विचार नहीं करती है तो भूख हड़ताल, चक्का जाम सहित कई चरणबद्ध आंदोलन करेंगे : विस्थापित

# पीएनएम कंपनी के खिलाफ विस्थापितों ने दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता


धरना पर बैठे विस्थापित।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में ओबी एवं कोयला रेजिंग का कार्य कर रही पीएनएम कंपनी द्वारा स्थानीय विस्थापितो को काम से हटा दिए जाने के बाद विस्थापितो ने क्षेत्रीय कल्याण समिति सीसीएल के सदस्य गिरधारी यादव के नेतृत्व में तेतरियाखांड स्तिथ पिट ऑफिस में गुरुवार को धरना दिया। मौके पर जानकारी देते हुए गिरधारी यादव ने बताया की पीएनएम कंपनी द्वारा लातेहार एसडीओ एवं लातेहार विधायक की उपस्थिति में स्थानीय लोगो को काम पर रखने के लेकर पूर्व में समझौता हुआ था। लगभग तीन वर्षो से कंपनी द्वारा 25 से अधिक स्थानीय लोगो को ड्राइवर, सुपरवाइजर, गार्ड की नौकरी पर रखा गया था। लेकिन बीते 31 अक्टूबर से सभी स्थानीय लोगो को काम से हटा दिया गया और उनके जगह पर बाहरी लोगों को बहाल कर दिया गया। इसको इसको लेकर परियोजना पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई जिसमें कंपनी के मैनेजर शंभू प्रसाद सिन्हा उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कंपनी के मालिक विपिन मिश्रा की उपस्थिति में 8 नवंबर को अग्रिम फैसला होगा। जो दोनों पक्षों के मान्य होगा लेकिन जब समझौते पर हस्ताक्षर की बारी आई तो कंपनी के मैनेजर शंभू प्रसाद बैठक से उठकर चले गए। इसके बाद हम लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए कंपनी के खिलाफ धरना दिया है। अगर कंपनी हमारी मांगों पर विचार नहीं करती है तो हम लोग आगे भूख हड़ताल, चक्का जाम सहित कई चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। वही कंपनी में कार्यरत कर्मियों ने परियोजना पदाधिकारी को एक आवेदन देकर आरोप लगाया है कि मनोज यादव पिता कैलाश यादव ग्राम पिंडरकोम तथा प्रदीप यादव पिता वकील यादव ग्राम नगड़ा दोनों उग्रवादी संगठन के पृष्ठभूमि आते हैं और कोयले का लिफ्टिंग के नाम पर बहुत बड़े पैमाने पर कोल माफिया है। विस्थापित एवं स्थानीय होने के वजह से पूरे तेतरियाखांड हाईजैक हुए हैं। जो जांच का विषय है और पीएनएम कंपनी से इन लोगों का सांठ-गांठ है। वही इस सम्बंध में पूछे जाने पर प्रदीप यादव ने बताया कि हमलोग एक सामाजिक व्यक्ति है। कोयला का व्यवसाय करते है। लेकिन उनलोगो के द्वारा हमलोगों को बदनाम करने की नीयत से झूठा आरोप लगाया जा रहा है।

# भाजपा नेता ने हजारों समर्थकों के साथ थामा राजद का दामन

खबर मन्त्र संवाददाता


मौके पर मौजूद लोग।

**लातेहार।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता सह भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रघुपाल सिंह दिन बुधवार को अपने हजारों समर्थकों के साथ सैकड़ो गाड़ियों से रांची जाकर राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा आयोजित मिलन समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव के द्वारा इनको सदस्यता ग्रहण कराया गया। वहीं इस मिलन समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान महासचिव भोला यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुभाष यादव भी मौजूद रहे। वही सदस्यता ग्रहण के बाद वरिष्ठ राजद के कार्यकताओं ने रघुपाल सिंह को माला पहनाकर स्वागत किया। बता दें की रघुपाल सिंह मनिक विधानसभा के भाजपा के प्रत्याशी रहे चुके हैं आज इनके साथ कई भाजपा नेता और मनिका प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायत के मुखिया एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों ने राजद का सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर रघुपाल सिंह ने कहा कि भाजपा पार्टी को छोड़कर राजद में शामिल होना यह हमारे क्षेत्र की लोगों की मांग थी। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव के लिए पार्टी को और भी मजबूत बनाना हम सभी का कर्तव्य होगा। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, लोकप्रिय नेता सुभाष प्रसाद यादव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मनिका से राजद किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव, बली प्रसाद यादव, दामोदर यादव, प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक उरांव, युवा प्रखंड अध्यक्ष रूपेश यादव, सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार यादव, समेत हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ग्रीन फील्ड एकेडमी ने जरूरतमंदों के बीच किया वस्त्र का वितरण


वस्त्रदान करते एकेडेमी के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** ग्रीन फील्ड एकेडेमी विद्यालय चंदवा के द्वारा गुरुवार को जरूरतमंदों के बीच वस्त्र का वितरण किया गया। प्रखंड के गेरूआगढ़ा, पतरा टोली, डेम टोली चिकनियाटांड़ में जरूरत मंदों के बीच वस्त्र का वितरण किया गया। दिवाली के मौके पर दूसरों के होठों पर मुस्कान बिखेरने हेतु यह कार्य ग्रीनफील्ड एकेडमी के प्रबंधन द्वारा आयोजित था। इस अवसर पर आनंदी सोरेग ने कहा कि दूसरों को खुशी देना ही सच्चा धर्म है। वस्त्र पाकर बच्चे व महिलाएँ अत्यंत प्रसन्न हुई। इस कार्य में विद्यालय के चेयरमैन आनंदी सोरेग प्राचार्य उदय नारायण कपूर, शिक्षिका ज्योति कुमारी, निदेशक अरविंद कुमार सिंह, पीटर केरकेट्टा, ज्योति कुमारी तथा विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## बेतला पंचायत सचिवालय में जनता दरबार में पहुंचे बीडीओ राकेश सहाय


निरीक्षण करते बीडीओ।

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने बेतला पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया। इस दौरान पंचायत स्तरीय जनता दरबार एवं आवास दिवस के मौके पर पंचायत के मुखिया मंजू देवी एवं आवास मित्र उमेश कुमार से भी विस्तृत जानकारी लिए, इस दौरान बीडीओ राकेश सहाय ने प्रधानमंत्री आवास के लाभुक को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जो पैसा लेकर अभी तक आवास पूर्ण नहीं किए हैं। वह शीघ्र ही पूर्ण करें नहीं तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पंचायत सचिवालय में आधार सेंटर का भी निरीक्षण किया एवं आधार संचालक को कड़ी शब्दों में हिदायत दिया कि आधार कार्ड में उम्र में कोई छेड़छाड़ ना करें। अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। क्योंकि आधार कार्ड में छेड़छाड़ करवाकर पेंशन का लाभ फर्जी तरीके से लेने का प्रयास करते हैं।

मुआवजा नौकरी एवं अन्य सरकारी सहायता में मदद का दिया आश्वासन

## चौकीदार सदीक अंसारी के परिजनों से मिले पूर्व विधायक प्रकाश राम

▶▶ प्रकाश ने कहा कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो इसे लेकर पुलिस के वरीय अधिकारियों से करूंगा मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता


परिजनों से मुलाकात करते पूर्व विधायक प्रकाश राम।

**चंदवा।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रकाश राम गुरुवार की शाम चंदवा थाना के चौकीदार रहे सदीक अंसारी के तिलैयाताड़ स्थित घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बांधा। प्रकाश राम ने घटना की जानकारी लेते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हेतु लातेहार एसपी से दूरभाष पर वार्ता की। प्रकाश राम ने परिजनों को आश्वस्त कराया कि अनुकंपा नौकरी, मुआवजा एवं अन्य सरकारी सहायता के लिए वे परिजनों के साथ हमेशा खड़े हैं। सदीक अंसारी को मृदुभाषी बताते हुए कहा कि उनके निधन से चंदवा को एक बड़ा क्षति हुआ है। कई ग्रामीणों का थाना सम्बंधित कार्यों में मदद किया करते थे। मौके पर राजकुमार पाठक, हाफिज एहसान, दीपक निषाद, कृष्णा कुमार, रिक्की कुमार, डॉ शम्स राजा, शिवकेश्वर यादव, रोहित शाहदेव, अमीन मियां, मो०तौफीक, मो० सनाउल्लाह, मुन्ना समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# आरकेटीसी कंपनी के हट मिक्सिग प्लांट में लगी आग

खबर मन्त्र संवाददाता


प्लांट में लगी आग।

**मझिआंव।** प्रखंड मुख्यालय से महज दो किलोमीटर उत्तर दिशा में कॉलेज के बगल में स्थित सड़क निर्माण कंपनी (आरकेटीसी) के हट (डामर) मिक्सिग प्लांट में गुरुवार को अचानक आग लग गई। आग लगते ही मिक्सिग प्लांट का ऑपरेटर एवं चार मजदूर अपनी जान बचाकर भाग खड़े हुए। इसी दौरान कम्पनी के कर्मचारियों तथा मझिआंव थाना द्वारा गढ़वा दमकल विभाग को फोन किया गया। इसके बाद करीब दो बजे दमकल विभाग की गाड़ी आई और अपना काम शुरु की। तब तक पूरा मिक्सिग प्लांट जलकर राख हो चुका था। इस दौरान घटना के समय काम कर रहे मिक्सिग प्लांट के ऑपरेटर प्रेम साहू एवं मजदूर बरडीहा प्रखंड के सलगा गांव के विकास यादव, योगेन्द्र यादव, संतोष यादव एवं कांडी थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव निवासी विमलेश यादव आदि प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिजली के शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। इस संबंध में कंपनी के जीएम अशोक कुमार यादव ने कहा कि हट मिक्सिग प्लांट में शार्ट सर्किट से आग लग गया था। इसके बाद दमकल विभाग को दूरभाष पर इसकी सूचना दी गई है। इस आग से कंपनी को लगभग पचास लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना मिलने पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, राकेश कुमार सिन्हा एवं थाना के एसआइ रंजीत कुमार, एएसआई चंद्रशेखर आजाद पुलिस बल के साथ पहुंचे और जानकारी ली।

## महादलित मुसहर परिवार सरकारी लाभ से वंचित

**मझिआंव।** मझिआंव नगर पंचायत बने हुए 13 साल बीत जाने के बाद भी खजूरी गांव में वर्षों से लगभग एक सौ की संख्या में रहने वाले महादलित मुसहर परिवार सरकारी लाभ से पूर्णतः वंचित है। इस संबंा में प्रमिला कुंवर, तारा कुंवर, कमलेश मुसहर, शंभू मुसहर, छोटू मुसहर एवं रूबी देवी आदि महादलित परिवार ने बताया कि लगभग 100 की संख्या में पूरा परिवार कई वर्षों से खजूरी गांव में निवासरत हैं। लेकिन आज तक प्राानमंत्री शहरी आवास, आाार कार्ड, राशन कार्ड, बिजली आदि सरकार की मूलभूत सुविााओं से पूर्णतः वंचित है। बताया कि गरीब एवं असहाय परिवार होने के बाद भी आज तक हम लोग को राशन कार्ड नहीं बना, जिसके कारण कोई भी डीलर हम लोगों को राशन नहीं देता है। इतना ही नहीं नगर पंचायत क्षेत्र में रहते हुए भी हम सभी आवास विहीन हैं। पेड़ के नीचे घास फूंस एवं तिरपाल के सहारे झोपड़ी बनाकर रात्रि में रहने को मजबूर हैं। विदित हो कि सरकार महादलित मुसहर परिवार के उत्थान के लिए अनेकों प्रकार की जनोपयोगी योजनाएं चला रही है।

# गढ़वा को अपनी जागीर समझने की भूल कर बैठे हैं मंत्री : सत्येंद्रनाथ

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** आसन्न राजनीतिक मौत के साए में जीने को बेबस लाचार इस राज्य के मुखिया 4 वर्षों तक जिन्होंने पूरे प्रशासन को पंगु बनाकर रखा, उसमें भी खास कर गढ़वा के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने पैसे के लालच में कई ट्रैक्टर को बालू कालाबाजारी का छूट और कई ट्रैक्टर मालिक पर रोक इसी को देहाती भाषा में कहते हैं एक आंख में सुरमा और एक आंख में काजल। मंत्री जी के चमचे जिन्हें या तो ज्ञान की कमी है या महीनवारी पर रखे हुए कुछ लोग जो अनर्गल बयान देते हैं। कहते हैं कि पूर्व विाायक सत्येंद्र तिवारी के कार्यकाल में भी बालू का किल्लत था, वैसे चमचे बेलचे को मैं बताना चाहता हूं कि जनता के बीच भ्रम न फैलाएं। उन्हें मालूम होना चाहिए कि रघुवर जी के कार्यकाल में कई नदी घाट की नीलामी की गई थी और उस नीलामी से जो रेवेन्यू प्राप्त होता था उसका 80 परसेंट उस पंचायत को जिस पंचायत से होकर नदी गुजरी है, उसी पंचायत के विकास के काम के लिए दिया जाता था। आज मंत्री जी को बताना चाहिए की 4 साल होने को है। गढ़वा रंका विधानसभा में वैसा कौन घाट है जहां से लीगल बालू मिलता है। भाजपा के कार्यकाल में दर्जनों वैसे घाट थे जहां से 350 रुपया प्रति ट्रैक्टर दे करके रयल्टी पेपर के साथ गढ़वा शहर में 1200 में बालू सुलभ तरीके से उपलब्ध था। आज सबको पता है कि मंत्री जी 4 साल हो गए। वे इसलिए लीगल घाट का ऑकशन नहीं कराए ताकि बालू से आसानी से तेल निकालता रहे। जिसका खामियाजा आज गढ़वा जिला के आम जनता भुगतने को लाचार हैं बेबस हैं।

अब तो स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि गढ़वा शहर में 6000 में एक ट्रैक्टर बालू मिलता है। वह भी उनके चाहते ठेकेदार, उनके चाहते ट्रैक्टर वाले को। भैया जी आपका यह काला कारनामा जग जाहिर है। सबको पता है। हमें भी आपसे बिल्कुल उम्मीद नहीं है। फिर भी आम जनों के पक्ष में आपसे निवेदन करता हूं कि आप बालू का ऑकशन कराइए और आमजनों के लिए बालू पूर्ववत सुलभ कराईए और जब तक आप यह नहीं कर पाते हैं तब तक चुनिंदा ट्रैक्टर नहीं, हंड्रेड परसेंट ट्रैक्टर वाले को आप बालू फ्री कराइए ताकि लोगों को बालू सुलभ तरीका से उपलब्ध हो सके। क्या करेगें ज्यादा पैसा। 4 साल में तो आपने गढ़वा जिला को जितना लूटा है, अंग्रेज भी इससे कम ही लूटे होंगे। हमें लगता है कि आपका अंत तो जेल में ही होगा। भगवान भी शायद आपको नहीं बचा पाएंगे इसलिए कम से कम अब गढ़वा के लोगों को बकस दीजिए। मोंफ कीजिए। उनकी गलती का कितना पनिशमेंट आप उन्हें देंगे? आप गढ़वा के सारा चीज को अपना जागीर समझने की गलती कर बैठे हैं। इन्हें जो पसंद आता है, चाहे बालू हो, चाहे ब्लॉक में 50 पर्सेंट कमीशन का मामला हो या भू-मांफिया को बढ़ावा देने का मामला हो या गरीब गुरबा जिस गरमजरूआ जमीन पर सौ वर्षों से हैं, उन्हे प्रशासन के माध्यम से उजाड़ने, बेघर और भूमिहीन करने का मामला हो या और भी कोई जिनसे उनकी आत्मा को संतुष्टि मिलती है, पूरे गढ़वा को यह अपना जागीर समझने की भूल कर बैठे हैं।

एक नजर में

## राष्ट्रीय कानूनी सेवा दिवस पर चंदवा में लगा विधिक जागरूकता शिविर

**चंदवा।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश लातेहार अमित कुमार के आदेशानुसार गुरुवार को प्रखंड़ कार्यालय के सभागार परिसर में राष्ट्रीय कानूनी सेवा दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की तरफ से एलएडीसी राजेश यादव ने बताया कि प्रति वर्ष भारत में 9 नवंबर को देश के सभी नागरिकों को निष्पक्ष और सर्व सुलभ न्याय प्रक्रिया तक पहुच को सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य समाज के कमजोर और वंचित वर्ग के लोगों को नि:शुल्क न्याय प्राप्ति हेतु सहायता एवं समर्थन जुटाना होता है। इसी को ध्यान में रखकर राष्ट्रीय कानूनी सेवा दिवस हर वर्ष 9 नवंबर को मनाया जाता है ताकि लोगो के बीच कानून की जानकारी मिल सके। उपस्थित लोगों के बीच उन्होंने न्यायपालिका के बारे में जानकारी दी। मौके पर बीडीओ विजय कुमार, बीपीओ रतन शाहदेव, प्रखण्ड समन्वयक पंचायती राज रितेश कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव, बाल विकास परियोजना कार्यालय पर्यवेक्षिका मिरु झा, ज्योति बाला, शिव कुमार, रोहित मेहता, महेंद्र अग्रवाल, रामकृष्ण मिश्रा समेत प्रखंड व अंचलकर्मी मौजूद थे।

## मगध सम्राट जरासंध की जयंती मनाने को लेकर चंद्रवंशी समाज की बैठक संपन्न


बैठक में शामिल लोग।

**चंदवा।** मगध सम्राट जरासंध की जयंती मानने को लेकर चंद्रवंशी समाज की बैठक प्रखंड के इंदिरा गांधी चौक स्थित पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रामजी राम वर्मा ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव भी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में समाज के लोगो द्वारा आगामी 23 नवंबर को धूमधाम के साथ मगध सम्राट जरासंध की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया साथ ही जयंती के मौके पर होने वाले कार्यक्रम को चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से कई निर्णय लिए गए। मौके पर संरक्षक पहलाद वर्मा, रामकेश्वर राम, सीताराम, किशोर राम वर्मा, बैजनाथ सिंह, झटन राम, राजेश प्रसाद, रामप्रवेश सिंह, राम जन्म मिस्त्री, बद्री वर्मा, अरविंद वर्मा, पंकज कुमार, मंटू वर्मा, दिलीप वर्मा, नरेश वर्मा, विकास कुमार, प्रेम वर्मा, विक्की वर्मा, रवि वर्मा, सिकंदर वर्मा, सत्येंद्र वर्मा, अजय वर्मा, राम प्रवेश, रामचंद्र वर्मा, मनीष कुमार, बजरंगी वर्मा, सुबोध वर्मा रिकी वर्मा एवं चंद्रवंशी समाज के कई लोग मौजूद थे।

## बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में अडिटोरियम का उद्घाटन


उद्घाटन करते अतिथि।

**गढ़वा।** बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय फराठिया, गढ़वा में परम पूज्य प्रातः स्मरणीय प्रेरणा परमार्थ आश्रम, प्रयागराज के संस्थापक सुीर कुमार का आगमन हुआ। विश्वविद्यालय के कुलाािपति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रो.एमके सिंह एवं सभी महाविद्यालयों के प्रिंसिपल आदि ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में नवनिर्मित अडिटोरियम का पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया। तत्पश्चात उन्होंने उपस्थित सभी प्राचार्यों को ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वहन करने तथा इस विश्वविद्यालय को देश के अग्रणी विश्वविद्यालय में स्थान दिलाने के लिए शपथ दिलायी। उन्होंने वनांचल कलेज अफ साइंस (फार्मेसी) के नवनिर्मित भवन का पूजन कर प्रथम सत्र के छात्र-छात्राओं को अपना आशीर्वचन दिया। साथ ही साथ विश्वविद्यालय के कुलपति के कार्यालय का उद्घाटन किया। तत्पश्चात नगर उंटारी के पाल्हे ग्राम में स्वछता अभियान चलाया। मौके पर मुख्य रूप से दन्त महाविद्यालय के प्राचार्य ड बसवराज एन कल्लाल्ली, होम्योपैथिक महाविद्यालय के प्राचार्य ड उमाशंकर मिश्र, प्राचार्य ड अरविन्द कुमार सिंह, प्राचार्य ड आदेश बावने, प्राचार्या ड सुनीता गुप्ता, प्राचार्या दिव्या तिरु, प्राचार्य ड प्रभु दयाल तिवारी, सभी महाविद्यालयों के शिक्षकगण, ट्रस्ट के प्रवीन कुमार सिंह, सुभाष कुमार, मुकेश कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, शंभु राम, एसके ओझा, पंकज कुमार सिन्हा आदि लोग उपस्थित थे।

## बाल विवाह, बाल हिंसा एवं महिला उत्पीड़न के खिलाफ दी गई जानकारी


जानकारी देते।

**रंका।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित स्त. उच्च विद्यालय के सभागार में जिला विाि सेवा प्रााकिार गढ़वा एवं लोहरदग्गा ग्राम स्वराज्य संस्थान ( एलजीएसएस) के संयुक्त तत्वावाान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चियों को बाल विवाह, बाल हिंसा एवं महिला उत्पीड़न जैसे संगीन अपराा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर पीएलवी ष्णानंद दुबे ने कहा कि बाल विवाह हमारे सभ्य समाज में एक अभिशाप की तरह है जो आये दिन हमारे समाज एवं देश को खोखला कर रहा है। एक समय हुआ करता था जब हमारे समाज की बहन बेटियों को अशिक्षा एवं अज्ञानता के कारण कम उम्र में शादियां कर दी जाती थी, लेकिन वर्तमान समय में अब ऐसी बात नहीं रही। अब लड़कियां लक्ष्मीबाई की तरह किसी भी बुराई के खिलाफ मुखर हो कर बोलने के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं। लोहरदग्गा ग्राम स्वराज्य संस्थान के फिल्ड फैसिलिटेटर अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि वर्तमान परिवेश में देश की स्थिति बाल विवाह, बाल हिंसा और महिला उत्पीड़न के मामले में संतोषजनक नहीं है। इस लिए वर्तमान युवा पीढ़ी को इस विषय पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श करने की आवश्यकता है। इस दौरान उपस्थित समस्त छात्राओं को बाल हिंसा और बाल विवाह निषो पर शपथ ग्रहण कराया गया। मौके पर शिक्षक विनय कुमार तिवारी, महिजरून सम्मा, विभा कुमारी, सुरेन्द्र कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा ने की खूंटी कार्यक्रम पर चर्चा



**गुमला।** नगर भाजपा की बैठक गुरुवार को पालकोट रोड स्थित भाजपा कार्यालय में हुई। जिसमें 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि उलिहातु खूंटी जिला में आगमन पर चर्चा हुई। साथ ही पड़ोसी राज्य में हो रहे चुनाव में अपनी सहभागिता पर चर्चा हुई। अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष बालकेश्वर सिंह ने की। मौके पर कार्य समिति सदस्य भूपेन साहू, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, जिला महामंत्री सत्यनारायण पटेल, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, जिला उपाध्यक्ष यशवंत सिंह, पूर्व अध्यक्ष सविंद्र सिंह, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राधे श्याम कुशवाहा, नगर मंडल के उपाध्यक्ष बबलू सिंह भी मौजूद थे।

### पुत्र की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज



**घाघरा।** पुसो थाना क्षेत्र के लारंगो गुटवा निवासी प्रमिला देवी ने गुरुवार को घाघरा थाना पहुंच अपने पुत्र अनीश उरांव (9) की गुमशुदगी की लिखित शिकायत दर्ज करते हुए पुलिस से सकुशल बरामदगी की अपील की। प्रमिला ने बताया कि अनीश को अपने भाई दिलीप उरांव (चामा) के घर रखी थी। जहां वह पढ़ाई करता था। 8 नवंबर को दिलीप ने अनीश को स्कूल भेजने की तैयारी की, तो अनीश स्कूल नहीं जाने की जिद करने लगा और कहीं निकल गया। इसके बाद से वह घर नहीं लौट सका है।

### भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक की मांग



**गुमला।** चेंबर के पदाधिकारियों ने दीपावली व छठ पर्व को देख शहर में भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने की मांग को लेकर गुरुवार को एसडीओ राजीव नीरज को ज्ञापन सौंपा। चेंबर सदस्यों ने कहा कि धनतेरस से लेकर छठ पर्व तक शहर में भीड़भाड़ और खरीदारी का माहौल रहता है। जिसमें सभी समुदाय के लोग व ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी शामिल होते हैं। 10 को धनतेरस के दिन दोपहर 12 बजे से रात के 12 बजे तक शहर में खरीदारी का माहौल रहता है। इस समय शहर में बड़े गाड़ियों के परिचालन पर रोक लगायी जाये। मौके पर चेंबर उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सचिव बबलू वर्मा व कार्यकारिणी सदस्य मो इम्तेयाज उपस्थित थे।

### नप ने किया जल दिवाली कार्यक्रम



**लोहरदगा।** नगर परिषद ने गुरुवार को पीएचईडी कैंपस में एसएचजी महिलाएं एवं कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने जल दिवाली कार्यक्रम किया। मौके पर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की विस्तृत जानकारी दी गयी। बताया गया कि नदी से पानी कैसे आता है और यहां कैसे फिल्टर होता है और कैसे शहर में सप्लाई की जाती है। मौके पर नगर प्रबंधक विजय कुमार, अनिल उरांव, नगर मिशन प्रबंधक राकेश कुमार, सहायक अभियंता सचिन महतो, कनीय अभियंता अभिषेक कुमार, सुशील कुमार मिंज, एसएचजी महिलाएं, सामुदायिक संगठन संगठनकर्ता एवं कार्यालय कर्मी समेत कई अन्य मौजूद थे।

### शोकाकुल परिवारों से मिले सुखदेव भगत

**कुडू।** प्रखंड के प्रसिद्ध समाजसेवी सह भाजपा नेता नवीन कुमार टिंकू की पत्नी का आकस्मिक निधन गुरुवार को हो गया। जानकारी मिलते ही लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत कांग्रेसियों के साथ कुडू पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट की एवं शोकाकुल परिवारों को ढाढ़स बंधाया। मौके पर आलोक साहू, पवन गौतम, जफर खान, युवा कांग्रेस के विस उपाध्यक्ष लाल विकास नाथ शाहदेव थे।

### सीओ ने जानी बूथ की हकीकत



**सेन्हा-लोहरदगा।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 2024 के चुनाव के मद्देनजर निर्वाचक पदाधिकारी सह सीओ राकेश तिवारी ने बूथ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत के बूथ संख्या 29 प्रावि जमीरा और बूथ संख्या 30 प्रावि झखरा के निरीक्षण के क्रम में बूथ में मतदाताओं को असुविधा न हो जिसके लिए रैंप, बिजली, पानी, शौचालय सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को जाना। मौके पर मदसर हुसैन, बीएलओ सोनिया उरांव, सलिखा खातुन थे।

### बिरसा जयंती की तैयारी को ले बैठक



**लोहरदगा।** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति के ने एमजी रोड झखरा कुंबा में 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह राष्ट्रीय सरना धरम महाम्मलेन की तैयारी को लेकर बैठक की। जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव ने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर है। भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलना ही चाहिए। सरना समाज को अगर आदिवासियों को एक सूत्र में खड़ा रहना है, तो उनकी रूढ़ि वादी परंपरा जीवित रखनी होगी। कार्यक्रम कचहरी मोड़ दरहा देशवली कुटमू लोहरदगा में हुआ। मौके पर राजेश लिंडा, डॉ रामेश्वर उरांव, केपी प्रधान, नीरज मुंडा, सुखदेव भगत, मघी उरांव, करमा उरांव, प्रो मनती उरांव, निरु शांति भगत, अरबिंद उरांव, महेंद्र छोटन, रीना कुमारी आदि थे।

### टाटा मैजिक दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

**चैनपुर।** साप्ताहिक बाजार से देर शाम टाटा मैजिक से डोकापाठ जाने के क्रम में छैरिया टगरा के पास अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें बिरसु असुर (25) की मौत हो गयी। वहीं सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर लाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा गया।

# ग्रामीणों के चुने स्थल पर ही धूमकुड़िया भवन का होगा निर्माण : सुखदेव भगत

- डुमरी गांव के दर्जनों ग्रामीण सुखदेव भगत से मिलकर धूमकुड़िया भवन का स्थल परिवर्तन करने की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सुखदेव भगत को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

**भंडरा।** प्रखंड के ग्राम डुमरी के दर्जनों ग्रामीण गुरुवार को लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपकर कल्याण विभाग के द्वारा डुमरी गांव में बनने वाले धुमकुड़िया भवन का स्थान परिवर्तन करने का आग्रह किये। ग्रामीणों ने श्री भगत को बताया कि गांव में धूमकुड़िया भवन का निर्माण होना है लेकिन जिस जगह धुमकुड़िया भवन का स्थल चयन किया गया है उसका लाभ यहां के ग्रामीणों को नहीं मिलेगा। पूरे गांव की जनता चाहती है कि धुमकुड़िया भवन कजलोटा पूजा स्थल के पास बनने से पूरा गांव को फायदा होगा। मौके पर सुखदेव भगत ने ग्रामीणों से कहा कि योजना गांव की जनता के लिए होता है। योजना से गांव के लोगो को फायदा नहीं होगा तो ऐसा योजना बनाने का क्या औचित्य।आप लोग जहां धुमकुड़िया भवन बनाना चाहते हैं उसी स्थल पर धुमकुड़िया भवन का निर्माण कराया जाएगा। झारखंड सरकार पूरे राज्य में व्यापक स्तर पर आदिवासियों के धार्मिक स्थल अखड़ा, सरना स्थल घेराव, मसना घेराव, धुमकुड़िया भवन का निर्माण कर रही है।

# शिक्षा से ही राज्य में बदलाव और उन्नति संभव है : सुदेश महतो

- सेट फाउंडेशन के जॉब एजुकेशनल प्रोग्राम के उद्घाटन में पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक भी हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो।

**लोहरदगा।** महादेव आश्रम मंजुरमती उवि में सेट फाउंडेशन के कार्यक्रम में शामिल होने लोहरदगा पहुंचे आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का कार्यकर्ताओं ने शंख मोड़ के समीप जोरदार स्वागत किया। वहीं जिले के शंख मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिले के मंजूर मती हाई स्कूल में सेट फाउंडेशन के जॉब ओरिएंटेड एजुकेशनल प्रोग्राम का उद्धघाटन आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने किया। श्री महतो ने कहा शिक्षा से ही राज्य में बदलाव और उन्नति होगी। सेट फाउंडेशन का यह कार्य बच्चों के लिए लाभकारी साबित होगा। वहीं आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर कहा कि चुनाव को लेकर एनडीए दल के शीर्ष नेताओं से बैठक कर झारखंड की वर्तमान स्थिति और एनडीए गठबंधन को मजबूती देने के लिए निर्णय लिया जायेगा। वहीं राज्य में गिरती कानून व्यवस्था पर सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना भी साधा।


दीपावली ने सुस्त बाजार में लायी रौनक, शहर के सड़कों पर बढ़ी चहल-पहल

# दिवाली पर दीये से लेकर वाहनों की खरीदारी में जुट गये लोग

- घरों के रंग रोगन और सजावट का कार्य अंतिम चरण में
- दीवापली पर्व स्वच्छता का है अनुपम उदाहरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**





सजावट को लेकर लगे दुकानों में स्टॉल और शहर में दिवाली को लेकर दीये, झाड़ू, तेल की लगी स्टॉल।

**गुमला।** दीपोत्सव का पर्व दीपावली की तैयारी में लोग जुट गये हैं। पर्व को लेकर बाजार में रौनक आ गया है। चहुंओर पर्व का नजारा देखने को मिल रहा है। घरों का रंगरोगन व सजावट का कार्य अंतिम चरण में है। बरसात के बाद दीपावली पर्व में ठंडे पड़े बाजार में दीपावली पर रौनक लौट जाती है। क्योंकि धनतेरस में लोग जमकर अपनी जेबे डीली करते हैं और वाहन से लेकर आभूषण व अन्य सामग्री की जमकर खरीदारी करते हैं। सुस्त पड़े बाजार में धनतेरस का पर्व जान फूंक जाता है। जिले में करोडों रूपये का कारोबार धनतेरस पर्व पर होती है। पर्व को देखते हुए दुकान संचालक ग्राहकों को कई तरह के लुभावने ऑफर भी देते हैं। जिसका लाभ लोग उठाने से नहीं चूकते हैं।

**खास बातें :** दीपावली ऐसा त्योहार है जहां स्वच्छता का विशेष ख्याल रखा जाता है। यही कारण है कि लोग घर व दहलीज के बाहर भी विशेष सफाई कर वातावरण को पूरी तरह स्वच्छ बना देते हैं। पर्व को देख शहर के सभी इलेक्ट्रोनिक्स दुकान, दोपहिया शोरूम, बर्तन दुकान, सजावट के समान सजा नजर आ रहा है। शहर के मेन रोड हो या पालकोट रोड, सिसई रोड, जशपुर रोड व लोहरदगा रोड में कई स्थानों पर स्टॉल लगाकर दीये से लेकर खिलौने, कंबल, पटाखे सहित कई तरह सामग्री बेची जा रही है।

# शिविर का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना: पार्थ सारथी

- घाघरा में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर आयोजित
- शिविर में बांटी गयी परिसंपति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शिविर को संबोधित करते अतिथि।

**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं झारखंड राज्य विधि सेवा प्राधिकार ने विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर लगाया। जिसका उद्घाटन डालसा सचिव पार्थ सारथी घोष, बीडीओ दिनेश कुमार, पैनल अधिवक्ता सुधीर कुमार पांडे, जितेंद्र कुमार सिंह, इंदु पांडे, शंभू सिंह ने किया।

कार्यक्रम के दरम्यान जेएसएलपीएस के चार महिला समूह के बीच ऋण, 3 लोगों को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, 4 लोगों को बाल विकास परियोजना से लक्ष्मी लाडली योजना का लाभ, दो लोगों को बैशाखी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 10 लोगों का पेंशन पीपीओ, कृषि विभाग के 19 लोगों को बीज, शिक्षा विभाग से 10 लोगों को किताब का व पशुपालन विभाग से पशु संबंधित 16 लोगों को दवा व अन्य कई परिसंपत्तियों का वितरण अतिथियों ने किया। मौके पर डालसा के सचिव पार्थ सारथी घोष ने कहा कि विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सरकार के द्वारा दी जा रही लाभ जन जन तक पहुंचे। साथ ही कानूनी सलाह के संबंध में बताया कि किसी भी महिला पुरुष को डायन कहना कानूनन अपराध है। वैसे बोलने वाले लोगों के उपर कानूनी कार्रवाई होती है। उन्हें जेल भी जाना पड़ता है। छोटे-मोटे घरेलू हिंसा में लोग कोर्ट जाते हैं और उन्हें कोर्ट के चक्कर में दौड़ना पड़ता है।

### निर्माणाधीन नये समाहरणालय का निरीक्षण

**गुमला।** गुमला एसपी हरविंदर सिंह ने बुधवार की देर शाम चंदाली स्थित निर्माणाधीन नये समाहरणालय भवन का निरीक्षण किया। इस क्रम में अपने कार्यालय भवन के कार्य की जांच की। इस दौरान वे अपने कार्यालय कक्ष के नक्शा को भी देखे और संवेदक को निर्माण संबंधित जरूरी दिशा निर्देश दिये।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**लोहरदगा।** जिला उत्पाद विभाग और सदर थाना ने बुधवार की रात अवैध शराब की धरपकड़ को लेकर शहरी क्षेत्र के कई होटलों में छापेमारी अभियान चलाया। साथ ही बदला टंगरा टोली स्थित पवन कुमार साहू के होटल से 26 लीटर से अधिक बीयर और विदेशी अवैध शराब बरामद किया गया। पूरे अभियान में कुल 27 लीटर बीयर और 3 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। जिसके बाद उसे हिरासत में लेते हुए गुरुवार को जेल भेज दिया गया इस छापेमारी अभियान से अवैध शराब के कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है। इसमें जिला उत्पाद अधिकारी अनिल शर्मा, थाना प्रभारी अनिल उरांव, उत्पाद अवर निरीक्षक राजकुमार मेहता सहित पुलिस जवान भी थे।

### कोरोनाकाल के वेतन गड़बड़ी मामले पर जैक अध्यक्ष ने उपायुक्त को दिया कार्रवाई का निर्देश

**गुमला।** गुमला के आरटीआई कार्यकर्ता सुनील दास ने सचिव झारखंड अधिविद्य परिषद गुमला को 02 सितंबर 2023 को शिकायत पत्र प्रेषित कर गुमला जिला के कार्तिक उरांव कॉलेज के इंटर प्रभाव के शैक्षणिक कर्मियों को कोरोना काल अर्थात वर्ष 2020 में अप्रैल से लेकर दिसंबर तक के वेतन को झारखंड अधिविद्य परिषद के स्वीकृति मिलने के बावजूद रोक रखने की शिकायत की थी। साथ ही उक्त पैसे का भुगतान शैक्षणिक कर्मियों को नहीं करने के बावजूद गलत ऑडिट करते हुए उक्त राशि को खर्च दिखा दिया है। दोषियों पर कार्रवाई की मांग श्री दास ने की थी। जिसपर झारखंड अधिविद्य परिषद रांची के अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को 01 नवंबर 2023 को पत्र लिखते हुए जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया।

### भारतमाला परियोजना किसानों के लिए अभिशाप: सनिया



**चैनपुर।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा ने 8, 9 एवं 10 नवंबर को भारतमाला परियोजना रायपुर धनबाद एक्सप्रेसवे निर्माण के विरोध में डुमरी चलो अस्तित्व बचाओ पदयात्रा गुमला से सांसद सुदर्शन भगत के गांव टांगरडीह तक निकालने को लेकर काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को घंट बजाकर पदयात्रा निकाली और लोगों से पदयात्रा में शामिल होकर सरकारी अभिशाप के खिलाफ एकजुट होकर जल जंगल जमीन और अस्तित्व की लड़ाई में सहयोग करने की अपील की। इस दौरान पर्चा बांटा गया।

# पुस्तकालय का सदुपयोग कर अपने जीवन में सफलता हासिल करें विद्यार्थी : जिला प्रभारी

- निदेशक एनआरसीडी ने किया चैनपुर प्रखंड स्थित पुस्तकालय का निरीक्षण
- डुमरी में सिकलसेल एनीमिया शिविर व आंगनबाड़ी केंद्र की जांच की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



डुमरी में आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों से मिलते जिला प्रभारी।

**चैनपुर/डुमरी।** गुमला जिला प्रभारी के रूप में नामित एन अशोक बाबू निदेशक एनआरसीडी ने गुरुवार को चैनपुर प्रखंड का दौरा कर प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर समाहर्ता गुमला सुधीर गुप्ता ने जिले में चल रहे पुस्तकालय क्रांति की जानकारी दी। बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में हाई टेक सुविधा से युक्त पुस्तकालय का निर्माण किया है। साथ ही सभी पंचायतों में भी पुस्तकालय का निर्माण किया गया है।

**सरकारी पुस्तकालय की बेहतरीन सुविधा**

एन अशोक बाबु ने इससे पूर्व बुधवार की शाम को गुमला स्थित जिला स्तरीय महिला पुस्तकालय एवं बिरसा मुंडा पुस्तकालय का भी दौरा किया था। जिला एवं प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय की इन हाई टेक सुविधाओं से युक्त पुस्तकालयों को देख जिला प्रभारी पदाधिकारी ने जिला प्रशासन की इस बेहतरीन पहल की सराहना की। कहा कि सरकारी पुस्तकालय की ऐसी बेहतरीन सुविधा बड़े शहरों में भी नहीं होती है। परंतु जिला प्रशासन गुमला की पहल ने सफलता पूर्वक ऐसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में भी विद्यार्थियों को इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई है। उन्होंने पुस्तकालय में पढ़ रहे अभ्यर्थियों से भी मिले और उन्हें भी इस पुस्तकालय का सदुपयोग करते हुए जीवन में सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय के समीप बने तालाब का नामकरण किसी स्थानीय स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर रखने की सलाह दी।

# पीएम मोदी के कार्यक्रम में घाघरा व आदर मंडल से जुटेंगे हजारों कार्यकर्ता : पाठक

- घाघरा और आदर मंडल के भाजपाइयों की संयुक्त बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** भाजपा कार्यालय परिसर घाघरा में गुरुवार घाघरा व आदर मंडल के भाजपाइयों की संयुक्त बैठक हुई। अध्यक्षता मंडल घाघरा अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक ने की। बैठक में आगामी 15 नवंबर को खूंटी जिले के उलीहातू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन और उनके कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को शामिल होने को लेकर चर्चा हुई। जिसे लेकर कार्य बंटवारा भी हुआ।

कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर गांव-गांव में व्यापक प्रचार-प्रसार करने और उक्त कार्यक्रम में अधिक लोगों को ले जाने पर भी चर्चा हुई। आदर मंडल अध्यक्ष गोपाल गोप ने कहा कि उक्त कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ता जायेंगे और पीएम मोदी के भाषण को सुनेंगे। वहीं कार्यक्रम के बाद घाघरा भाजपा मंडल के मंत्री सुसित गोस्वामी के पिता के आकस्मिक निधन पर भाजपाइयों ने शोक जताया और उनकी आत्मा की शांति को लेकर प्रार्थना की।

# धनतेरस के लिए सजा बाजार बेहतर कारोबार की भी उम्मीद

- आकर्षक ढंग से सजी हैं आभूषण से लेकर बर्तनों की दुकानें

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**भंडरा।** धनतेरस को लेकर बाजार आकर्षक ढंग से सजा है। सर्राफा बाजार से लेकर स्टील के बर्तनों की दुकानों की रौनक बढ़ गयी है। सर्राफा दुकानों में लेटेस्ट डिजाइन की ज्वेलरी, आठ ग्राम सोने की गिन्नी, चांदी से बनी लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां इस बार खास आकषण का केंद्र हैं। खरीदारों को लुभाने के लिए दुकानदारों की तरफ से आकर्षक छूट और ऑफर दिये जा रहे हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक सामान, मोबाइल और कार की खरीदारी पर कैश डिस्काउंट के साथ एक्सचेंज ऑफर भी हैं। कारोबारी धनतेरस पर अच्छे कारोबार की उम्मीद जता रहे हैं। चंद्रकिशोर सोनी ने बताया कि इस बार बाजार में तेजी लौटने की पूरी उम्मीद है।

# सभी रिक्शा चालकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलायें: अशोक

- जिला प्रभारी पदाधिकारी ने ग्रामीण विकास योजनाओं से संबंधित की समीक्षा बैठक, दिये जरूरी निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल जिला प्रभारी, डीसी, डीडीसी, एसी व अन्य।

**गुमला।** गुमला जिला प्रभारी के रूप में नामित निदेशक (एनआरसीडी) जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन नदी विकास और गंगा सरंक्षण विभाग भारत सरकार एन अशोक बाबु का आगमन हुआ। आदिवासी कल्याण के तहत जिले में चल रही योजनाओं की प्रगति के संदर्भ में उन्होंने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इससे पूर्व निदेशक एनआरसीडी ने जिले की मुख्य योजनाओं की धरातलीय स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने रागी मिशन, बाजार समिति, ओपन जिम, सीआरपीएफ कैंप के अलावा अन्य मुख्य स्थानों के निरीक्षण के बाद एन अशोक बाबु की अध्यक्षता ग्रामीण विकास योजनाओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की। जिसमें विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने योजनाओं की अद्यतन स्थिति प्रभारी पदाधिकारी को बताया। उपायुक्त ने जिले के एससी-एसटी समुदाय के लिए की जा रही नवीन गतिविधियों की भी जानकारी दी। जिसमें टीवी मुक्त भारत अभियान, पीवीटीजी समुदाय के विकास संबंधित योजनाओं, रागी मिशन आदि शामिल रहे। इस दौरान जिला प्रभारी पदाधिकारी भी सक्रिय रहे।

**खास बातें :** परिसदन भवन में आयोजित इस बैठक में केंद्र सरकार की ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण, दीनदयाल अंत्योदय, पीएम उज्ज्वला, पीएम विश्वकर्मा, पीएम किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल- जल जीवन मिशन, जन धन, जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन, पीएम प्रणाम, नैनो फर्टिलाइजर आदि योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की।

# विधिक सेवा दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करनेवाले पीएलबी-अधिवक्ता सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**




कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित पीडीजे व अन्य।

**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा भी गुरुवार को सिविल कोर्ट परिसर स्थित डालसा सभागार में विधिक सेवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकार से जुड़े हुए पीएलबी, पैनल अधिवक्ता, एलएडीसीएस के अधिवक्ता, मध्यस्थ, स्थाई लोक अदालत के सदस्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पीएलवी जितेंद्र उरांव, शाहिद हुसैन, मंजू खाखा, पुन्नू देवी, नेमहंती मिंज, छाया देवी, रोहित तमेडा, हफीजुल अंसारी, अफान खान, जीत नारायण शाही, देवमणि कुमारी, सीमा कुमारी, इजहार अहमद एवं गौतम लेनिन ने अपने अनुभवों को साझा किया। मध्यस्थ नसीम अंसारी एवं युगल किशोर प्रसाद ने भी मध्यस्थ के रूप में अपने अनुभवों को रखा। स्थायी लोक अदालत के सदस्य स्मिता सिंह एवं अध्यक्ष शिवकुमार ने भी स्थाई लोक अदालत के कार्यों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। एलएडीसीएस के अधिवक्ता नारायण साहू ने भी अभियुक्त के बचाव पक्ष के रूप में किये जा रहे कार्यों को अन्य सदस्यों के सामने रखा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाहिद हुसैन को वर्ष 2023 का सर्वश्रेष्ठ पीएलवी घोषित किया गया। वहीं पैनल अधिवक्ता के रूप में लाल धर्मेंद्र देव एवं सीपी पाठक को वर्ष 2023 का उत्कृष्ट अधिवक्ता घोषित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### फ्लोरोसिस जांच के लिए लगा शिविर



**रामगढ़।** एनपीपीसीएफ कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुवार को सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी एनपीपीसीएफ डॉ. तुलिका रानी के नेतृत्व में एस एस उच्च विद्यालय मांडू में एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के पानी के सैंपल में फलोराईड की जाँच की गयी। शिविर में 99 बच्चों की जाँच जिला कंसल्टेंट डॉ पल्लवी कौशल, एमओ डेंटल डॉ नितेश कुमार, डॉ अभिनव, डॉ नित्यानंद एवं सीएचओ प्रिति कुमारी के द्वारा की गई। कुल 25 बच्चों में जाँच उपरान्त लक्षण पाए जाने पर उनके पेशाब का सैंपल लेकर श्री जीतेन्द्र कुमार के द्वारा विद्यालय में जाँच किया गया।

### पीवीयूएन में मना गुणवत्ता दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़।** विश्व गुणवत्ता माह के एक भाग के रूप में गुरुवार पीवीयूएनएल पतरातू में विश्व गुणवत्ता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पतरातू साइट पर एक गुणवत्ता मार्च निकाला गया, जिसका नेतृत्व रवींद्र कुमार (सीईओ-पतरातू) ने किया। जिसमें देवदीप बोस (जीएम-पी एंड सी एंड टी), बी. दास (जीएम-इंजीनियरिंग), शामिल थे। नीरज रॉय (एचओएचआर), एन.के. मिश्रा (सीएफओ), राजन श्रीवास्तव (एजीएम-सीसीडी), संजय कुमार (एजीएम-एमई) और अन्य अधिकारी। मार्च प्रशासनिक भवन से शुरू हुआ और एफक्यूए बिल्डिंग पर समाप्त हुआ( जिसमें पीवीयूएनएल, बीएचईएल और उनकी उप-एजेंसियों के कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

### वार्ड सदस्य ने बच्चों को दिया ड्रेस



**रजरप्पा।** बड़कीपोना पंचायत के नवप्राथमिक विद्यालय फूलवार में 10 छात्र-छात्राओं के बीच दो-दो सेट ड्रेस, स्वेटर, जूता-मौजा का वितरण किया गया। ड्रेस, स्वेटर, जूते एवं मौजा का वितरण वार्ड सदस्य विकास कुमार एवं प्राचार्य पुनम देवी ने संयुक्त रूप से किया। वार्ड सदस्य ने कहा कि ठंड में गर्म कपड़े बच्चों के लिए बहुत ही जरूरी थी। बच्चों को स्कूल ड्रेस, जूते देने से बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ता है।बच्चे गर्म कपड़े और पोषक पाकर अति उत्साहित हुए। वही प्राचार्य ने अभिभावकों से प्रतिदिन बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की। मौके पर कामेश्वर महतो, संयोजिका कौशल्या देवी, रीजनी देवी, शंकर कुमार आदि मौजूद थे।

### उपायुक्त से मिले सांसद प्रतिनिधि

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग रामगढ जिला सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र कुमार महतो ने गुरूवार को उपायुक्त चंदन कुमार से मुलाकात की। उन्होने उपायुक्त से पतरातू प्रखण्ड के पालू पंचायत अन्तर्गत ग्राम करीगड़ा में पहले फेज के निविदा में ग्राम किरीगड़ा में सामुदायिक भवन निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि सांसद जयंत सिन्हा के अनुशंसा पर रामगढ़ जिले में प्रत्येक पंचायत एक मॉडल सामुदायिक भवन का निर्माण होने जा रहा है। जिसकी लागत एक करोड़ रुपया है। इस सामुदायिक भवन में महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण सेंटर, जनता के लिए जिम, छात्र छात्राओं के लिए कम्प्यूटर, विवाह मण्डप, शौचालय एवं सोलर अधारित सामुदायिक भवन का निर्माण होना है।

### न्यू डॉन बॉस्को स्कूल में बाल मेला



भुरकुंडा (रामगढ़)। न्यू डॉन बॉस्को एकेडमी में बाल दिवस में मौके पर गुरुवार को बाल मेला उद्घाटन एला एंग्लाइज स्कूल के प्राचार्य विजयंत कुमार व किड्स ए जूनियर स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश कुमार, शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विकाश कुमार, एसएस डीएवी के प्रधानाचार्य अब्दुल मजीद ने किया। मेला में बच्चो द्वारा बनाए गए इडली, वेज रोल, मंचूरियन, ब्रेड चॉप, आलू चॉप, पेस्ट्री केक, टिक्की चाट, चाउमिन, दही आलू टिक्की, बर्गर, कैटोरी चाट, गुलाब जामुन, कुल्हड़ चाय, सैंडविच, गोलगप्पे, मैगी, पापड़, कॉर्न आदि वायंजनो का अतिथियों, अभिभावकों और विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने जमकरआनंद उठाया। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में नई ऊर्जा का संचार बढ़ता है। साथ ही विद्यार्थी तरो ताजा होते हैं।

### केंद्रीय अपर सचिव ने रामगढ़ का किया दौरा



**रामगढ़।** अपर सचिव, भारत सरकार सह केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी आकांक्षी जिला कार्यक्रम रामगढ़ चंद्राकर भारती ने अपने दौरे के पहले दिन समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त एवं जिले के वरीय अधिकारियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक की।उपायुक्त र चंदन कुमार ने चंद्राकर भारती का किया स्वागत। समाहरणालय सभाकक्ष में भारती ने जल शक्ति अभियान कैच द रेन के तहत जिले में कार्यों की समीक्षा की।

### सड़क दुर्घटना में समाजसेवी का निधन

गिद्धौर। प्रखंड के अंतर्गत गिद्धौर पंचायत गांव के जाने-माने समाजसेवी सुरेंद्र दांगी का मोटरसाइकिल दुर्घटना में बुधवार रात मौत हो गई। वे हजारीबाग से अपने घर गिद्धौर आ रहा था। जपुआ के आसपास हाइवा के चकमा से मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गिद्धौर पुलिस ने दांगी को गाड़ी इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### राजू मुंडा दर्जनों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

**बड़कागांव।** आंगो पंचायत में आजसू पार्टी के आंगो पंचायत के पंचायत अध्यक्ष राजू मुंडा दर्जनों समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थामा और कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिए में समर्पित होकर एक सच्चा सिपाही के रूप में कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में सभी को सम्मान देने का कार्य किया जा रहा है, हर समुदाय जाति एवं सभी तबके के लोगों को एक साथ जोड़ने का कार्य जारी है।संगठन में युवाओं,शिक्षकों के जुड़ने से पंचायत के हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बन रही है।

# टीपीसी ने सयाल डी कोलियरी के ड्रील मशीन में लगायी आग

## लेवी को लेकर मजदूर के साथ की मारपीट, दहशत

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी अंतर्गत सयाल डी कोलियरी के आउटसोर्सिंग आरए कंपनी के प्रोजेक्ट पर बुधवार रात करीब 10 बजे नक्सली संगठन टीपीसी के दस्ते ने लेवी की मांग को लेकर तांडव मचाया। टीपीसी के दस्ते ने एक ड्रील मशीन को आग के हवाले कर दिया। नक्सलियों ने कार्यरत मजदूर के साथ मारपीट करते हुए दो राउंड गोली चलाकर दहशत फैला दी। घटना को अंजाम देने के बाद दस्ते के लोग फरार हो गये। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात्रि करीब दस बजे आधे दर्जन की संख्या में मुंह बांधकर आये टीपीसी के नक्सली आरए आउटसोर्सिंग कंपनी के कार्य स्थल पर पहुंचे। जहां नक्सलियों ने खडी एक ड्रीलल मशीन को आग के हवाले कर दिया। साथ ही लोगो में दहशत फैलाने के लिए हवा में दो राउंड गोलियां चलाई। इधर घटना की सूचना के बाद एसडीपीओ पतरातू डॉ विरेन्द्र कुमार चौधरी, भुरकुंडा पुलिस, सयाल डी प्रोजेक्ट आफिसर सहित अन्य अधिकारी



घटना स्थल पर पहुंचे। जहां अधिकरियों ने घटना स्थल पर मौजूद कर्मचारियों से घटना की जानकारी ली। ड्रील मशीन में लगी आग को बुझाया। एसडीपीओ पतरातू ने टीपीसी द्वारा लेवी के लिए घटना को अंजाम देने की बात कही गई। ज्ञात हो किये पिछले कुछ माह से पतरातू पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में अपराध काफी बढ गया है। यहां अपराधी कभी पेट्रोल पंप, कोयला ट्रांसपोटिंग और उत्खनन से जुडे स्थानों पर बेखौफ होकर गोली बारी की घटना को अंजाम दे रहे है। ऐसी अपराधिक घटना से व्यवसायियों और मजदूरों में काफी दहशत है।

## पोचरा में रेलवे पुल बना रही कंपनी में 65 लाख रुपये की लोहे की लूट

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** पोचरा स्थित रेलवे पुल निर्माण का काम कर रही रेयर हाइट्स प्राइवेट लिमिटेड के कर्मियों को बुधवार रात चोरों ने बंधक बनाकर करीब 50 टन लोहे लूट कर फरार हो गये। बंधक बनाए गए कर्मियों ने बताया कि बुधवार रात करीब 12:30 बजे पीछे की चहारदीवारी तोड़कर दो दर्जन से अधिक की संख्या में आये अपराधियों ने कंपनी के हाते में बने कमरे में सो रहे कर्मी ललटू सरदार और अभिजीत बावड़ी को डरा धमका कर दरवाजा खुलवाते हुए कब्जे में लिया। इसके बाद हाथ पैर बांधकर शोर नहीं मचाने की धमकी दी। सीसीटीवी कैमरे की दिशा को नीचे से आसमान की ओर कर दिया। हाते में पूरा अंधेरा कर दिया।



इस बीच अपराधियों ने लोहे के कीमती प्लेट और चैनल को ट्रक पर लोड कर मेन गेट की तरफ से निकलकर फरार हो गये। घटना की कुछ तस्वीरे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। प्रबंधन ने फुटेज को पुलिस को सौंपा।कंपनी के निदेशक मो जेजे खान ने कहा कि लूटे गये लोहे की कीमत करीब 65 लाख रुपए बताया है। पुलिस ने कहा कि मामला इंश्योरेंस से जुड़ा लगता है। फिलहाल पुलिस हर पहलु से जांच करने में जुटी है।

# सदर विधायक छठ व्रतियों को लगातार दूसरे साल देंगे साड़ी

## महाव्रतियों को सहयोग करना सौभाग्य की बात : जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने इस साल भी छठ महापर्व में जरूरतमंद महाव्रतियों को पूजन साड़ी देंगे। पिछले साल करीब 7 हजार पूजन साड़ी का वितरण किया गया था और इस बार 10 हजार छठ महाव्रती माता-बहनों तक उनका यह भेंट पहुंचाने की तैयारी है । हजारीबाग विधायक सेवा कार्यालय में गुरुवार को भाजपा महिला मोर्चा की बहनों के नेतृत्व में कई विधायक प्रतिनिधि और नमो खेल श्रृंखला से जुड़े विधायक समर्थकों की



साड़ी पैकिंग करतीं महिलाएं।

उपस्थिति में साड़ी पैकिंग का कार्य का विधिवत श्रीगणेश हो गया है। भाजपा महिला मोर्चा की बहनों के द्वारा सामूहिक रूप से छठ गीत गायन के साथ साड़ी पैकिंग अभियान की शुरूआत हुई। जल्द ही इन पूजन साड़ी के वितरण कार्य भी सूचीबद्ध तरीके से शुरू किया जायेगा। खुद हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल अपने हाथों से छठ महाव्रतियों को पूजन साड़ी भेंटकर साड़ी वितरण अभियान की शुरूआत करेंगे । मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की छठ जैसे परम पूज्य व पवित्र अनुष्ठान में महा व्रतियों को लगातार दुसरे साल पूजन साड़ी भेंटकर सहयोग कर पाना हमारे लिए सौभाग्य की बात होगी । प्रथम दिन के साड़ी पैकिंग अभियान में विशेषरूप से भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणुका कुमारी, विधायक प्रतिनिधि ज्योत्सना देवी, लीलावती देवी, सत्यभामा सहित अन्य गणमान्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा ।

### विनोद गंझू को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**चतरा।** मनीलांड्रिंग मामले में आरोपी भोक्ता कंस्ट्रक्शन, चतरा के मालिक विनोद कुमार गंझू को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है। विनोद कुमार गंझू की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता बालाजी श्रीनिवासन ने पक्ष रखा। दरअसल हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने विनोद कुमार गंझू की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की गई थी। बता दें कि विनोद कुमार गंझू के चतरा स्थित आवास से वर्ष 2016 में पुलिस की छापेमारी में करीब 91 लाख बरामद हुए थे। इस मामले में टंडवा थाने में कांड संख्या 2/2016 दर्ज किया गया था। बाद में इस मामले को एनआईए ने अपने हाथों में लेकर केस दर्ज किया था। ईडी ने गंझू के खिलाफ मनीलांड्रिंग का आरोप लगाते हुए ईसीआईआर 1/ 2021 दर्ज किया था।

## रामगढ़ में दंत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का सांसद जयंत सिन्हा ने किया उद्घाटन

रामगढ़। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान में जिला नियोजनालय रामगढ़ द्वारा गुरूवार को छावनी परिषद फुटबॉल मैदान रामगढ़ में वित्तीय वर्ष 2023 - 24 का द्वितीय एक दिवसीय दंत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का उद्घाटन सांसद जयंत सिन्हा, विधायक अम्बा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ शीलवंत कुमार भट्ट, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी देव कुमार प्रसाद, अंचल अधिकारी सतेंद्र नारायण पासवान ने किया। जयंत सिन्हा ने जिला प्रशासन रामगढ़ को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिले के युवाओं व युवतियों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से रोजगार मेला का आयोजन किया। मेले में स्थानीय युवाओं एवं युवतियों को उनकी योग्यता के अनुसार मिल रोजगार। उन्होंने चयनित




अभ्यर्थियों से कहा किसी भी रोजगार में जाने से पहले पैकेज की चिंता नही करनी चाहिए बल्कि अपनी कार्यशैली से बेहतर कार्य करना चाहिए। निजी क्षेत्र के 14 नियोजकों एवं 19 नियोजक प्रतिनिधियों द्वारा कुल 1531 रिक्तियों के साथ उक्त मेले में भाग लिया गया। मेले में लगभग 800 आवेदक/आवेदिकाएँ सम्मिलित हुए। जिसमें 210 को चयनित एवं कुल 462 को शॉटलिस्टेड किया गया।

## बरकट्ठा में झामुमो प्रखंड कमिटी गठित


**बरकट्ठा ।** झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन में फागु बेसरा, डॉ कमलनयन सिंह, संजीव बेदिया, जयप्रकाश वर्मा, दिलीप वर्मा,श्यामदेव यादव, सोना राम मांझी, उषा ठाकुर उपस्थित थे। फागु बेसरा ने कहा कि राज्य में पहली बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार विकास के लिए संवेदनशील सरकार है। वेदिया ने कहा कि झामुमो आंदोलनकारी पार्टी है। लोंगो के हकों की लड़ाई लड़ती है। कहा जो सीओ, बीडीओ जनता की बात नही सुनेगी। उसे झामुमो बर्दाश्त नही करेगी। केंद्रीय सदस्य कमलनयन सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार रोजगार का अभूतपूर्व सृजन कर लोंगो को नौकरी दे रही है। पूर्व विधायक जेपी वर्मा ने कहा कि राज्य में झामुमो पार्टी सशक्त है। कोडरमा लोकसभा और बरकट्ठा



विधानसभा झामुमो प्रत्याशी पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतारेगी। इधर झामुमो प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में अध्यक्ष कुदुश अंसारी, उपाध्यक्ष राजाराम मांझी, महेश मांझी, मुश्ताक आलम, सचिव संजय साव, मीडिया प्रभारी चंद्रदीप पांडेय बनाए गए। मौके पर धीरेंद्र पांडेय,अनिल कुमार राय,त्रिवेणी पांडेय,गोविंद प्रसाद बिहारी,सलीम अंसारी,लालमणि मांझी,दिगंबर कुमार मेहता,महताब अंसारी,बीरेंद्र राणा,दिगंबर कुमार मेहता,यासीन खान समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव को ले समन्वय समिति की बैठक

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी एवं जिला समन्वय समिति, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) व अन्य सभी विकास तथा कल्याणकारी योजना की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अबु इमरान ने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत किए जा रहे कार्यों, लोक सभा चुनाव 2024 से संबंधित की जा रही तैयारियों की विस्तृत जानकारी लेते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इसके पश्चात जिला समन्वय समिति की बैठक प्रारंभ की गई। जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बाबा साहब भीम रावं अम्बेडकर आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संर्वधन योजना समेत अन्य योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की गई।



राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण राज्य समेत जिले में भी संचालित होनेवाली आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार के तीसरे चरण के कार्यक्रम दिनांक-15 नवम्बर से 29 दिसम्बर 2023 तक संचालित की जाएगी। इसे लेकर उन्होने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ आम जनों को दिया जाएगा। बैठक में एसपी राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्त्ता पवन मण्डल, निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का, एसडीओ सिमरिया सुधीर दास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिन्द्र भगत, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार व सभी बीडीओ उपस्थित थे।

### उन्मुखीकरण प्रशिक्षण संपन्न


**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार विकास भवन सभा कक्ष में बाल संरक्षण विभाग द्वारा बाल विवाह उन्मूलन हेतु सुरक्षित बचपन, खुशहाल जीवनह्व अभियान के तहत मीडिया कर्मी एवं स्वयं सेवी संस्थान के प्रतिनिधि का एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम एवं कानूनी प्रावधानों के बारें में जानकारी दी गई। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि को बाल संरक्षण के मुद्दों पर साकारात्मक पहल करने तथा जन जन तक बच्चों के प्रति हिंसा, शोषन से संरक्षण करने एवं बच्चों के हित में नीति निर्धारण करने हेतु नीति निर्माता एवं सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए जागरूक किया गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरूणा प्रसाद ने बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, चाइल्ड मैरेज एक्ट, मादक द्रव्यों के सेवन से बालको को संरक्षण एवं बाल संरक्षण से संबंधित जानकारी दी गई।

### आयुष हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम आयोजित

**टंडवा(चतरा)।** प्लस टू उच्च विद्यालय टंडवा में आयुष हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम हुआ। जिसमें सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास एवं भाजपा नेता अक्षयवट पांडेय सुनील चौरसिया एवं रंजीत गुप्ता शामिल हुए। आयुर्वेद और टीवी होम्योपैथ की जानकारी दी गई। विधायक ने लोगों को आयुर्वेद को अपनाने की बात कही। जिला विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय ने भी आयुर्वेद और होमियोपैथ को अपनाने को कहा। आयुष हेल्थ एंड वैलनेस टंडवा के प्रभारी डॉक्टर प्रिया कुमारी ने सभी बच्चों को आयुर्वेद और योग के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया तथा इनके द्वारा प्राथमिक उपचार संबंधी दवाओं का वितरण किया गया। अंत में विधायक श्री दास के द्वारा प्रतियोगिता में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य नीरज कुमार , शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार ,संजय कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### खुलेआम सड़क पर चल रहा जुआ



**हजारीबाग।** कोर्रा थाना अंतर्गत मटवारी, कृष्णापुरी, लोचन पथ गली न. 05 के कार्नर के पास जुआरियों का होता है महाजुटान। खेल के दौरान हो हल्ला और गाली गलौज से मोहलावासी हलकान। इस सारे खेल का सबसे मजेदार पहलू यह है कि सूचना के बावजूद पुलिस जुआरियों को पकड़ नहीं पाती और सूचना देने वाले से एड्रेस पता पूछती रह जाती है। शायद जुआरियों ने मिस्टर इंडिया फिल्म का वो सूत्र ढूंढ लिया है जहां पुलिस के आते ही वे गायब हो जाते हैं। और तो और उनका वाहन भी गायब हो जाता है। पूरे मुहल्ले को जुआरियों का हो हल्ला गाली गलौज सुनाई देता है मगर पुलिस को कुछ भी सुनाई नहीं देती है और जुए का खेल बददस्तूर जारी रहती है। सबसे बड़ी बात ये जुआ किसी खेत, खलिहान बंद कमरे में नहीं हो रहा बल्कि लोचनपथ तालाब के पास ट्रांसफर के सामने विगत एक सप्ताह से खुलेआम जारी है।

### चरही में चोरी करते चोर रंगे हाथ धराया

**चरही।** सीसीएल के तापीन नार्थ में मंगलवार देर रात चरही पुलिस ने गश्ती के दौरान एक चोर को चोरी करते रंगे हाथों धर दबोचा। पीपरा निवासी सद्दाम हुसैन अन्य साथी के साथ चोरी करने के लिए बीना कागजात के मारुति वैन को लेकर गया था। दोनों ाला तोड़ने का प्रयास करने लगा।तभी चरही पुलिस की गश्ती वाहन चोरी करने वाली स्थल पहुंची। पुलिस को सामने आते देख एक चोर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। जबकि सद्दाम को पुलिस ने गिरफ्तार किया

### चुरचू : बिरहोर टोला में लगा स्वास्थ्य मेला

चरही ।बचुरचू के बिरहोर टोला नगड़ी में स्वास्थ्य मेला लगा। इस मेले का आयोजन प्रधानमंत्री आदिम जनजाति समूह विकास मिलन की ओर से आयोजित किया गया। चुरचू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक और कर्मियों की टोली उक्त शिविर में पहुंचकर बिरहोर बस्ती के महिलाएं,शिशु और बुजुर्गों को स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई और चिकित्सकीय परामर्श दिए। कूल 47 मरीजों की जांच किया गया। जिसमे एनीमिया,मलेरिया, एचआईवी,होमोग्लोबिन समेत मरीजों के मुताबिक जांच किए गए। मौके पर शिविर में मुख्य रूप से चिकित्सा प्रभारी डॉ अशोक राम, डॉ ज्ञान प्रकाश, डॉ मेघा सिन्हा, स्वास्थ्य कर्मियों में बीपीएम अमरकांत सिन्हा,गौतम कुमार, विजय कुमार, सुशाना कच्छप, सुमन कुजूर,बिनोद कुमार,शिला कुमारी,अर्चना साव, स्वीटी कुमारी,रेखा देवी,धर्मेंद्र कुमार, जफर इकबाल,विकास कुमार,कामाख्या गुप्ता इकबाल हुसैन आदि उपस्थित थे।

### 474 आदिवासी किसानों के बीच बीज वितरित



**बरकट्ठा ।** आईसीएआर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के सौजन्य से मानव विकास केंद्र हजारीबाग के तत्वावधान में झारखंड अनुसूचित जनजाति उपयोजना के तहत रबी बीज वितरण किया गया। वितरण मानव विकास संस्था इचाक से जुड़े आदिवासी किसानों को एक एक सब्जी कीट दिया गया। किट में धनिया, पालक, प्याज, मूली, गाजर, मटर, बकला, मैथी और सरसो के उन्नत किस्म के बीज शामिल है। मानव विकास संस्था के सचिव बीरबल प्रसाद ने बताया कि इसका उद्देश्य आदिवासी किसानों को अधिक कुशल कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इससे उनकी समग्र उत्पादकता, लाभप्रदता और जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि हो सके। बीज वितरण के अलावा, प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया। मानव विकास संस्था से जुड़े 474 आदिवासी किसानों को बीज दिया गया।

### कटकमसांडी : बिरहोर टंडा में लगा स्वास्थ्य मेला



**कटकमसांडी।** गुरुवार को कटकमसांडी बिरहोर टंडा में स्वास्थ्य मेला में 28 बिरहोरों का मलेरिया जांच किट व स्लाइड से दिया गया। एनसीडी में बीपी व सुगर के छह व ओपीडी में 56 मरीजों का इलाज कर दवाएं दी गई। इस मौके पर एमओआईसी डॉ. भूषण राणा व डॉ. अमित कुमार ने आदिम जनजातियों का इलाज किया। स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने में सीएचओ एकता चौधरी, एनएम रेणु कुमार व सरिता देवी, एमटीएस सुरेंद्र कुमार, सीओ कमलेश कुमार, एमपीडब्ल्यू प्रदीप गिरी, बीटीटी विनोद विश्वकर्मा, शिक्षक मुकेश पांडेय, एडब्ल्यूएस गांगी मिंज व सहिया दामयंती देवी का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पंजीयन कराने में छात्र-छात्राओं से जबरन वसूली

चरही ।उत्क्रमित उच्च विद्यालय चुरचू में विद्यार्थियों से मैट्रिक परीक्षा 2025 के रजिस्ट्रेशन के नाम पर निर्धारित राशि से ज्यादा लेने का मामला का लिखित शिकायत जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला उपायुक्त हजारीबाग तक पहुंच गया है। लिखित शिकायत आवेदन में निर्धारित राशि से ज्यादा रकम वसूले जाने की शिकायत अभिभावकों ने नहीं बल्कि स्कूल के ही दो सहायक शिक्षक व स्कूली छात्रों के द्वारा किया गया है। स्कूल में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन का फॉर्म भरा जाना है। स्कूल के सचिव व लिपिक के खिलाफ जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिए गए आवेदन में छात्राओं से 310 रुपए और छात्रों से 425 से 430 रुपए लिए जा रहे हैं। जैक से छात्राओं के लिए मात्र 250 और छात्रों के लिए 310 रुपए निर्धारित है।वही इस मामले को लेकर सहायक शिक्षक विकास कृष्ण व गणेश प्रसाद के द्वारा स्कूल स्तर पर इस मामले ने छानबीन कर बताया है कि प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद महथा और लिपिक प्रभात कुमार गुप्ता मिलकर विद्यार्थियों से अधिक रकम की वसूली की गई है। दोनों शिक्षकों अधिक रकम दिए जाने का विरोध किया तो हमारा अक्टूबर माह का वेतन रोक दिया गया है।

### सड़क हादसे में पत्नी की मौत, पति घायल

बरही। खोड़ाहर देवचन्दा मोड़ के समीप कार की चपेट में आने से रालो निवासी गीता देवी की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। पति प्यारेलाल यादव गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करने में सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान सहित स्थानीय ग्रामीणों ने सहयोग किया। उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने तत्काल प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया।

### भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सज्जा प्रतियोगिता



**बरही।** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कक्षा पंचम से कक्षा दशम तक के भैया बहनों के बीच कक्षा सज्जा प्रतियोगिता हुआ। सभी भैया बहनों ने शिक्षण को आधार मानकर अपनी हस्तकला का प्रदर्शन कर अपनी अपनी कक्षा को सुन्दर रूप प्रदान किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, साहू समाज मुखिया सुरेश साहू एवं प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने निभाया। कक्षा पंचम से सप्तम तक की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान षष्ठ (अ), द्वितीय स्थान सप्तम (ब), तृतीय स्थान षष्ठ (ब) ने प्राप्त किया। वहीं कक्षा अष्टम से दशम तक में प्रथम स्थान अष्टम (ब), द्वितीय स्थान दशम (ब), तृतीय स्थान नवम (ब) ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे सांस्कृतिक मूल्यों के रक्षा करता है।

स्पीड न्यूज

## सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**बलियापुर।** झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत बलियापुर बरदाहा भाया बांधडीह में (लंबाई 6.10 कि.मी.) कार्य का शिलान्यास धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह, धनबाद जिला परिषद अध्यक्षा शारदा सिंह एवं सिंदरी विधायक प्रतिनिधि तारा देवी के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर भाजपा के अनेक वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता, मुखिया, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## पहला कदम स्कूल ने लगाया दीया-बाती स्टॉल

**मैथन।** जगजीवन नगर स्थित नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित पहला कदम स्कूल का धनतेरस दीपावली के पूर्व दिव्यांग बच्चों के सहायतार्थ हेतु एमपीएल के परिसर में दीया बाती स्टॉल का उद्घाटन मैथन पावर लिमिटेड, सीएसआर के जीएम मृत्युंजय राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर एमपीएल कल्याण माजी, एस चटर्जी, सुजीत कुमार प्रामाणिक, सोमेन कुमार मंडल, आर लकरा, कुंतल मित्रा, काजल सिंह, राजेश जयश्री, शेखर मिश्रा, दुर्गेश मिश्रा, संजय, अजय कुमार, मृतुंजय राय, उपस्थित थे।

## सैमसंग प्लाजा फुसरो के प्रोपराइटर रवि सिंह का मना जन्मदिन

**बेरमो।** बेरमो के हृदय सम्राट के नाम से विख्यात सैमसंग स्मार्ट प्लाजा फुसरो के प्रोपराइटर रवि सिंह उर्फ पिंटू सिंह का जन्मदिवस बड़े ही धूमधाम के साथ फुसरो मे मनाया गया। इस दौरान मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि रवि सिंह बेरमो मे सभी के दिलों पर राज करते है। इनका सेंस ऑफ ह्यूमर कमाल का है। इनकी हर बातें समझदारी से भरी होती हैंण्चाहे कोई भी विषय हो। मौके पर भाजपा नेत्री डॉक्टर उषा सिंहए भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह, एसी मोर्चा के अध्यक्ष चंदन राम एओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष लाल मोहन महतो, भाजयुमो महामंत्री शनि सिंह, ओम प्रकाश रजा आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

## बोल्डर लदा तीन हाइवा जप्त

मरकच्चो (कोडरमा)। नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित कानिकेंद जंगल के समीप एसपी अनुदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में बुधवार की देर रात्रि करीब 1 बजे वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बगैर चालान बोल्डर लदा तीन हाइवा वाहन संख्या जेएच11ई/4652, बीआर25जीए/3055 व एआर20बी/3078 नंबर की गाड़ियों को उक्त मार्ग पर पहले से मौजूद पदाधिकारीयों ने सभी गाड़ी को रोक कर चालक से बोल्डर से संबंधित चालान व गाड़ी से संबंधित अन्य कागजात की मांग की गयी। चालक द्वारा बोल्डर से संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर वाहन व सभी चालक को अपने कब्जे में लेते हुए अग्रेतर कार्रवाई के लिए नवलशाही थाना परिसर में सभी वाहनों को सुरक्षित रखा गया है।

## गुमशुदगी को लेकर थाना में दिया आवेदन

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बेकोबार निवासी बैजनाथ पंड़ित पिता स्व. बेदन पंडित ने कोडरमा थाना में अपने 39 वर्षीय पुत्र सहदेव पंडित की गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में बताया कि मेरा पुत्र सहदेव पंडित बुधवार सुबह से लापता है। वह पिछले तीन वर्षो से देवलाल साव ग्राम भोंडो थाना चन्दवारा निवासी ठेकेदार के साथ काम करते आ रहा है। कुछ दिनों से वहां काम बन्द था परन्तु 3 नवंबर की रात को देवलाल मेरे घर आया और मेरे पुत्र से कहा काम चालू हो गया। तिलैया फुटानी चौक बिशुनपुर रोड में काम करना है, मेरा पुत्र उस दिन से वहां काम करने लगा। दिनांक सात नवंबर को भी वह अपने मोटर साइकिल जेएच12क्यू/7489 से काम पर गया और शाम को काम कर अपनी बहन गिरिजा देवी पति तुलसी पंडित ग्राम ढाबथाम थाना चन्द्रवारा के घर चला गया। रात में वहीं रुकने के बाद बुधवार आठ नवंबर की सुबह अपने बहन के घर से काम के लिए निकला और शाम को घर नहीं लौटा तो उसे फोन किया गया मगर फोन बन्द बता रहा था।

### विधिक सेवा दिवस पर कानून का अलख जगाने निकले न्यायाधीश

# जानकारी के अभाव में अधिकारों से वंचित हैं लोग : न्यायाधीश बारला

**बस्ताकोला झरिया गायत्री मंदिर परीसर में विधिक सेवा शिविर**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में 3 नवंबर से विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के आदेश पर गुरुवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के दिन बस्ताकोला झरिया स्थित गायत्री मंदिर परीसर में विधिक सेवा शिविर व एन जी ओ मां वात्सल्य ट्रस्ट के सहयोग से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद निताशा बारला उपस्थित थे। अपने संबोधन में न्यायाधीश श्रीमती बारला ने कहा कि हर नागरिकों के लिये उचित निष्पक्ष और न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने व जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर वर्ष 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस की शुरूआत पहली बार 1995 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिये की गई थी। नालसा का गठन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत समाज के कमजोर वर्गों को निःशुल्क कानूनी सेवाएँ प्रदान करने के लिये और विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिये लोक अदालतों का आयोजन करने के उद्देश्य से किया गया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश इसके मुख्य संरक्षक होते है । न्यायाधीश श्रीमती बारला ने बताया कि देश के किसी हिस्से में किसी भी तरह के कानूनी जानकारी व सहायता के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 जारी किया गया है जिस पर आप फोन कर किसी भी तरह की कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 5 दिसंबर 1995 को भारतीय राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया था। राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण ने जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सहायता और परामर्श, मध्यस्थता और सौहार्दपूर्ण निपटान के माध्यम से मामलों के निपटान सहित गतिविधियों को अंजाम दिया। इस प्रकार, यह भारतीय अदालतों के बैकलॉग को कम करने के साथ-साथ जरूरतमंद वादियों को न्याय प्रदान करने का एक अनूठा प्रयास है।

### 1995 में पहली बार मना था राष्ट्रीय कानूनी सेवा दिवस

पहली बार 1995 में राष्ट्रीय कानूनी सेवा दिवस मनाया गया था। राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता सुनिश्चित करता है।सिविल में एएसजी अस्पताल द्वारा दर्जनों लोगों के नेत्र की जांच की गई वहीं दर्जनों लोगों को लेबर कार्ड वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन दिव्यांग पेंशन प्रदान किया गया। मौके पर बेस्ट पैरा लीगल वालंटियर के रूप में हेमराज चौहान, डीपेंटी गुप्ता, राजेश सिंह व को सम्मानित किया गया। वहीं बेस्ट पैनल अधिवक्ता के रूप में जया कुमारी एवं श्रीनिवास प्रसाद को सम्मानित किया गया। मंडल कारा धनबाद में भी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें न्यायाधीश श्रीमती बारला ने बेस्ट पीएलबी के रूप में शिव शंकर दास को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### फाइनल राउंड में पहुंचे 56 विद्यार्थी

मौके पर हीरालाल चौहान, किशोर कुमार रामाशीष चौहान, शिवनारायण, विभूति शरण सिंह, डॉक्टर रवि कुमार सिंह, डॉक्टर संजय कुमार रजक, विनोद कुमार पटेल, गौतम कुमार, सतीश कुमार, किशोर कुमार, झरीलाल नोनिया, सुमंती कुमारी, डालसा सहायक सौरभ सरकार मौजूद थे।

## शिक्षा की रक्षा : स्कूल बच्चों की सुरक्षा में सभी का योगदान: शारदा सिंह



**धनबाद।** गुरुवार को सिंदरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पतरींग में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट योजना अंतर्गत धनबाद जिला के गोविंदपुर प्रखंड पतरींग में प्राथमिक विद्यालय, पतरींग में चारदीवारी एवं गेट निर्माण कार्य का शिलान्यास धनबाद जिला परिषद अध्यक्षा शारदा सिंह जी एवं सिंदरी विधायक प्रतिनिधि तारा देवी जी ने संयुक्त रूप से किया। पतरींग पंचायत के मुखिया द्वारा चेयरमैन जी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस क्रम में चेयरमैन शारदा सिंह जी ने कहा कि बच्चें देश के भविष्य है और इनकी सुरक्षा हमारी जिम्मेवारी है। डीएमएफटी द्वारा हर स्कूल में चारदीवारी का निर्माण विशेष कर बच्चों के सुरक्षा को लेकर किया जा रहा है, क्योंकि स्कूल खुला मैदान की तरह है, स्कूल में छोटे छोटे बच्चे हैं, तो स्कूल में जंगली जानवर घुस सकते है।

# शिमला बहाल में मिला डेंगू का मरीज

### पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** शिमला बहाल के आजाद पासवान का पुत्र अनुराग पासवान तबियत खराब होने पर पीएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती किया गया। जहाँ जांच के बाद डेंगू होने की पुष्टि हुई उसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झरिया सह जोड़ापोखर की स्वास्थ्य टीम शिमला बहाल पहुंची। कई लोगो को बुखार पीड़ित होने की सूचना मिली जिनमे कुल 20 लोगो की स्लाइड कलेक्शन किया गया। 17 लोगो की डेंगू जांच हेतु शैम्पेल कलेक्शन कर पीएमसीएच जांच के लिए भेजा गया था ।जिनमे पंकज सिंह, अशोक कुमार सिंह, ज्योति कुमारी, चांदनी कुमारी, अभिषेक कुमार, बिपुल कुमार, रेणु देवी की रिपोर्ट पॉजिटिव आई ।उसके बाद स्वास्थ्य टीम के द्वारा पूरे क्षेत्र में लरवानाशी दवा का छिड़काव किया गया । जन जागरूकता के लिए प्रचार प्रसार किया गया। हैंडबिल की वितरण किया गया सभी पॉजिटिव मरीजो से मिलकर डेंगू रोग से बचने के बारे में बताया गया। यहां लोगो का कहना है कि पानी की किल्लत के कारण हमलोग पानी की स्टॉक करके रखते है टीम में डॉ दिलीप कुमार, वरुण कुमार, सत्यवान , बबलू कुमार के अलावे शैम्पेल कलेक्शन को अवधेश और छिड़काव दल ।

# पटाखा विक्रेता बरतें सावधानी : उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सुरक्षित एवं सुखद दीपावली मनाने के बाबत उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करने की अपील करते हुए कहा कि आम तौर पर दीपावली में आतिशबाजी करके हर्षोल्लास व्यक्त किये जाने की परंपरा है। हमारी छोटी सी असावधानी जानलेवा साबित हुई है। अतः सुरक्षा निर्देश का शत प्रतिशत सभी अनुपालन करें। आमजनों के साथ पटाखा विक्रेता भी विशेष सावधानी बरतें। प्रशासन द्वारा पूर्व निर्धारित स्थल पर ही 125 डेसीबल से काम के पटाखे की बिक्री करें। पटाखा बिक्री से पूर्व प्रशासन एवं अग्निशमन विभाग से अनुमति अनिवार्य रूप से लें। अन्य निर्देशों को जारी करते हुए उन्होंने कहा कि जो भी पटाखा विक्रेता निर्देशों का पालन नहीं करेगा उन पर जिला प्रशासन द्वारा उचित एवं विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। आमजनों के लिये जारी सुरक्षा निर्देश के अनुपालन की अपील करते हुए अच्छे ब्रांड वाले पटाखे खरीदने अधजले पटाखे दोबारा न जलाने घनी आबादी अथवा भीड़.भाड़ वाले जगह सकरी गलिया अथवा घर के अंदर कभी भी पटाखें न जलाने आदि की सलाह दी।

## मंदिर में रंग रोगन कार्य जोरों पर

**बेरमो।** मां दक्षिणेश्वरी महाकाली की पूजा दुग्दा बस्ती के फुलझरिया में 200 बरस से भी अधिक वर्षों से चली आ रही है। मान्यता है कि यहां जो भी भक्तजन सच्चे दिल से मन्नत मांगते है। मां काली उनकी मनोकामना अवश्य पूरी करती हैं। जिस कारण मां काली पर भक्त जनों की असीम आस्था है। मां काली पूजा इस वर्ष 11 नवंबर संजोत के साथ प्रारंभ होगी। 12 नवंबर उपवास को बारी लाने की अद्भुत और अविश्वसनीय परंपरा है। जिसे देखने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ती है। एवं रात्रि से माता को खुश करने के लिए बकरे की बली दी जाती है। यहां पर माता की पूजा अर्चना शुरू से ही चक्रवर्ती परिवार के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। पूजा की तैयारी को लेकर मंदिर की रंग.रोंगन के साथ साफ सफाई कार्य कालो बाबा की देखरेख में जोरो से चल रही है। जहां स्थानीय मुखिया रीतलाल रजक की सराहनीय योगदान भी रहता है। इस मौके पर वृंदावन चक्रवर्तीए असीम चक्रवर्तीए अशोक चक्रवर्तीए उत्तम चक्रवर्ती मनोज चक्रवर्तीए आदित्य चक्रवर्तीए गांधी चक्रवर्तीए गोपाल चक्रवर्तीए जनार्दन चक्रवर्तीए पिंटू चक्रवर्तीए मंटू चक्रवर्तीए सरोज सिंहए मनजीत सिंह एवं श्रीकांत चक्रवर्ती का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

## कैपिटल विश्वविद्यालय परिसर में ऑनलाईन कानूनी जागरूकता सेमिनार का आयोजन

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया चित्रगुप्त नगर स्थित कैपिटल विश्वविद्यालय परिसर में ऑनलाईन कानूनी जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में एसोसिएट प्रो. डिपार्टमेंट ऑफ लॉ डॉ. अमिता राठी एवं सीनियर एडवोकेट विनय चिकारा उपस्थित थे। वहीं डॉ. राठी ने कहा कि कानूनी शिक्षा की जानकारी बच्चों को स्कूल तथा कॉलेजों, विश्वविद्यालयों में आवश्यक रूप से देनी चाहिए ताकि बच्चे किसी भी गलतफहमी का शिकार न हो और अपने अधिकारों की जानकारी उन्हें हो सके। वहीं कैपिटल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत सिंह ने कहा कि कानूनी जागरूकता हमारे पाठ्यक्रम का एक हिस्सा होना चाहिए ताकि हमारे देश के पिछड़े जनजाति बहु-बेटियां सभी को उनके अधिकारों का पता हो। यह जरूरी नहीं है कि हम कानूनी शिक्षा सिर्फ व्यवसाय के लिए प्राप्त करें बल्कि कानूनी शिक्षा अपने बचाव के लिए भी जरूरी है। वहीं तेजनारायण ने कहा कि कानूनी शिक्षा बच्चों का अधिकार है जो हमें आवश्यक रूप से देनी चाहिए। मौके पर निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार, मार्केटिंग प्रबंधक विशाल कुमार यादव, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं प्रो. सुलोचना नायक व छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## पंचखेरो जलाशय में मत्स्य बीज डाला गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचखेरो जलाशय में गुरुवार को जिला मत्स्य पदाधिकारी के उपस्थिति में लगभग तीन लाख 86 हजार मत्स्य बीज डाला गया। वहीं मत्स्य बीज प्रमुख विजय सिंह, डीआरडीए के गौराग महतो, जिला मत्स्य पदाधिकारी विजय कुमार सिंह, बीडीओ पप्पू रजक, मुखिया रंजीत कुमार सिंह की उपस्थिति में डाला गया। वहीं प्रखंड प्रमुख विजय सिंह एवं उपस्थित पदाधिकारी पूरी तरह मुश्तैद दिखे और अपने निगरानी में मत्स्य बीजों की गिनती कर उसे डैम में संचयन करवाया। वही प्रमुख बिजय कुमार सिंह ने बताया की पहले मत्स्य बीज डालने में गड़बड़ी की शिकायत मिल रही थी, इसलिए आज पदाधिकारियों की उपस्थिति में पूरी पारदर्शिता के साथ बीजों की गिनती कर संचयन करवाया गया। उन्होंने कहा की जलाशय में छोड़े गए मछली के बीज लगभग दस महीने में डेढ़ किलो साइज का होगा, फिर उन्हें बेचकर विस्थापित परिवार अपने जीवकोपार्जन अच्छे से कर सकेंगे। मौके पर सिकंदर वर्मा, संजय कुमार वर्मा, माहेश्वरी कुशवाहा, सिकंदर वर्मा, साल्टी वर्मा, पप्पू वर्मा, राजेंद्र कुशवाहा, महेन्द्र कुशवाहा, संजय वर्मा, रामाशंकर वर्मा आदि मौजूद थे।

# इंटर स्कूल माइम प्रतियोगिता का किया गया आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मान्यता प्राप्त विद्यालयों के समूह कोडरमा स्कूल सहोदया कॉम्प्लेक्स के द्वारा चाराडीह स्थित बीआर इंटरनेशनल इंटर स्कूल में माइम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मॉडन पब्लिक स्कूल, विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल, जीएस पब्लिक स्कूल, मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी, डीएवी पब्लिक स्कूल, बीआर इंटरनेशनल स्कूल, सेक्रेड हार्ट स्कूल, ग्रिजली विद्यालय, झारखंड पब्लिक स्कूल, मेरिडियन अकैडमी के बच्चों ने भाग लिया। सभी विद्यालय की ओर से सामाजिक कुरीतियों जैसे सोशल मीडिया का दुरुपयोग, सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव, जल संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, भ्रूण हत्या एवं कई अनेक सामाजिक बुराइयों से संबंधित माइम को प्रस्तुत कर बच्चे सराहना के पात्र बने। बच्चे समाज को आईना दिखाते हुए नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे लोगों ने खूब सराहा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव उपस्थित रही, जिन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि माइम नृत्य मैंने पहली बार देखी। केवल शारीरिक एक्सप्रेशन से सामाजिक कुरीतियों को मंच तक लाकर लोगों को संदेश देने के लिए कार्यक्रम में शामिल सभी बच्चों एवं शिक्षकों को बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद।

इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के अंदर मानसिक व शारीरिक रूप से सक्रियता बढ़ती है। वहीं सहोदया कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष व मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने अपने भाषण से सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किए। साथ ही साथ कहा कि बच्चों के अंदर प्रतियोगी भावना लाने और उसके विकास के लिए इस तरह का कार्यक्रम आगे भी आयोजित की जाती रहेगी। इस प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट स्कूल प्रथम, वहीं मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी द्वितीय, एवं बीआर इंटरनेशनल स्कूल तृतीय स्थान प्राप्त किया। अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालयों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

एक नजर में

## महिला समूहों के बीच फलदार पौधों का वितरण



**बोकारो।** विश्व शांति सेवा परिषद के तत्वावधान में कनारी पंचायत की महिला समूह में फलदार पौधों का वितरण किया गया एवं गृह स्वरोजगार से जोड़ने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रदेश मीडिया प्रभारी गंगेश कुमार पाठक ने कहा कि परिषद आने वाले समय में ग्रामीण महिलाओं को रोजगार प्रदत्त प्रशिक्षण की सुविधा भी प्रदान करेगी। केंद्रीय मंत्री डॉक्टर अशोक पांडेय के अथक प्रयासों के द्वारा अनेक सामाजिक दायित्वों की पूर्ति की जा रही है। अपने संबोधन में केंद्रीय वित्त सचिव दिनेश चौबे ने सामाजिक सौहार्द को बनाते हुए महिला सशक्तिकरण पर विशेष टिप्पणी की और एकजुटता पर भरोसा जताया। कार्यक्रम में उत्तरी क्षेत्र के उदय गोस्वामी एवं ग्रामीण महिलाओं ने खुशी जाहिर की।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो।** बीएसएल के डीएनडब्ल्यू विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल में स्विच गियर पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मेसर्स सीमेंस लिमिटेड के संकाय संदीप कोले के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कार्यकारी सीजीएम संजीव भारतीय जीएम संजय कुमार तथा देवा श्री रानी टोप्पो उपस्थित थे। वरीय प्रबंधक ;मासंविद्ध जी के सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान के अलावा वास्तविक उपकरण पर प्रयोगात्मक पहलू से रूबरू किया गया। उद्घाटनकर्ता श्री भारतीय ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। श्रीमती टोप्पो ने सभी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम को अन्तः क्रियात्मक बनाकर अपने अर्जित ज्ञान को विभाग के लोगों के साथ साझा करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के आयोजन में वरीय ऑपरेटिव राकेश कुमार तथा कौशलेन्द्र प्रताप सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## एफपीओ का निदेशक प्रशिक्षण संपन्न

**बोकारो।** बोकारो क्लब स्थित सभागार में एचडीएफसी परिवर्तन कार्यक्रम अंतर्गत बोकारो एवं रामगढ़ जिले में बने विभिन्न फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन अंतर्गत विभिन्न कंपनी निदेशक एवं कार्यकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डीडीसी कीर्तीश्री जी ने कहा कि पारंपरिक कार्यों से इतर बाजार की आवश्यकता अनुरूप फसलध्उत्पादों पर कार्य करें। प्रशासन कृषि कार्य को बढ़ावा देनेध्एफपीओ के समग्र विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। हर संभव सहयोग उपलब्ध किया जाएगा। उन्होंने कंपनी निदेशकों को कंपनी का लक्ष्य उच्च रखने एवं योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने को कहा। वहींए बेहतर कार्य करने वाले कंपनी निदेशकों को उप विकास आयुक्त द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में बतौर प्रशिक्षक प्रोफेसर वी पद्मनन्दि ने विभिन्न कंपनी निदेशकध्कार्यकारी सदस्यों को बेहतर प्रदर्शन को लेकर विभिन्न बिंदुओं का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण सत्र में जीटी भारत के निदेशक रिशु रवि जीटी भारत बोकारो एवं जीटी भारत रामगढ़ की पूरी टीम उपस्थित रहे।

## कस्तूरबा श्रीविद्या निकेतन में बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के कस्तूरबा श्रीविद्या निकेतन ढोरी में संकुल स्तरीय बालिका व्यक्तित्व शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंहएसहित भाजपा नेत्री अर्चना सिंहए विघालय सचिव घीरज पांडेयए संकुल सचिव अमित सिंहए प्राचार्या इंद्रावती मिश्रा आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यहा स्वागत गीतए एकल नृत्य एझारखंडी नृत्य और विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पेज 5 का शेष

### बिहार अब 75%...

ऐसे में उन्होंने इसका शिगूफा छेड़कर गेंद मोदी सरकार के पाले में डाल दी है। आने वाले चुनाव में वह यह कहते हुए फायदा उठा सकते हैं कि वह तो प्रदेश में आरक्षण सीमा बढ़ाना चाहते हैं, लेकिन इस मुद्दे पर उन्हें केंद्र सरकार का साथ नहीं मिल रहा है।

### राज्य को विकसित बनाना...

**हर आवेदक को फलदार पौधा दें :** सीएम ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगने वाले शिविरों में आने वाले सभी आवेदकों को फलदार पौधा देना सुनिश्चित करें और उन्हें वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित करें। कार्यक्रम के तहत हेल्थ चेकअप कैंप भी लगाया जायेगा। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव एल खियांगते, प्रधान सचिव राजीव अरूण एक्का, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे समेत समेत कई विभागों के सचिव और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### 25 हजार घूस लेते...

उसने सीओ प्रदीप कुमार से भी भेंट की, पर काम नहीं बना। इसके बाद उसने एसीबी दफ्तर में लिखित आवेदन दिया। आवेदन के बाद पूरे मामले की जांच की गयी तो मामले में सच्चाई मिली। एसीबी टीम ने सीओ और दूसरे कर्मियों को ट्रैप करने की रणनीति बनायी।
**25 हजार सीओ को, 3 हजार कर्मचारी का :** एसीबी के द्वारा प्राप्त निर्देश पर शिकायतकर्ता गुरुवार को 25 हजार रुपये लेकर रातू सीओ के कार्यालय पहुंचा। वहां पहले से ही कर्मचारी सुनील कुमार और एक दलाल उपस्थित था। एसबीसी के दो अफसर भी शिकायतकर्ता के साथ सीओ के पास पहुंचे। जैसे ही शिकायतकर्ता ने पैसे सीओ को थमाया, एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ धर दबोचा। कर्मचारी और दलाल ने भागने की कोशिश की लेकिन वे भाग नहीं सके।

### झारखंडी हमेशा से ही...

**आपके जोश से ताकत मिलती है :** सीएम ने विद्यार्थियों से कहा कि अपने झारखंडी आत्मा की लड़ाई लड़ी थी। आप पर लाठी डंडे चले थे, आपके खिलाफ मुकदमे दर्ज किये गये। इसे देखकर हमें भी काफी तकलीफ हुई थी। ऐसे में जब हमारी सरकार बनी तो इस तरह के मामलों में पूरी संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए आदिवासी-मूलवासी के हित में लगातार निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपका जोश और उत्साह को देखकर सरकार को भी ताकत मिलती है। **यहां के लोगों भावनाओं की कद्र करनी होगी :** सीएम ने कहा कि यहां काम करने वाले सभी लोगों को आदिवासी- मूलवासी के साथ मिलकर रहना सीखना होगा। उनकी भावनाओं का ख्याल करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार झारखंड वासियों के हितों, उम्मीदों, आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर लगातार कई निर्णय ले रही है। हमारे इन निर्णयों का परिणाम देखने को मिलना शुरू हो गया है। सीएम ने कहा कि लगभग 40 वर्षों के संघर्ष, आंदोलन और हजारों की शहादत के बाद हमें अलग झारखंड राज्य मिला। पर अलग राज्य बन जाने के बाद भी आपको जो हक और अधिकार मिलना चाहिए था, नहीं मिल सका। पिछली सरकारों ने स्वाभिमानी झारखंडियों को हमेशा दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया। पर अब हमारी सरकार आदिवासियों मूलवासियों दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को पूरे मान-सम्मान के साथ उनका हक व अधिकार दे रहे हैं।

# मूडीज ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.7 फीसदी पर रखा बरकरार


## रेटिंग एजेंसी ने कहा, मजबूत घरेलू मांग से वृद्धि की रफ्तार कायम रहेगी

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज इंवेस्टर्स सर्विस ने कैलेंडर वर्ष 2023 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.7 फीसदी पर बरकरार रखा रखा है। मूडीज का मानना है कि देश में मजबूत घरेलू मांग निकट भविष्य में वृद्धि की रफ्तार को कायम रखेगी।

मूडीज इंवेस्टर्स सर्विस ने गुरुवार को जारी अपने वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य 2024-25 में कहा कि घरेलू मांग में सतत बढ़ोतरी भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही है। मूडीज ने कहा- हमें उम्मीद है कि भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर कैलेंडर वर्ष 2023 में करीब 6.7 फीसदी, 2024 में 6.1 फीसदी और 2025 में 6.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 फीसदी पर कायम रखा है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 7.8 फीसदी रही है, जबकि दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान है। घरेलू खपत एवं ठोस पूंजीगत व्यय और सेवा क्षेत्र की गतिविधि में तेजी से देश की आर्थिक वृद्धि दर मजबूत रही है।

### विकास को मिल रही मजबूती, नियंत्रण में आ रही है मुद्रास्फीति : शक्तिकांत दास



**मुंबई/नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को कहा कि भारत में आर्थिक विकास मजबूत हो रहा है, जबकि अंतर्निहित गतिशीलता और विवेकपूर्ण नीति के कारण मुद्रास्फीति भी नियंत्रण में आ रही है। शक्तिकांत दास ने टोक्यो में एक संगोष्ठी में आरबीआइ के वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिन टेक) परिवेश का जिक्र करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह ग्राहक केंद्रित है। रिजर्व बैंक गवर्नर ने कहा कि आरबीआइ पूरी तरह से सतर्क है। दास ने कहा कि मौद्रिक नीति का रुख आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के साथ महंगाई को काबू में लाने पर है।

## स्पीड न्यूज

### सुप्रीम कोर्ट को मिले तीन नये जज

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट को गुरुवार को तीन नये जज मिले। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने तीनों को पद की शपथ दिलायी। ये जज दिल्ली हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा, राजस्थान हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह और गौहाटी हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संदीप मेहता हैं।

### तेलंगाना में प्रत्याशी के घर छापेमारी

**हैदराबाद।** आयकर विभाग (आइटी) और प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के अधिकारियों ने पूर्व सांसद और पलेरू कांग्रेस उम्मीदवार पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के आवास पर छापेमारी की।

## गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नयी दिल्ली।** पूरे दिन उतार-चढ़ाव के बीच कारोबार करने के बाद घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुए। दिन के अंत में बीएसइ सेंसेक्स 143.41 अंक की गिरावट के साथ 64,832.20 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## आइसीइ के 205 साल के इतिहास में पहली बार भारतवंशी अनुषा शाह बनीं अध्यक्ष

**लंदन (हि.स.)।** ब्रिटेन के प्रतिष्ठित इंस्टीट्यूट ऑफ सिविल इंजीनियर्स (आइसीइ) के 205 वर्षों के इतिहास में पहली बार भारतीय मूल की प्रोफेसर अनुषा शाह को अध्यक्ष चुना गया है। आइसीइ, सिविल इंजीनियर के पेशेवरों का स्वतंत्र संघ और धर्मार्थ निकाय है, जिसके करीब 95 हजार सदस्य हैं। संस्थान के 159वें अध्यक्ष के तौर पर अनुषा शाह ने लंदन स्थित आइसीइ के मुख्यालय में कार्यभार संभाला।

## संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से

**नयी दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू होगा और 22 दिसंबर तक चलेगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर नये संसद भवन का फोटो साझा करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शीतकालीन सत्र के 19 दिनों में 15 बैठकें होंगी। उन्होंने कहा कि अमृत काल के बीच सत्र के दौरान विधायी कामकाज और अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

## अयोध्या में पहली बार हुई योगी कैबिनेट की बैठक

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पहली बार अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में अपने मंत्रिमंडल की बैठक की। इसमें 14 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिली। इनमें एक प्रस्ताव अयोध्या में लगने वाले विभिन्न मेलों के संबंध में है।

### दिल्ली के सीएम केजरीवाल की रिव्यू पिटीशन खारिज

**अहमदाबाद।** पीएम नरेंद्र मोदी के डिग्री केस मामले में गुजरात हाइकोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिव्यू पिटीशन को खारिज कर दिया।

## अस्थिरता-अराजकता फैलाना चाहती है कांग्रेस : नरेंद्र मोदी

**मध्य प्रदेश विस चुनाव**

**भोपाल (हि.स.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के नीमच में चुनावी जनसभा में कहा कि यह जनता है, जिन्होंने देशहित में बड़े फैसले लेने वाली भाजपा की सरकार बनायी है। यह बात कांग्रेस को पच नहीं रही है। कांग्रेस देश में अस्थिरता फैलाना चाहती है, अराजकता फैलाना चाहती है। इसके लिए कांग्रेस ने न जाने किस-किस से समझौते किये हैं। जो लोग भारत के खिलाफ बोलते हैं, कांग्रेस उनके साथ खड़ी नजर आती है। इसलिए मध्य प्रदेश के लोगों को कांग्रेस से सतर्क रहना है। कांग्रेस देश के लिए सिर्फ समस्या पैदा करना जानती है, उसके पास कोई समाधान नहीं होता।

मोदी सतना और छतरपुर के बाद नीमच जिले में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नीमच का देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ये धरती सीआरपीएफ की जन्मस्थली के रूप में जानी जाती है। यहां का फुटबॉल प्रेम भी किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद एमपी में सुशासन की निरंतरता, विकास और समृद्धि को है। ये आशीर्वाद भाजपा के ट्रैक रिकॉर्ड और मोदी की गारंटी को है। मोदी की गारंटी यानी हर गारंटी पूरे होने की गारंटी। इससे बड़ी गारंटी मध्य प्रदेश की जनता ने दी है। मध्य प्रदेश की जनता ने प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने की गारंटी दी है।


### सरकार बनने पर करायेंगे जातिगत जनगणना : राहुल

**भोपाल।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले के नयी सराय क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनते ही पहले मध्य प्रदेश में और केंद्र में सरकार आने पर पूरे देश में जातिगत जनगणना करायेंगे।

































धनतेरस के दिन यम के लिए आटे का दीपक बनाकर घर के मुख्य द्वार पर रखा जाता है। इस दीप को यमदीवा अर्थात यमराज का दीपक कहा जाता है। रात को घर की स्त्रियां दीपक में तेल डालकर नई रुई की बत्ती बनाकर, चार बत्तियां जलाती हैं। दीपक की बत्ती दक्षिण दिशा की ओर रखनी चाहिए। जल, रोली, फूल, चावल, गुड़, नैवेद्य आदि सहित दीपक जलाकर स्त्रियां यम का पूजन करती हैं। चूंकि यह दीपक मृत्यु के नियन्त्रक देव यमराज के निमित्त जलाया जाता है, अतः दीप जलाते समय पूर्ण श्रद्धा से उन्हें नमन तो करें हीं, साथ ही यह भी प्रार्थना करें कि वे आपके परिवार पर दया दृष्टि बनाए रखें और किसी की अकाल मृत्यु न हो।



# यमराज की पूजा का पर्व धनतेरस

रमेश सर्राफ धमोरा

धनतेरस का त्योहार लोगों के जीवन में समृद्धि और स्वास्थ्य लाने के लिए मनाया जाता है। दीपावली का प्रारम्भ धनतेरस से हो जाता है। धनतेरस पूजा को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस के दिन नई वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस के दिन चांदी खरीदने की भी प्रथा है। अगर सम्भव न हो तो कोई बर्तन खरीदें। इसके पीछे यह कारण माना जाता है कि यह चन्द्रमा का प्रतीक है जो शीतलता प्रदान करता है और मन में सन्तोष रूपी धन का वास होता है।



हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दौरान अपने घर पर 13 दीये जलाना चाहिए और अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। जिसमें से सबसे पहले दक्षिण दिशा में यम देवता के लिए और दूसरा धन की देवी मां लक्ष्मी के लिए जलाना चाहिए। इसी तरह दो दीये अपने घर के मुख्य द्वार पर एक दीया तुलसी महारानी के लिए एक दीया घर की छत पर और बाकी दीये घर के अलग-अलग कोने में रख देने चाहिए। माना जाता है कि यह 13 दीये नकारात्मक ऊर्जा और बुरी आत्माओं से रक्षा करते हैं।

धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है। शास्त्रों में कहा है कि जिन परिवारों में धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त दीपदान किया जाता है, वहां अकाल मृत्यु नहीं होती। घरों में दीपावली की सजावट भी इसी दिन से प्रारम्भ होती है। इस दिन घरों को लीप-पोतकर, चौक, रंगोली बना सायंकाल के समय दीपक जलाकर लक्ष्मी जी का आह्वान किया जाता है। इस दिन पुराने बर्तनों को बदलना व नए बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। धनतेरस को चांदी के बर्तन खरीदने से तो अत्यधिक पुण्य लाभ होता है। इस दिन कार्तिक स्नान करके प्रदोष काल में घाट, गौशाला, कुआं, बावड़ी, मंदिर आदि स्थानों पर तीन दिन तक दीपक जलाना चाहिए।

धनतेरस को धन्वन्तरी त्रयोदशी या धन्वन्तरि जयन्ती भी होती है। धनतेरस को आयुर्वेद के देवता का जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति घर लाई जाती हैं। इस दिन लक्ष्मी और कुबेर की पूजा के साथ-साथ यमराज की भी पूजा की जाती है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही वह दिन है जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है। यह पूजा दिन में नहीं की जाती अपितु रात्रि होते समय यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है।

धनतेरस के दिन यमराज को प्रसन्न करने के लिए यमुना स्नान भी किया जाता है अथवा यदि यमुना स्नान सम्भव न हो तो स्नान करते समय यमुना जी का स्मरण मात्र कर लेने से भी यमराज प्रसन्न होते हैं। हिन्दू धर्म में ऐसी मान्यता है कि यमराज और देवी यमुना दोनों ही सूर्य की सन्तान होने से आपस में भाई-बहन हैं और दोनों में बड़ा प्रेम है। इसलिए यमराज यमुना का स्नान करके दीपदान करने वालों से बहुत ही ज्यादा प्रसन्न होते और उन्हें अकाल मृत्यु के दोष से मुक्त कर देते हैं।

धनतेरस के दिन यम के लिए आटे का दीपक बनाकर घर के मुख्य द्वार पर रखा जाता है। इस दीप को यमदीवा अर्थात यमराज का दीपक कहा जाता है। रात को घर की स्त्रियां दीपक में तेल डालकर नई रुई की बत्ती बनाकर, चार बत्तियां जलाती हैं। दीपक की बत्ती दक्षिण दिशा की ओर रखनी चाहिए। जल, रोली, फूल, चावल, गुड़, नैवेद्य आदि सहित दीपक जलाकर स्त्रियां यम का पूजन करती हैं। चूंकि यह दीपक मृत्यु के नियन्त्रक देव यमराज के निमित्त जलाया जाता है, अतः दीप जलाते समय पूर्ण श्रद्धा से उन्हें नमन तो करे हीं, साथ ही यह भी प्रार्थना करें कि वे आपके परिवार पर दया दृष्टि बनाए रखें और किसी की अकाल मृत्यु न हो। धनतेरस की शाम घर के बाहर मुख्य द्वार पर और आंगन में दीप जलाने की प्रथा भी है।

धनतेरस को मृत्यु के देवता यमराज जी की पूजा करने के लिए संध्या के समय एक वेदी (पाट्टा) पर रोली से स्वास्तिक बनाइये। उस स्वास्तिक पर एक दीपक रखकर उसे प्रज्वलित करें और उसमें एक छिद्रयुक्त कोड़ी डाल दें। अब इस दीपक के चारों ओर तीन बार गंगा जल छिडकें। दीपक को रोली से तिलक लगाकर अक्षत और मिष्ठान आदि चढाएं। इसके बाद इसमें कुछ दक्षिणा आदि रख दीजिए जिसे बाद में किसी ब्राह्मण को दे देवें। अब दीपक पर कुछ पुष्पादि अर्पण करें। इसके बाद हाथ जोड़कर दीपक को प्रणाम करें और परिवार के प्रत्येक सदस्य को तिलक लगाएं। अब इस दीपक को अपने मुख्य द्वार के दाहिनी और रख दीजिए। यम पूजन करने के बाद अन्त में धनवंतरी पूजा करें।

इस प्रथा के पीछे एक लोक कथा भी है। कथा के अनुसार किसी समय में एक राजा थे जिनका नाम हेम था। देव कृपा से उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। ज्योतिषियों ने जब बालक की कुण्डली बनाई तो पता चला कि बालक का विवाह जिस दिन होगा उसके ठीक चार दिन के बाद वह मृत्यु को प्राप्त होगा। राजा इस बात को जानकर बहुत दुखी हुआ और उन्होंने राजकुमार को ऐसी जगह पर भेज दिया जहां किसी स्त्री की परछाई भी न पड़े। दैवयोग से एक दिन एक राजकुमारी उधर से गुजरी और दोनों एक-दूसरे को देखकर मोहित हो गये और उन्होंने गन्धर्व विवाह कर लिया।

विवाह के पश्चात विधि का विधान सामने आया और विवाह के चार दिन बाद यमदूत उस राजकुमार के प्राण लेने आ पहुंचे। जब यमदूत राजकुमार के प्राण ले जा रहे थे उस वक्त उसकी नवविवाहिता पत्नी का विलाप सुनकर उनका हृदय भी द्रवित हो उठा। परन्तु विधि के अनुसार उन्हें अपना कार्य करना पड़ा। यमराज को जब यमदूत यह कह रहे थे उसी वक्त उनमें से एक ने यमदेवता से विनती की। हे यमराज क्या कोई ऐसा उपाय नहीं है जिससे मनुष्य अकाल मृत्यु के लेख से मुक्त हो जाए। दूत के इस प्रकार अनुरोध करने से यमदेवता बोले हे दूत अकाल मृत्यु तो कर्म की गति है। इससे मुक्ति का एक आसान तरीका मैं तुम्हें बताता हूं सो सुनो। कार्तिक कृष्ण पक्ष की रात जो प्राणी मेरे नाम से पूजन करके दीप माला दक्षिण दिशा की ओर भेंट करता है, उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। यही कारण है कि लोग इस दिन घर से बाहर दक्षिण दिशा की ओर दीप जलाकर रखते हैं।

धनतेरस हर किसी को समृद्ध और अच्छे स्वास्थ्य का एहसास कराता है। दीपावली धन से ज्यादा स्वास्थ्य और पर्यावरण पर आधारित त्योहार है। दीपावली एक ऐसा त्योहार है जिसके अपने पर्यावरणीय निहितार्थ हैं। मौसम में बदलाव और दीपपर्व में घनिष्ठ सम्बन्ध है। इसे समझते हुए कृपया दीपावली पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां न करें।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

## धनतेरस पूजा का मुहूर्त

**धनतेरस के दिन सोना और चांदी के अलावा रसोई घर में उपयोग किए जाने वाले बर्तन, कुबेर यंत्र, पीतल धातु का हाथी और झाड़ू अनिवार्य रूप से खरीदना चाहिए। यह दिन आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है और इस दिन भगवान धन्वंतरि की अनिवार्य रूप से पूजा की जानी चाहिए। त्रयोदशी तिथि का आगमन दिनांक 10 नवंबर 2023 को दोपहर 12:35 बजे से होगा और दिनांक 11 नवंबर दोपहर 01:57 बजे तक त्रयोदशी तिथि रहेगी।**

**धनतेरस पूजा का मुहूर्त दिनांक 10 नवंबर को 06:02 शाम से 08:00 शाम तक।**

**धनतेरस यम का दीपक 10 नवंबर शुक्रवार को प्रदोष काल 05:44 शाम से 08:19 शाम तक।**

**धनतेरस यम का दीपक 10 नवंबर शुक्रवार को वृषभ कल 06:02 से 08:00 तक।**

## धनतेरस खरीदारी का मुहूर्त चौघड़िया

**10 नवंबर को सुबह 11:43 बजे से 12:26 बजे तक अभिजीत मुहूर्त रहेगा।**

**10 नवंबर को सुबह 11:59 बजे से दोपहर 1:22 बजे तक शुभ चौघड़िया रहेगा।**

**10 नवंबर को शाम 4:07 बजे से शाम 5:30 बजे तक चर चौघड़िया रहेगा।**

**10 नवंबर, 2023 को धनतेरस पर शाम 5:46 बजे से शाम 7:42 बजे तक खरीदारी, दीपदान, और पूजा का शुभ मुहूर्त रहेगा।**

# जीवन और मृत्यु के बीच आंनद का अहसास है दिवाली का उत्सव

बासुकीनाथ पाण्डेय

**भारत** के सबसे बड़े त्योहार दीपावली के लिए बाजार सज धज कर तैयार हो गए हैं। वर्षा ऋतु के पक्ष और शीत ऋतु के प्रारंभ में दीपावली का त्यौहार, इसलिए पूरे भारत का सबसे बड़ा त्यौहार है क्योंकि इन दिनों में कई महत्वपूर्ण ज्योतिषीय योग बनते हैं। जिसके कारण अगले 1 साल तक लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। सफलताएं प्राप्त होती हैं। धनतेरस के अवसर पर इस बार प्रीति योग बन रहा है। आईए जानते हैं कि प्रीति योग में सोना खरीदना चाहिए या चांदी, सिक्के खरीदे या आभूषण, ज्योतिष शास्त्र में क्या लिखा है।

### धनतेरस पर सोना खरीदे या चांदी, सिक्के खरीदे या आभूषण

भारतीय बाजार की सामान्य परंपरा है। धनतेरस के दिन ज्यादातर लोग वह चांदी का सिक्का खरीदने हैं जिस पर लक्ष्मी और गणेश के चित्र बने होते हैं। कुछ लोग सोने के सिक्के खरीदने हैं। सराफा बाजार में पूरे साल भर में जितने सिक्कों की बिक्री नहीं होती इतनी धनतेरस के दिन हो जाती है। ग्वालियर में ज्योतिष के विशेषज्ञ सुनील चोपड़ा का कहना है कि इस बार धनतेरस के अवसर पर प्रीति योग बन रहा है। इस योग में सोना और चांदी दोनों धातुओं की खरीदारी मंगलकारी मानी जाती है परंतु आभूषण खरीदना कल्याणकारी है। शास्त्रों में आभूषण शब्द का विशेष उल्लेख किया गया है।

### धनतेरस पर क्या नहीं खरीदें

काले रंग की वस्तुएं।
गहरे रंग की वस्तुएं।
चीनी मिट्टी के बर्तन।
कांच से बनी हुई वस्तुएं।
लोहे से बनी हुई वस्तुएं।
अल्युमिनियम धातु किसी भी रूप में।

धनतेरस से ही दिवाली शुरू हो जाती है। ऐसी मान्यता है कि समुद्र मंथन के उपरांत धनतेरस के दिन ही भगवान धन्वन्तरि अपने हाथों में अमृत-कलश लिये प्रकट हुए थे। धन्वन्तरि भगवान विष्णु के अंशांश अवतार माने जाते हैं। भगवान धन्वन्तरि आयुर्वेद के जनक कहे जाते हैं।

### धनतेरस के दिन प्रातःकाल क्या करें

धनतेरस के दिन किसी पवित्र नदी में स्नान के बाद भगवान धन्वन्तरि की पंचोपचार पद्धति से पूजा करें। एक चौकी पर भगवान धन्वन्तरि का चित्र जिसमें वे अमृत-कलश लिए हों, स्थापित करें, उस चित्र की धूप, दीप, पुष्प, नैवेद्य, आरती से पूजा करें। इस प्रकार धनतेरस के दिन भगवान धन्वन्तरि की पूजा करने से आरोग्य एवं लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

### मध्यान्ह काल

भगवान धन्वन्तरि की पूजा के के बाद दोपहर में नवीन वस्तुओं का क्रय करें। नवीन वस्तुओं को क्रय करते समय ध्यान रखें कि खरीदी में चांदी की कोई वस्तु जरूर हो। धनतेरस के दिन चांदी खरीदने से वर्ष भर सुख-समृद्धि बनी रहती है।

### सायंकाल (प्रदोषकाल)

धनतेरस के दिन सायंकाल यमराज के निमित्त दीपदान करें, इसे ह्ययम-दीपदान कहा जाता है। घर के मुख्य द्वार के बाहर गोबर का लेपन कर मिट्टी के दो दीयों में तेल डालकर जलायें। यम दीप जलाते समय दीपज्योति नमोस्तुते मन्त्र का जाप करते रहे एवं अपना मुख दक्षिण दिशा की ओर रखें। धनत्रयोदशी के दिन यम-दीपदान करने से घर-परिवार में किसी सदस्य की अकाल-मृत्यु नहीं होती है।

हिन्दू धर्म में जितना महत्व मंत्रोच्चारण और ईश्वर के प्रति आस्था से है, उतना ही महत्व कर्म कांडों का भी है। कर्म कांडों से हमारा आशय, हवन-पूजन, आदि से है। आपने देखा होगा लगभग हर हिन्दू परिवार में मंदिर स्थापित होता है और नित्य दिन उस मंदिर में स्थापित ईश्वर की आराधना हेतु पूजा की जाती है। पूजा करने का तरीका सबका अलग-अलग हो सकता है, यह भी कर्म कांड का ही एक हिस्सा है। आप यह कह सकते हैं कि आस्था और कर्म कांड समानांतर चलते हैं और एक के बिना दूसरा लगभग अधूरा ही है। पूजा-अर्चना करने के पीछे आस्था का होना एक बड़ी वजह है। कुछ लोग स्वार्थ सिद्धि के लिए भी ईश्वर की पूजा करते हैं, लेकिन कहीं ना कहीं यह भी आस्था से ही जुड़ा हुआ ही एक मसला है।

### दीपक जलाना

दीपक जलाना भी पूजा करने का एक तरीका है। मुख्यतः हिन्दू धर्म में सरसो



के तेल या फिर देसी घी में दीपक जलाने का प्रावधान मौजूद है। लेकिन यह दीपक आपके रुके हुए कार्यों और अधूरी इच्छाओं को किस तरह पूरा कर सकता है, यह आपको इस संक्षिप्त से आलेख में बताने जा रहे हैं। हम आपको बताने जा रहे हैं कि हिन्दू धर्म के अंतर्गत दीपक से जुड़े कुछ ऐसे उपाय भी दर्ज हैं जिनको अपनाकर आप अपने जीवन को सहज बना सकते हैं।माना जाता है दीपक प्रज्वलित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा बाहर निकलती है, लेकिन दीपक के साथ भिन्न-भिन्न तरीके के उपयोग आपकी किस मनोकामना को पूरा कर सकते हैं, आइए जानते हैं।

### घी का दीपक

आप बहुत मेहनत करते हैं लेकिन आपको उसके हिसाब से फल हासिल नहीं होता तो आपको रोज शाम देवी लक्ष्मी के सामने लाल बाती रखकर घी का दीपक जलाना चाहिए।

### विष्णु जी की पूजा

प्रमोशन नहीं हो पा रहा है या बार-बार असफलता ही हाथ लगती है तो देवी लक्ष्मी के साथ-साथ विष्णु जी की भी पूजा करें। हाथ में बांधने वाली मौली की बाती बनाकर घी का दीपक जलायें। दीपक में हल्दी और कुमकुम भी मिला लें।

# धनतेरस पर 50 साल बाद यम पंचक शिववास का अद्भुत संयोग

पंडित रामदेव पांडेय

धनतेरस 10 नवंबर को राजधानी समेत विभिन्न जगहों पर मनाया जाएगा। वहीं, 11 नवंबर को छोटी दिवाली होने के कारण खरीदारी का सुखद संयोग बन रहा है।

धनतेरस पर 50 साल बाद यम पंचक शिववास का अद्भुत संयोग, पंडित जी से जानें कब बन रहा खरीदारी का सुखद संयोग

दीपावली से पहले धनतेरस (धन्वंतरि जयंती) पर इस बार 50 वर्षों के बाद यम पंचक शिववास का अद्भूत संयोग बन रहा है। पंडित रामदेव पांडेय के अनुसार, धनतेरस 10 नवंबर को राजधानी समेत विभिन्न जगहों पर मनाया जाएगा। वहीं, 11 नवंबर को छोटी दिवाली होने के कारण खरीदारी का सुखद संयोग बन रहा है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि और शिव योग भी है। पंडित रामदेव पांडेय का कहना है कि यम पंचक शिववास का अद्भूत संयोग इस बार धनतेरस के दिन को काफी खास बना दिया है। इस दिन माता लक्ष्मी के सात कालों के काल महाकाल शिव की पूजा होगी। इस दिन विशेष धातू के रूप में चांदी खरीदना काफी शुभ माना जा रहा है।

यदि एक धातू खरीदनी हो तो सलाह दी जा रही है कि इस दिन यथाशक्ति केवल चांदी की खरीद करें। इससे माता महालक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होगी। इस दिन चांदी की खरीद से 13 गुना लाभ होगा। यम पंचक शिववास होने से भगवान भोलेनाथ की कृपा भी भक्तों पर बरसेगी।

झाड़ू खरीदें

नतेरस के दिन अधिकांश लोग गहना, आभूषण और पूजा के कार्य में प्रयुक्त होनेवाले तांबा, पीतल और कांसे के बर्तन की खरीद करते हैं।इस दिन कोई भी चल या अचल संपत्ति की खरीदारी लाभदायी होता है। विशेषकर इस दिन झाड़ू खरीदने का भी विधान और परंपरा है।

धनतेरस की सही तारीख, खरीददारी का शुभ चौघड़िया मुहूर्त,पूजा के लिए स्थिर लग्न मुहूर्त, क्या खरीदें, सभी जानकारियां

10 को धनतेरस, 11 को खरीदारी का सर्वार्थ सिद्धि व शिव योग

पंडित रामदेव पांडेय बताते हैं कि 10 नवंबर को त्रयोदशी का दिन 1147 बजे से शुरू हो रहा है। इस दिन सभी तरह की खरीदारी की जाती है। इस दिन वृषभ लग्न में दीपावली की तरह ही श्रीगणेश-लक्ष्मी, भगवान धन्वंतरि एवं कुबेर की शुभ, अमृतकाल और चर चौघड़या में पूजा का विधान है। कहा जाता है कि समुद्र मंथन के दिन धन्वंतरि जी स्वर्ण कलश के साथ इस सृष्टि में प्रकट हुए थे। इस उपलक्ष्य में धनतेरस मनाया जाता है। धन्वंतरि जयंती का आयुर्वेद से भी गहरा संबंध है। इस दिन संध्या में तिल तेल का दीपक घर से बाहर अपने आवास की दक्षिणी तरफ दक्षिण मुख जला कर यमदेव के लिए दान करें। वहीं, उन्होंने यह भी बताया कि 11 नवंबर को छोटी दिवाली होने के कारण इस दिन खरीदारी का सुखद संयोग बन रहा है। इसके अलावा सर्वार्थ सिद्धि और शिव योग भी इस दिन है।- माता लक्ष्मी के साथ शिव भगवान का भी होगा पूजन

- तिल का तेल जलाकर यमदेव को करें दान - धन्वंतरि जी स्वर्ण कलश के साथ सृष्टि में प्रकट हुए थे

## भारतीय बैंकिंग सिस्टम की लिक्विडिटी घाटे में चली गई

अनल कुमार

(व्याख्याता एस एस. मेमोरियल कोलेज रांची) आरबीआई के कुछ फैसलों के बाद भारतीय बैंकिंग सिस्टम की लिक्विडिटी घाटे में चली गई है। 21 अगस्त को यह 236 अरब रुपये थी। जब से आरबीआई ने बैंकों को 19 मई से 28 जुलाई के बीच जमा में वृद्धि पर 10ः का रखने के लिए कहा, तब से सरप्लस कम हो रहा है।

भारतीय बैंकिंग सिस्टम की लिक्विडिटी चालू वित्त वर्ष में पहली बार घाटे में चली गई है। ऐसा ड्डारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अस्थायी तरलता निकासी के कदम और टैक्स आउटफ्लो के कारण हुआ है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार 21 अगस्त को बैंकिंग सिस्टम लिक्विडिटी घाटे में है। यह 236 अरब रुपये (284 अरब डलर) है। शेयर मार्केट की बात करें, तो मंगलवार को शुरुआती कारोबार में निफ्टी बैंक और निफ्टी प्राइवेट बैंक हरे निशान पर ट्रेड कर रहे थे।

क्यों आई गिरावट इस महीने की शुरुआत में सरप्लस 28 लाख करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन इसके बाद से यह गिर रहा है। यह गिरावट तब से आ रही है, जब से आरबीआई ने बैंकों को 19 मई से 28 जुलाई के बीच जमा में वृद्धि पर 10ः का ब्त्त रखने के लिए कहा। इससे एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की निकासी हुई है।

आरबीआई ने क्यों लिया था फैसला2 हजार रुपये के नोट वापस लेने से बैंकिंग सिस्टम में जरूरत से ज्यादा नकदी आ गई थी। इसको कम करने के लिए रिजर्व बैंक ने एक अहम कदम उठाया था। लिक्विडिटी यानी नकदी को घटाने के लिए त्ठप् ने बैंकों को 19 मई से 28 जुलाई 2023 के बीच नेट डिमांड टाइम लायबिलिटी (छक्ज्स्) में अतिरिक्त 10 फीसदी ब्त्त मेंटेन करने को कहा था। यह घोषणा आरबीआई एमपीसी की पिछली बैठक में हुई थी। इंक्रिमेंटल कैश रिजर्व रेशियो एक ऐसा तरीका है, जिसे आरबीआई बैंकिंग सिस्टम में अचानक बढ़ी हुई लिक्विडिटी को कम करने के लिए इस्तेमाल करता है। निफ्टी बैंक और निफ्टी प्राइवेट बैंक में उछाल शेयर बाजार की बात करें, तो शुरुआती कारोबार में निफ्टी बैंक और निफ्टी प्राइवेट बैंक दोनों ही हरे निशान पर बने हुए थे। निफ्टी बैंक में 0.12 फीसदी और निफ्टी प्राइवेट बैंक में 0.20 फीसदी की बढ़त देखने को मिली। सेसेंक्स के 30 शेयरों के पैक में इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई हरे निशान पर ट्रेड करते दिखे। जबकि एचडीएफसी बैंक लाल निशान पर ट्रेड करता दिखा।

स्पीड न्यूज

## मां की हत्या का आरोप अपने पिता पर पुत्र ने थाने में लिखाई प्राथमिकी

**गोड्डा।** जिले के मेहरमा थाने के एक 17वर्षीय युवक ने अपनी मां की हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई और हत्या का जिम्मेदार भी पिता को ठहराया। पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथूसिंह मीणा के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए थानाप्रभारी मेहरमा सुनील गोंड ने हत्या के आरोपी राममानंद महतो उम्र 54 वर्ष, पिता स्व० ईश्वर महतो ग्राम मेहारामा, थाना मेहरमा जिला गोड्डा को धर दबोचा। हत्या के आरोपी ने अपनी पत्नी की हत्या की बात कुबूल करते हुए हत्या में प्रयुक्त एक लाठी बरामद कराई और बताया कि इसी लाठी से पीट पीट उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## एसकेएमयू के 11 परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने की तिथि जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा कुल 11 परीक्षाओं के लिए परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरने की तिथि गुरुवार को जारी की है। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी 10 से 24 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय का आधिकारिक वेबसाइट से भर सकते है। परीक्षा फॉर्म भरने के बाद परीक्षार्थी को फॉर्म का हार्ड कॉपी सम्बन्धित महाविद्यालय में 25 से 28 नवम्बर के बीच जमा करना अनिवार्य होगा। परीक्षा फॉर्म बीएससी नर्सिंग थर्ड ईयर, सत्र 2020-24, बीएससी नर्सिंग फोर्थ ईयर, सत्र 2019-23, बीपीटी सेमेस्टर-7, सत्र 2018-22, बीएससी ओफ्थाल्मिक थर्ड ईयर, सत्र 2020-23, बीएससी एमएलटी थर्ड ईयर, सत्र 2020-23, बीफार्मा सेमेस्टर-4, सत्र 2020-24, बीफार्मा सेमेस्टर-5, सत्र 2019-23, बीफार्मा सेमेस्टर-7, सत्र 2018-22, एलएलबी सेमेस्टर-1 स्पेशल ओल्ड कोर्स, एलएलबी सेमेस्टर-3, सत्र 2019-22 एवं एलएलबी सेमेस्टर-6, सत्र 2018-21 के भरे जायेंगे।

## जवान के साथ मारपीट कर वर्दी फाड़ा, आरोपीगिरफ्तार

**दुमका।** जिला के एक पुलिस जवान के साथ मारपीट कर उनकी वर्दी फाड़ देने के मामले में आरोपी अशोक कुमार यादव नामक एक युवक को नगर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह घटना बुधवार की शाम के करीब 6 बजे शहर के टाटा शोरुम के निकट हुई। आरक्षी दरबारी सोरेन के बयान पर उक्त युवक के विरुद्ध मारपीट कर वर्दी फाड़ देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार आरक्षी दरबारी सोरेन टाटा शोरुम के निकट अपने ड्यूटी पर तैनात थे। इसी बीच आरोपी युवक अशोक कुमार यादव एक व्यक्ति से उलझ गया। बीच-बचाव करने के लिए पहुंचे जवान के साथ भी उक्त युवक ने हाथापायी शुरू कर दी। युवक का मनोबल इतना बढ़ा हुआ था कि जवान के वर्दी को फाड़ दिया गया। विवाद बढ़ने पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। बीच सड़क पर विवाद होने पर लोगों की भीड़ भी जुट गयी थी। युवक के पास फाटर सहित कई लोहे के औजार भी पाए गए है। युवक दुमका शहर के गिलानपाड़ा का निवासी है। नगर थाना की पुलिस ने गुरुवार को केन्द्रीय कारा भेज दिया है।

## भतीजी को लेकर थाने पहुंची बुआ, भाई के खिलाफ दर्ज कराया केस

**जहानाबाद।** बिहार के जहानाबाद जिले के शकूराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में पिता के द्वारा अपनी ही नाबालिग बेटी के साथ शारीरिक संबंध बनाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित बच्ची की बुआ की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। लड़की के बुआ ने जो आवेदन दिया है उसमें कहा गया है कि आरोपी अपनी बेटी के साथ शारीरिक संबंध बनाता था। इसका विरोध करने पर हमेशा मारपीट किया करता था। हालांकि किशोरी डर के कारण काफी दिनों से पिता की हैवानियत को बर्दाश्त कर रही थी।

# बिहार विधानसभा में जोरदार हंगामा

### अध्यक्ष की तरफ फेंकी गई कुर्सियां, सदन के बाहर भी भिड़े विधायक

एजेंसी



**पटना।** बिहार विधानसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने जबरदस्त हंगामा किया। हंगामे के दौरान विधायकों ने एक दूसरे की तरफ टेबल पर कुर्सियां फेंकी। मामला हाथापाई तक आ गया लेकिन मार्शलों ने रोक दिया। विधानसभा में बढ़ते बवाल को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष विजय चौधरी ने सदन की कार्यवाही को भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दिया। दरअसल, गुरुवार को जैसे ही बिहार विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई, नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा अपने सीट पर खड़े हो गए और विधानसभा अध्यक्ष को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी बात रखने का मौका दिया जाए। नेता प्रतिपक्ष के आग्रह करने पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अभी प्रश्नकाल चलेगा। उन्हें बाद में अपनी बात रखने का मौका दिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने अल्पसूचित प्रश्न ले लिया और आरजेडी के विधायक डब्ल्यू सिंह को अपनी बात रखने का कहा। इतना सुनते ही सभी भाजपा विधायक एक साथ प्ले कार्ड लेकर अध्यक्ष के आसन के सामने आ गए और नारेबाजी शुरू कर दी। आरजेडी विधायक के अल्पसूचित प्रश्न को पूछने के लिए पहले मौका देने पर भाजपा विधायक अध्यक्ष के आसन (वेल) के पास पहुंचकर जमकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान विधायकों ने रिपोर्टर टेबल पर कुर्सियां फेंकनी शुरू कर दी। इस दौरान भाजपा विधायक जनक सिंह से माकपा विधायक सत्येंद्र यादव इशारे-इशारे में भिड़ गए। हाथापाई पर आमादा सत्येंद्र यादव गुस्से में वेल में पहुंचना चाह रहे थे। इसी दौरान अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान भी बिफरते हुए वेल की ओर बढ़े पर दोनों को मार्शलों ने रोक दिया। सत्ताधारी गठबंधन के कुछ अन्य विधायकों ने भी इन्हें रोका और अप्रिय घटना होने से बच गई।

**विधायकों पर कार्रवाई करेंगे अध्यक्ष :** विधानसभ में हंगामा कर रहे विधायकों को बार-बार शांत कराने के बाद भी जब वह शांत नहीं हुए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी भी गुस्से में आ गए। उन्होंने अपने अधिकारियों को कहा कि रिपोर्टरों की कुर्सियों को टेबल पर फेंकने वाले लोगों का नाम नोट कीजिए। सभी पर हर हाल में कार्रवाई होगी। इसके बाद उन्होंने पहले 12 बजे तक विधानसभा की कार्यवाही स्थगित की और जब हंगामा शांत नहीं हुआ तो भोजनावकाश तक के लिए सदन को स्थगित कर दिया।

### हम लोगों को बोलने नहीं दिया गया : भाजपा

वहीं, इस पूरे मुद्दे पर भाजपा विधायक और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने भी अपनी बात रखी। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि वे लोग सरकार द्वारा लाए गए आरक्षण के पक्ष में थे। भाजपा ने इसमें कुछ संशोधन दिया था। इसी तरह दलित सरकारी कर्मियों की प्रोन्नति के संबंध में भी वह कुछ कहना चाहते थे पर बोलने नहीं दिया गया। सदन में पूरी तरह से अराजकता है। वहीं, भाजपा विधायक से भीड़ने वाले माकपा विधायक सत्येंद्र यादव ने कहा कि उन्हें विपक्ष के अंदाज पर गुस्सा आ गया। विपक्ष सदन में सवाल पूछने का मौका बाधित कर रहा। इसी गुस्से में वह आगे बढ़ गए थे।

# टीबी ग्रसित किशोरी को छोड़ काम करने चले गये माता-पिता, सूचना मिलने पर सीडब्ल्यूसी ने लिया संज्ञान

### मसलिया के पूर्व प्रमुख के संरक्षण में किशोरी का करवाया जा रहा इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** मसलिया के नयाडीह पंचायत क्षेत्र की रहनेवाली 13 वर्ष की किशोरी को घर पर छोड़ उसके माता-पिता काम करने के लिए पश्चिम बंगाल चले गये। वह भी तब जबकि किशोरी टीबी से ग्रसित थी। किशोरी अपने घर से निकल कर जब वह भटक रही थी तो मसलिया की पूर्व प्रमुख सोनी कपुर मुर्मू को मिली। पूर्व प्रमुख ने उसे अपने घर पर आश्रय दिया और समाजिक कार्यकर्ता सचिन नंदी के माध्यम से यह खबर सीडब्ल्यूसी चैयरपर्सन के पास पहुँचा, जिससे बाद सीडब्ल्यूसी ने मामले पर संज्ञान लेते हुए उसे समिति के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया था। तत्पश्चात उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार, सदस्य रंजन कुमार सिन्हा, डॉ राजु कुमार उपाध्याय एवं नूतन बाला ने इस मामले की सुनवायी करते हुए किशोरी का प्रोडक्सन लिया। किशोरी ने बताया कि उसके माता और पिता दोनों लंबे समय से पश्चिम बंगाल में मजदूरी कर रहे हैं। घर पर उसके अलावा उसका भाई है। बीमारी के कारण वह घर से निकल गयी। पूर्व प्रमुख ने उसे अपने घर पर रख लिया और उसकी चिकित्सकीय जांच करवायी जिसमें टीबी होने की पुष्टि हुई है। वह कक्षा- 5 तक पढ़ी है। समिति के आग्रह पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चंद्र ने डीसीपीयू की तरफ से टीबी ग्रसित इस किशोरी को निश्चय मित्र योजना के तहत गोद ले लिया और उसे पौष्टिक भोजन के रूप में हॉरलिक्स, अरहर व चना दाल, चना, गुड़ और अंडा दिया। डीसीपीयू यूनिट अगले छह माह तक इस किशोरी को पौष्टिक आहार उपलब्ध करवायेगी। मसलिया के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया है कि किशोरी का मसलिया में ही इलाज किया जायेगा। समिति ने पूर्व प्रमुख को फिट पर्सन घोषित करते हुए किशोरी को उसके साथ घर भेज दिया। साथ ही पूर्व प्रमुख को कहा कि किशोरी को नियमित रूप से दवा दी जाये और उसके इलाज में कोई भी कठिनाई आती है तो समिति को उससे अवगत करवाया जाये ताकि उस कठिनाई को दूर किया जा सके। समिति ने जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को किशोरी का एसआईआर तीन दिनों में देने का आदेश देते हुए खासतौर से उसके इलाज की व्यवस्था के बारे में रिपोर्ट मांगा है।

### सीडब्ल्यूसी की पहल पर डीसीपीयू ने निश्चय मित्र के तहत लिया गोद

## शहर को अपराध मुक्त बनाने को लेकर सुपौल नगर परिषद गंभीर

**सुपौल।** शहर को अपराध मुक्त बनाने को लेकर सुपौल नगर परिषद गंभीर है। इसको लेकर नगर परिषद ठोस पहल करने जा रहा है। शहर के 50 से अधिक स्थानों पर हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। नगर परिषद के मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा राघव ने बताया कि तत्कालीन सदर एसडीपीओ कुमार इंद्र प्रकाश और एसपी डी अमरकेश ने नगर परिषद से आग्रह किया था कि नगर आवास विभाग में सीसीटीवी लग जाए तो सभी दृष्टिकोण से अच्छा होगा। इसी आग्रह को देखते हुए नगर परिषद बोर्ड की बैठक में शहर में सीसीटीवी लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बताया गया है कि एसपी ने परिषद को आपराधिक गतिविधियों के लिहाज से संवेदनशील 45-50 स्थानों की सूची सौंपी है। जहां तीन और चार एंगल से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

# 'आप अपने परिवार के लिए अनमोल है' आप सुरक्षित आपका परिवार सुरक्षित: मधुसूदन

### गोड्डा नगर थाना प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक नाथुसिंह मीणा के निर्देश पर पर्व त्योहार के मद्देनजर गुरूवार को नगर थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर गोड्डा कॉलेज मोड़, पथरा चौक, रोहतारा टीओपी के पास एवं मॉल के आसपास सहित कई विभिन्न जगहों पर सघन वाहन चैकिंग एवं एन्टी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उक्त सड़को से गुजरने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच की गई। हालांकि जांच के दौरान पुलिस को कोई विशेष सफलता हाथ नहीं लगी है। मौके पर पु0नि0 सह थाना प्रभारी प्रभारी मधुसूदन मोदक ने बाइक चालको से हेलमेट पहनने की अपील करते हुए कहा कि आप अपने परिवार के लिए अनमोल है, आप सुरक्षित तो आपका परिवार सुरक्षित। इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट पहन कर चले, शराब का सेवन कर कोई भी वाहन न चलाये, गाड़ी रोककर मोबाइल का प्रयोग करे। वाहनों को जहाँ तहाँ लगाकर सड़क को जाम की स्थिति उतपन्न न करे। उन्होंने कहा कि आगे भी यह वाहन चेकिंग अभियान लगातार की जाएगी। इस अभियान में उनके साथ पु0अ0नि0 उमेश मोदी, दीपक आदित्या, स0अ0नि0 बलजीत सिंह एवं पुलिस बल के जवान आदि मौजूद थे।

### विधान सभा में दिए गए नीतीश की अभद्र टिपनी का विरोध

# गोड्डा जिला भाजपा महिला सेल ने किया पुतला दहन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज गोड्डा जिला महिला मोर्चा द्वारा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी द्वारा बिहार विधानसभा में अशोभनीय एवं और अमर्यादित बयान देने के कारण श्री नीतीश कुमार जी का पुतला जलाया गया। मुख्यमंत्री बिहार नीतीश कुमार सेक्स एजुकेशन पर बोल रहे थे, अमर्यादित बयान मुख से निकल गया। गोड्डा के कारगिल चौक के पास नीतीश कुमार हाय हाय, नीतीश कुमार गद्दी छोड़ो के नारा लगाया गया और पुतला दहन किया गया। पुतला दहन महिला जिला अध्यक्ष डॉली गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। आज के कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजित सिंह, जिला महामंत्री कृष्ण कन्हैया, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवती, महिला महामंत्री सरिता दुबे, आशीष यादव, रोहित कुमार, बबलू सिंह, सुन्दर मुनी देवी, अनंत नारायण दुबे, पप्पू शर्मा, ममता देवी, ललिता देवी, मधु प्रिया, अंजना, पतीमा कुमारी, उषा कुमारी, संगीता साह आदि उपस्थित थे।

# बाल संरक्षण एवं उसके विकास संबंधी विषयों पर किया गया जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, महागामा एवं मेहरमा में बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न विषयों यथाः- बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल दुर्व्यवहार, बाल शोषण, ड्रापआउट, बाल संरक्षण से संबंधित सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से उन्हें आच्छादित करने संबंधित विषयों पर कार्यक्रम कर जागरूक किया गया। जहां कार्यक्रम की शुरूआत वार्डन द्वारा किया गया इसी क्रम में प्रखंड कार्यालय महागामा व मेहरमा में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के अभिभाषण से किया गया। डीसीपीओ रितेश कुमार ने कहा कि आर्थिक स्थिति से कमजोर वर्ग के लोगों एवं जोखिम परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों पर ध्यान देने की जरूरत है, ताकि वे बाल तस्करी, बाल विवाह जैसी समस्याओं का शिकार ना हो सके। यदि आपके क्षेत्र में अनाथ, परित्यक्त एवं संकटग्रस्त परिस्थितियों में रह रह रहे जरूरतमंद बच्चे हो तो उसके विषय में ग्राम बाल संरक्षण समिति में चर्चा करें एवं विभाग को सूची उपलब्ध करावें ताकि उनकी सहायता की जा सके। संरक्षण पदाधिकारी, ओम प्रकाश ने उपस्थित सभी बच्चों एवं अन्य को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों के पालन पोषण एवं संरक्षण में माता एवं पिता की अहम भूमिका होती है। बच्चे सबसे ज्यादा करीब अपने माता पिता के होते है, अतः उनके साथ दोस्ताना व्यवहार करें। उनकी मनोभावना का सम्मान करें एवं उनके बातों को सुने। उन्हें अच्छे बुरे की पहचान करना सिखाये। बेटा बेटी को समान समझे। उनमे किसी तरह का भेदभाव न करे। श्री प्रकाश ने बेटियों को स्वर्ग की सीढ़ी बताते हुए कहा कि- बेटी है स्वर्ग की सीढ़ी, वह पढ़ेगी तो बढ़ेगी अगली पीढ़ी। उनके द्वारा अनाथ एवं अति जरूरत मंद बच्चो से संबंधित स्पॉन्सरशिप योजना के साथ साथ बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में भी जानकारी दी गई। नेहा सिंह ने सभी को पोक्सो के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही गुड टच बेड टच के बारे में बताया। विकास चंद्र ने उपस्थित लोगों को बताते हुए कहा कि बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल मजदूरी आदि समस्याओं का निराकरण करना हम सभी का उत्तरदायित्व है। इसके लिए जनप्रतिनिधि, प्रशासन, विभाग एवं आमजन सभी को एकसाथ मिलकर काम करने की जरूरत है। जेएसएलपीएस के कर्मवीर जी ने कहा कि विकसित समाज के निर्माण के लिए बच्चों का शिक्षित होना आवश्यक है। बाल संरक्षण से संबंधित समस्याओं पर प्रभावी रूप से कार्य करने के लिए ग्राम स्तर की बाल संरक्षण समिति बनायी गई है। इस कार्यक्रम में डीसीपीओ रितेश कुमार, संरक्षण पदाधिकारी, ओमप्रकाश, विकास चंद्र, चाइल्ड हेल्पलाइन के राजेश जी, नेहा सिंह, कर्मवीर जी, प्रखंड कर्मी एवं 400 के करीब बच्चियां उपस्थित हुई।

एक नजर में

## बीएड कॉलेज के प्राचार्य का घेराव करेंगे छात्र समन्वय समिति

**दुमका।** छात्र समन्वय समिति की बैठक संताल अकादमी में गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति सदस्य छात्र नेता श्यामदेव हेम्ब्रम ने की। बैठक में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिसद (एनसीटीई) से सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के अंगीभूत बीएड कॉलेजों के मानकों को पूरा नहीं होने पर निर्धारित 15 दिनों के अंदर जबाब देने के निर्देश और मान्यता वापस होने की संभावना पर चर्चा हुई। बैठक में निर्धारित समयावधि पर कॉलेज प्रशासन द्वारा जबाब नहीं देने के विरोध में छात्रों ने बीएड कॉलेज के प्राचार्य से वार्ता एवं कार्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया। छात्रों ने संताल परगना प्रमंडल जैसे पिछड़े क्षेत्र में गरीब आदिवासी छात्रों को साजिशन बीएड कॉलेज में ताला लगवाने का मंशा का आरोप विश्वविद्यालय प्रशासन एवं कॉलेज प्रशासन पर लगाया। छात्रों ने बताया कि स्ववित्तपोषित संचालित बीएड कॉलेज के छात्रों के शुल्क से निर्धारित 16 शिक्षकों एवं 5 कर्मचारी समेत कॉलेज का विकास मद की राशि पर्याप्त बताया। इसके बावजूद भी शिक्षक व कर्मचारी की निर्धारित संख्या और छात्रों के मूलभूत सुविधा व्यवस्था नहीं होना विश्वविद्यालय व कॉलेज प्रशासन पर सवाल खड़ा करता है। संताल परगना के छात्रों का भविष्य अंधकारमय होने और बीएड की पढाई से वंचित होने की संभवना पर छात्रों ने नाराजगी जताया। छात्रों ने 10 नवंबर को एसकेएमयू में संचालित अभी अंगीभूत बीएड कॉलेज के प्राचार्य का घेराव का ऐलान किया। बैठक में छात्रनायक राम सोरेन, सुरेश हांसदा, मीनू मरांडी, सोनाली सोरेन, राजीव बास्की, दिनेश टुडू, मुनीलाल यादव, जियाधन हांसदा आदि मौजूद थे।

## प्रवासी सहायता एवं सूचना नेटवर्क हेल्पलाइन नंबर से प्रवासी मजदूरों को सहयोग : जॉन

**दुमका।** जोहार मानव संसाधन विकास केंद्र की ओर से संचलित प्रवासी सहायता एव सूचना नेटवर्क के तहत मसलिया प्रखंड रांगा पंचायत के झिलुवा गांव के ग्रामीणों को सुरक्षित प्रवासन के बारे चर्चा किया गया। इस अवसर पर एमएलडब्लू सुशांत सोरेन ने उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रवासी मजदूरों को प्रवासन पूर्व बुनियादी या तैयारी रखना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि डेस्टिनेशन एरिया में जाने से पूर्व परिवार में सलाह, एजेंट के बारे में विस्तृत जानकारी, डेस्टिनेशन स्टेट का पूरा पता, कार्य अवधि और मजदूरी, जरूरी दस्तावेजों को सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर जोहार के डायरेक्टर जॉन फेलिक्स ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि संताल परगना प्रमंडल में कहीं भी प्रवासी मजदूरों के साथ समस्या होने पर सेंट्रल हेल्पलाइन नंबर, व्हाटपऐस और हब सेंटर से संपर्क करने के लिए निवेदन किया। उन्होंने कहा कि प्रवासी सहायता इव सूचना नेटवर्क देश के 15 राज्यों हैं संकटग्रस्त मजदूरों के साथ नेटवर्क के माध्यम से सहयोग करने की रणनीति है।

## सदन में हाथ जोड़कर तेजस्वी यादव ने गलती के लिए माफी मांगी

**पटना।** बिहार विधानसभा में गुरुवार को बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का एक अलग रूप देखने को मिला। दरअसल बिहार विधानसभा स्थगित होने के बाद जैसे ही दोपहर में फिर से सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो अध्यक्ष के साथ-साथ सदन के अन्य सदस्यों ने तेजस्वी यादव को जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने कहा कि बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को मैं अपने और पूरे सदन की ओर से जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। तेजस्वी यादव अपने कार्य और व्यवहार से राज्य और देश के विकास में अपना योगदान दें। मैं उनके उज्ज्वल भविष्य और दीघार्यु होने की मंगलकामना करता हूं। वहीं विधानसभा अध्यक्ष के बधाई संदेश देते ही तेजस्वी यादव खड़े हो गए और धन्यवाद देने की अनुमति मांगने लगे, जिस पर अध्यक्ष ने उन्हें बोलने की अनुमति दी। इस मौके पर तेजस्वी ने सदन में मौजूद सत्ता पक्ष और विपक्ष सभी सदस्यों को जन्मदिन की बधाई देने के लिए धन्यवाद दिया। तेजस्वी यादव ने कहा कि आप लोग मुझे बतौर गुरु ज्ञान दीजिए और मुझसे कभी कुछ गलती हो जाए तो माफ कर दीजिएगा। तेजस्वी यादव ने हाथ जोड़कर सदस्यों से कहा कि अगर किसी के अंदर कोई न कोई अच्छा गुण होता है। इसलिए आप सभी से मैं कुछ न कुछ सीखना चाहता हूं।

## मक्का बीज पर किसानों को मिलेगी 80 प्रतिशत सब्सिडी

**सुपौल।** राज्य सरकार ने सुपौल जिले में मक्का के उत्पादन को बढ़ाने पर जोर देने की नई पहल की है। इसके लिए गांव-गांव में जाकर किसानों को मक्का की खेती अधिक से अधिक करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत किसानों को 80 प्रतिशत तक अनुदान पर बीज देने की योजना है। इसका लाभ लेने के लिए किसानों को कृषि विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक किसान नवंबर तक आवदेन कर सकते हैं। यह जानकारी जिला कृषि पदाधिकारी अजीत कुमार यादव ने दी। जिले में इस योजना का लाभ लेने के लिए किसान अधिकतम दो हेक्टेयर के लिए 16 किलोग्राम बीज ले सकते हैं। विभाग की ओर से किसानों को 138 रुपए प्रतिकिलो की बीज पर 80 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। डीएओ अजीत कुमार यादवने बताया कि जिले में रबी मक्का बीज अनुदान योजना का लाभ लेने के लिए अब तक कुल 2648 किसानों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। इस साल पहली बार अनुदानित दर पर मक्का उत्पादन के लिए लक्ष्य दिया गया है। जबकि पहले मक्का उत्पादन के लिए जिले में लक्ष्य नहीं दिया जाता था। इस योजना के तहत करीब पांच हजार हेक्टेयर में मक्के की खेती के लिए कुल 400 क्विंटल बीज 80 प्रतिशत अनुदानित दर पर उपलब्ध करया जाएगा। जिले में मक्के की खेती लगातार बढ़ रही है। पिछले साल करीब 15231.5 हेक्टेयर में रबी मक्का की खेती की गई थी। इस बार जिले में 38134 हेक्टेयर में फसल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। डीएओ ने बताया कि तकनीकी रूप से यह प्रमाणित किया गया है कि रबी में गेंहू की खेती से प्रति हेक्टेयर 33 हजार रुपए शुद्ध मुनाफा होता है, तो मक्का की खेती करने पर प्रति हेक्टेयर एक लाख 29 हजार रुपए का शुद्ध लाभ होता है।

## गैस एजेंसी मालिक की पीट-पीटकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**नवादा।** बड़ी खबर बिहार के नवादा से है जहां गैस एजेंसी के मालिक की निर्मम हत्या कर दी गयी है। हत्या की इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है। मामला नेमदारगंज थाना क्षेत्र के तेयार गांव से जुड़ा है जहां गैस एजेंसी के संचालक नंदलाल साव की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। तेयार गांव में नवीन राजश्री भारत गैस एजेंसी के मालिक नंदलाल साव की लोहे के रोड से पीट कर निर्मम हत्या कर दी गई। प्रथम दृष्टिकोण से पूरी तरह से यह घटना हत्या का ही प्रतीत हो रहा है। हत्या की इस घटना के बाद अकबरपुर और नेमदारगंज थाने के पुलिस मौके पर पहुंची, जहां रजौली एसडीपीओ पंकज कुमार के नेतृत्व में शुरूआती अनुसंधान शुरू किया गया। घटना की जानकारी तब हुई जब मृतक के बेटे के द्वारा इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मृतक के बेटे ने बताया कि आमतौर पर वो एजेंसी बंद कर सात से आठ बजे के बीच चले आते थे। उसके बाद अगली सुबह पुलिस को इसकी जानकारी दी गयी। सुबह जब गैस एजेंसी को खोला गया तो गोदाम में ही उनकी लाश मिली, जिससे आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया। पुलिस भी सकते में आ गयी कि इनकी गोदाम में आखिर हत्या कैसे हुई। अनुसंधान के दौरान रजौली एसडीपीओ ने बताया कि उन्हें शुरूआती महत्वपूर्ण साक्ष्य कुछ मिले हैं जिससे हत्यारे को जल्द से जल्द पकड़ लिया जाएगा।